सुप्रभात

रांची, रविवार

13.08.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

आजादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 33 06 झारखंड के पठार से प्रस्फुटित आजादी के स्वर




## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले फिल्म निर्माता प्रकाश झा



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता एवं निर्देशक प्रकाश झा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### आज रांची आयेंगे भाजपा प्रदेश प्रभारी



रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य सभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर आज रविवार को रांची पहुंचेंगे। डॉ वाजपेई 13 अगस्त की सुबह 10 बजे प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। डॉ वाजपेई विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद 14 अगस्त को नई दिल्ली लौटेंगे।

### प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल को किया सम्मानित



रांची। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति में प्रदेश मंत्री डॉक्टर आरिफ नासीर बट ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को शॉल ओढ़ा कर और स्वामी विवेकानंद की प्रति देकर सम्मानित किया। बाबूलाल ने सभी माइनॉरिटी बूथों को मजबूत करने का मंत्र दिया और अल्पसंख्यक भाईयों को भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया और पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने का प्रण लिया। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनवर हयात साहब ने जिले माइनोरिटी के भाइयों को भाजपा का साथ देने का निवेदन किया। मौके पर सोना खान, कमाल खान, शमीम रजा, नय्यर आजम, काजिम कुराशी, लड्डू खान, सुलतान अहमद, सोनू एजाज, रिंकू शेख मौजूद थे।

### झारखंड में अपराध पर केंद्र करे हस्तक्षेप : राजेंद्र



रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने आज बालूमाथ में अपराधियों द्वारा व्यवसाय राजेंद्र साहू को गोली मारे जाने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि झारखंड में कोई सुरक्षित नहीं है। झारखंड पूरी तरह से अपराधियों के हवाले है। उन्होंने कहा कि एदलहातू में जूस दुकानदार और उसके कर्मी को एक दिन पहले ही खुलेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे बेहद गरीब परिवार से आते थे अपने परिवार के पालन पोषण के लिए चतरा से रांची आकर जूस बेचते थे और परिवार का पालन पोषण करते थे। वैसे गरीब लोगों की भी हत्या हो रही है, यह बताता है कि राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय से हस्तक्षेप करने की मांग की है और निर्दोष लोगों की झारखंड में जान माल को सुरक्षित करने की भी मांग की है। उन्होंने गृह मंत्रालय से एक टीम बनाकर झारखंड भेजने का भी आग्रह किया है।

### मानव दिवस सृजन में प्रगति के लिए काम करें अधिकारी : प्रभारी सचिव

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी सचिव चंद्रशेखर ने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मनरेगा अभिषरण के तहत पूर्व में पूर्ण आवासों के लिए मस्टर रॉल जारी करने को कहा है, ताकि आवास निर्माण के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस का सृजन किया जा सके। उन्होंने सभी जिलों के उप विकास आयुक्तों को मनरेगा में मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने का निर्देश दिया है। प्रभारी सचिव ने पत्र लिख कर सभी संबंधित डीडीसी को निर्देशित किया है कि योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर जल्द से जल्द सभी योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में तेजी से कार्य करें। मनरेगा योजना के अंतर्गत सक्रिय मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का भी उन्होंने संबंधित अधिकारियां को निर्देश दिया है। उन्होंने पूर्व की लंबित योजनों का अवलोकन कर प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पूर्ण कराने का निर्देश दिया है।

## राज्य के पुलिस महानिदेशक ने जारी किया आदेश

# झारखंड गठन के बाद सीआइडी के पास अब होगा अपना थाना, स्वतंत्र रूप से करेगी काम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड में अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) का अपना थाना होगा। सीआइडी अब गंभीर व चर्चित मुददे को इसी थाने से निपटायेगी। थाने में डीएसपी या इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी को थाना प्रभारी बनाया जायेगा। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया है। सीआइडी का नया थाना रांची में डोरंडा स्थित सीआइडी कार्यालय में खुलेगा। जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

गौरतलब हो कि राज्य को बने हुए 23 साल हो गए, लेकिन सीआइडी का अपना कोई थाना या भवन नहीं था। न ही सीआइडी को सीधे तौर पर प्राथमिकी दर्ज करने का अधिकार था। अपराध के गंभीर, चर्चित और पेंचिदा केस सीआइडी को मिलता था। सीआइडी उसकी ही जांच करती थी। सीआइडी का अपना थाना होने पर सीधे एफआइआर दर्ज किया जा सकेगा।

### गंभीर आपराधिक मामलों की सीआइडी करती है जांच




झारखंड पुलिस की सीआइडी टीम अपराध के गंभीर मामलों की जांच करती है। इसके लिए विशेष तौर पर ऐसे मामलों को सीआइडी के सुपूर्द कर दिया जाता है। सीआइडी का एक ही थाना अब पूरे झारखंड के मामले दर्ज कर सकेगा। इससे केस दर्ज करने और जांच की प्रक्रिया में बदलाव आएगा। फिलहाल सीआइडी राज्य के किसी थाने में दर्ज एफआईआर को टेकओवर कर, दर्ज केस और डायरी के आधार पर जांच करती थी। इसके अलावे पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग के निर्देश पर भी सीआइडी किसी केस का अनुसंधान करती है।

## झारखंड को अगले साल मिलेंगे ग्यारह आइएएस अधिकारी

**झाप्रसे के 11 अधिकारियों को मिलेगी प्रोन्नति, 33 की सूची लेकर दिल्ली गये अफसर**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रमोशन मिलेगा। यूपीएससी की ओर से भेजी गयी रिक्तियों के विरूद्ध झारखंड सरकार ने अधिकारियों की सूची तैयार की है, इनमें 33 अफसरों के नाम अंतिम रूप से फाइनल किया गया है। नियमों के अनुसार एक पद के लिए तीन अधिकारियों के नामों पर विचार होता है। इस तरह 33 अधिकारियों की सूची तैयार हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में चयनित अधिकारियों की सूची की स्वीकृति दे दी गयी है।

कार्मिक विभाग के अफसर इन सूची को लेकर नई दिल्ली रवाना हो गये हैं। इस सूची को वहां कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार और यूपीएससी बोर्ड के समक्ष फोल्डर को रखा जायेगा। प्रमोशन देने के लिए यूपीएससी अलग से तिथि निर्धारित करेगा। किसी तरह की कोई जानकारी के लिए बोर्ड राज्य सरकार से इस पर मंतव्य मांगेगा। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इसमें वक्त लगेगा। जनवरी 2024 तक इस पर फैसला हो जायेगा।

## मेडिकल उपकरण खरीद घोटाला मामला

# पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही की याचिका हाइकोर्ट में खारिज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण खरीद मामले में आरोपी पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद भानु प्रताप शाही की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि क्रिमिनल रिवीजन के लिए याचिका में स्पष्ट ग्राउंड नहीं है। कोर्ट ने प्रार्थी को छूट दी कि वह ट्रायल के दौरान अपनी बातों को अदालत में रख सकता है।

बता दें कि भानु प्रताप शाही ने निचली अदालत द्वारा इस मामले में डिस्चार्ज पिटिशन खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। वर्ष 2017 में निचली अदालत ने उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। मामले को लेकर सीबीआई ने कांड संख्या संख्या आरसी 11/2009 दर्ज किया था।


दरअसल, केंद्र सरकार की स्कीम मेडिकल हेल्थ मिशन के तहत वर्ष 2008- 2009 में अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण की खरीद हुई थी। इस मामले में पैसे लेने का आरोप भानु प्रताप शाही पर लगा है।

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से पूछा

# 7 से 10वीं सिविल सेवा परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षित बचे शेष 4 सीटों का क्या हुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। सातवीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षित 7 सीटों में से 4 सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरने के खिलाफ दाखिल सदानंद कुमार एवं अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एस.एन. पाठक की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार एवं जीपीएससी से पूछा है कि दिव्यांगों के लिए आरक्षित 7 सीटों में से शेष बचे 4 सीटों का क्या हुआ? कोर्ट ने इस बिंदु पर जेपीएससी और राज्य सरकार को स्पेसिफिक जवाब मांगा



है। मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी।

प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सातवीं से दसवीं जेपीएससी परीक्षा में जो मेरिट लिस्ट आया उसमें से दिव्यांगों के लिए आरक्षित 7 सीटों में से 3 सीटों को ही भरा गया। बाकी 4 सीटों को जनरल जेनरल कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरा गया, जो राज्य सरकार के नियमावली के विरुद्ध है। नियमावली के अनुसार यह सभी 7 सीटें दिव्यांगों अभ्यर्थियों से भरी जानी चाहिए थी। अगर एलिजिबल अभ्यर्थी नहीं मिलते तो दिव्यांगों की आरक्षित बची सीट को अगले साल के लिए कैरी- फॉरवर्ड किया जाना चाहिए था। लेकिन जेपीएससी ने ऐसा नहीं किया।

**क्या है याचिका में :** याचिका में कहा गया है कि जेपीएससी द्वारा दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीट को दिव्यांग कोटे से ही भरा जाए। अगर यह संभव नहीं हो तो इस सीट को अगले साल कैरी फॉरवर्ड किया जाए। दिव्यांग कोटे की सीट खाली रहने के बाद उसे अन्य कैटेगरी के अभ्यर्थियों से नहीं भरा जाए।

### दूसरी झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस 18 से जमशेदपुर में

रांची। द्वितीय झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 18 अगस्त से जमशेदपुर में होगी। झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के सचिव समरजीत सिंह ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में होने वाली यह प्रतियोगिता जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में होगी। जिसमें अंडर 11 अंडर 13, 15, 17 और 19 आयु ग्रुप के अलावा सीनियर व महिला और पुरुष वर्ग के भी स्पर्द्धाएं होंगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि आगामी 14 अगस्त निर्धारित है। अंडर 11 से 15 आयु वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 200, 17 और अंडर -19 आयु वर्ग के लिए 300 और सीनियर के लिए 500 प्रविष्टि फीस रखी गई है।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यसमिति की बैठक में बनी रणनीति

# पसमांदा मुस्लिम समाज को विकास से जोड़ेगी भाजपा : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से हर घर तिरंगा कार्यक्रम और पसमांदा मुसलमानों को पार्टी से जोड़ने को लेकर रणनीति बनी। बैठक को संबोधित करते हुए हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आजादी के बाद से पसमांदा मुस्लिम समाज विकास मामले में बहुत पिछड़ा है, जिसे विकास से जोड़ने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी गंभीर हैं। पसमांदा समाज के विकास के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया जा रहा है। झारखंड में भी भाजपा की ही सरकार पसमांदा मुसलमानों का विकास कर सकती है।




अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में बाबूलाल व अन्य।

### अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता लेंगे हिस्सा

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। हर घर में तिरंगा लगे, इसे लेकर सभी जिला अध्यक्ष अपने-अपने जिला में मोटरसाइकिल रैली निकालकर देशभक्ति का वातावरण बनाने का कार्य करें। हयात ने कहा कि मोर्चा पसमांदा मुस्लिम समाज के लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर काम करेगा। बैठक में मोर्चा के प्रभारी सोना खाना, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान, तारिक इमरान कुरैशी, सोनी तबस्सुम, फरहाना खातून समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# अटल पेंशन योजना में राज्य में हुए 15,68,162 नामांकन

**रांची सबसे अव्वल, 175148 लोगों का नामांकन, सिमडेगा में सिर्फ 21134 नामांकित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ भागवत कराड ने लोकसभा में बताया कि अटल पेंशन योजना न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों के लिए है, ताकि 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर इन्हें पेंशन का लाभ दिया जा सके। इसके तहत 1000 रुपये, 2000 रुपये, 3000 रुपये, 4000 रुपये और 5000 रुपये प्रति माह तक की गारंटी पेंशन प्रदान करने का प्रावधान है। इसकी राशि 42 रुपये से लेकर 1454 रुपये प्रति महीने निर्धारित की गई है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ के अतारांकित प्रश्न के दौरान दी।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अटल पेंशन योजना के तहत देशभर में 5



करोड़ 33 लाख 38482 लोग निबंधित हुए हैं। इसमें झारखंड के 1568162 लोग शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह पेंशन योजना 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद जीवन में एक निश्चितंता की गारंटी देने वाली है।

झारखंड के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड में इस पेंशन योजना के तहत सबसे अधिक लोग राजधानी रांची से नामांकित हुए हैं। राजधानी रांची से नामांकित होने वालों की संख्या 175148 है, जबकि दूसरे नंबर पर जमशेदपुर है, जहां 110975 लोग नामांकित हुए हैं। इस योजना से सबसे कम सिमडेगा जिले में नामांकित हुए हैं। सिमडेगा जिले में सिर्फ 21134 लोगों ने इस योजना के तहत अपना नामांकन कराया है।

# विधेयक पास होते ही चुनाव आयोग की स्वायत्तता पर पड़ेगा असर : आभा सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा है कि केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यकाल को विनियमित करने के लिए राज्यसभा में जो विधेयक पेश किया है, अगर यह बिल कानून बन गया तो इससे चुनाव आयोग की स्वायत्तता पर असर पड़ेगा। लोकतंत्र के लिए चुनाव आयोग का निष्पक्ष



रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा है कि विधेयक में प्रस्ताव है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के पैनल की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी, जो देशहित में नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर यह बिल कानून बन गया तो चुनाव आयोग स्वतंत्र न होकर सरकारी चुनाव आयोग बन जाएगा। कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने साफ कहा है कि अगर चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं होगा तो देश में लोकतंत्र नहीं रह सकता। इसलिए, मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया गया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश, प्रधान मंत्री और विपक्ष के नेता शामिल थे, ताकि संतुलन बना रहे।

## निजी मोबाइल से हाजिरी बनाने का बहिष्कार, ई-विद्यावाहिनी की खामियां दूर करने का आग्रह

# झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का ऐलान, विभाग से टैब मिलने के बाद ही बायोमीट्रिक हाजिरी बनायेंगे शिक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने बायोमैट्रिक हाजिरी बनाने को लेकर बड़ा ऐलान किया है। मोर्चा ने कहा है कि विभाग से टैब मिलने के बाद ही शिक्षक बायोमैट्रिक हाजिरी बनाएंगे। निजी मोबाइल से हाजिरी बनाने का बहिष्कार किया जाएगा। मोर्चा ने ई-विद्यावाहिनी के नये वर्जन की खामियों को दूर करने की मांग भी की है। मोर्चा ने शिक्षा सचिव के निर्गत पत्र के आधार पर मीडिया में प्रमुखता से ई-विद्यावाहिनी एप में छेड़छाड़ और हाजिरी बनाने में फर्जीवाड़ा संबंधी खबर पर चिंता जताई।

मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद एवं प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने पूछा कि आखिर किस परिस्थिति में शिक्षकों को निजी मोबाइल से बायोमिट्रिक उपस्थिति बनाने के नाम पर नित नये-नये प्रयोग शिक्षा विभाग कर रहा है।

मोर्चा के पदधारियों ने कहा कि हाल में जारी नये ई विद्यावाहिनी एप 2. 2. 6 में मैनुअल उपस्थिति बनाने के विकल्प को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसमें लोकेशन, समय एवं तिथि को नहीं बदला जा सकता है। ऐसे स्थिति में विद्यालयों में बगैर टैब उपलब्ध कराये शिक्षकों पर दोषा रोपण करना कहीं से भी उचित नहीं है। मोर्चा ने कहा कि मीडिया के माध्यम से शिक्षकों की छवि को जिस नजरिये से पेश किया जा रहा है, यह सच्चाई से परे है। पदधारियों ने कहा कि विगत दो माह पूर्व मोर्चा द्वारा विभाग को इस संबंध में लीगल नोटिस के माध्यम से वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया था। बावजूद इसके विभाग द्वारा अभी तक संज्ञान नहीं लिया जाना और शिक्षकों पर दोषारोपण करना विभाग के तानाशाही रवैया को दर्शाता है। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने झारखंड सरकार के आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति नियमावली-2015 का अक्षरशः पालन करने की मांग की। राज्य के अन्य विभागों की तरह टैब या बायोमैट्रिक मशीन उपलब्ध कराने के पश्चात ही इसे लागू करने की मांग की।



झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के पदधारी।

### ये है परेशानी

- विद्यालय परिसर से हाजिरी बनाने पर भी 100 मीटर दूर से हाजिरी बनने का रिकॉर्ड दर्ज होता है।
- समय पर विद्यालय आने के बावजूद भी निजी मोबाईल से हाजिरी बनाने एवं सिंक्रोनाइज करने में घंटों बीत जाते हैं।
- कई शिक्षकों के निजी मोबाईल में उपलब्ध स्कैनर से हाजिरी नहीं बन पाती है।
- शिक्षकों के पास मोबाईल नहीं होने अथवा खराब हो जाने की स्थिति में उनके विद्यालय आकर भी अनुपस्थित बताया जाता है।
- स्कैनर के खराब होने पर भी बायो मैट्रिक उपस्थिति बनाने पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

# 23 साल में 543 जवान शहीद 1362 नक्सल एनकाउंटर हुए

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड में 23 साल में 543 जवानों ने अपनी शहादत दी। जबकि 1362 नक्सली एनकाउंटर हुए हैं। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी, पीएलएफआई, टीपीसी और जेजेएमपी कमजोर पड़ गये हैं। नक्सली प्रभाव वाले कई इलाकों में पुलिस की ओर से लगातार चलाए गए अभियान की वजह से ऐसा संभव हुआ है। झारखंड पुलिस के अनुसार, राज्य में अब मात्र 300 माओवादी बचे हुए हैं। 250 पर इनाम घोषित है। 30 पर इनाम घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है। बचे 300 माओवादियों के खात्मे के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बल लगे हुए हैं। इनमें सीआरपीएफ की 122, आईआरबी की 5 और झारखंड जगुआर की 40 कंपनी फोर्स लगी हुई है।

### जनवरी 2019 से अब तक राज्य में 100 मुठभेड़, भारी पड़ी पुलिस, 200 गिरफ्तार

जनवरी 2019 से अबतक झारखंड में 100 से अधिक मुठभेड़ हुए, लेकिन हमेशा पुलिस ही नक्सलियों पर भारी रही। 200 से अधिक नक्सलियों को पुलिस ने या तो गिरफ्तार किया या सरेंडर कर दिया। वर्ष 2010 के बाद पुलिस आक्रामक दिख रही है। झारखंड और छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के कोर ग्रुप तक पहुंचने में मिली कामयाबी के बाद सुरक्षा बलों के हौसले बुलंद हैं। वहीं 2018 में करीब 160 नक्सलियों को सुरक्षा बल के जवानों ने मार गिराया था। वहीं 1200 नक्सली गिरफ्तार हुए। 360 ने हथियार डाल दिया। नक्सली हिंसा में 30 से 40 फीसदी तक कमी आई है।

### नक्सलियों के कोड वर्ड पकड़ने से सुरक्षा बलों को मिलती गयी सफलता

स्थानीय खुफिया इनपुट की मदद से नक्सलियों के खिलाफ अभियान की सफलता का प्रतिशत बढ़ गया है। नक्सलियों के कोड वर्ड और उनकी लोकल भाषा को समझने की वजह से जवानों को काउंटर रणनीति में सफलता मिल रही है। नक्सलियों द्वारा छुपाए गए डेटोनेटर और विस्फोटक भारी मात्रा में बरामद हुए हैं। पुलिस पर हमले के लिए लगाए गए 250 आईईडी को भी विस्फोट से पहले ही निष्क्रिय करने में जवानों को सफलता मिली है। पुलिस का दावा है कि लगातार चलाए जा रहे अभियान से नक्सलियों को जान बचाने के लिए नए ठिकानों की तलाश में इधर-उधर भागना पड़ रहा है।

### कार्रवाई में 900 नक्सली मारे गये

23 साल में 1362 नक्सली हमले और घटनाओं में अब तक 543 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं, वहीं पुलिसिया कार्रवाई में लगभग 900 नक्सली मारे गए हैं।

### सरायकेला-खरसावां में कई बड़े नक्सली

सरायकेला के कुचाई इलाके में पिछले चार महीने से कई बड़े माओवादी नेता कैंप कर रहे हैं। झारखंड पुलिस के खुफिया विभाग को जो सूचनाएं मिली हैं, उसके मुताबिक एक करोड़ का इनामी माओवादी और पोलित ब्यूरो मेंबर प्रशांत बोस भी सरायकेला में सक्रिय था। पतिराम मांझी उर्फ अनल दा, महाराज प्रमाणिक, अमित मुंडा समेत 200 लोकल नक्सली सरायकेला-खरसावां में जमे हुए हैं। जिसमें मिसिर बेसरा का दस्ता बेहद सक्रिय है।

> पुलिस नक्सलियों को उनके मांद में घुस कर मार रही है। जल्द से झारखंड से नक्सलियों को सफाया कर दिया जायेगा। लगातार नक्सली हमले के बावजूद हमारे जवान नक्सलियों के बंकरों को नष्ट करने में सफल हो रहे हैं।
>
> **अमोल वेणुकांत होमकर**
> **आइजी सह प्रवक्ता**
> **झारखंड पुलिस**

सुप्रभात
रांची, रविवार
13.08.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

आजादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 33
06 झारखंड के पठार से प्रस्फुटित आजादी के स्वर

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### भारत ने 9 विकेट से जीता चौथा टी-20

**फ्लोरिडा।** यशस्वी जायसवाल और गिल के तूफानी पारी भारत ने मेजवान वेस्टइंडीज को चौथे टी20 में 9 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली है। पहले बल्लेबाजी कर वेस्टइंडीज 20 ओवर में 8 विकेट पर 178 रन बनाये। भारत ने 17वें ओवर में ही एक विकेट पर जीत हासिल कर लिया। जायसवाल ने 51 गेंद में 11 चौके और 3 छक्के की मदद से 84 रनों की नाबाद पारी खेली। शुभमन गिल ने भी 5 छक्के और 3 चौके से तूफानी 77 रन बनाये।

### यशोदा हो सकती हैं डुमरी से एनडीए की प्रत्याशी

**रांची।** डुमरी विधानसभा उप-चुनाव में एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी होंगी। रविवार सुबह आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में पार्टी कोर कमेटी की बैठक के बाद आजसू प्रत्याशी के रूप में यशोदा देवी के नाम की घोषणा की जायेगी। यशोदा देवी, दिवंगत आजसू नेता दामोदर महतो की पत्नी हैं।

### घर में बेहोश मिले एक ही परिवार के चार लोग

**सरायकेला।** जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज के पास किराये के मकान में रह रहा रमेश हांसदा और उसके परिवार के तीन सदस्य बेहोश पाये गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को तत्काल सदर अस्पताल भेजा, जहां रमेश और पुत्री प्रिया को गंभीर देखते हुए टीएमएच भेज दिया गया।

### राष्ट्रपति ने दी डीपीडीपी विधेयक-2023 को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डिजिटल निजी डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) विधेयक-2023 को संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद शनिवार को मंजूरी दे दी। यह विधेयक 09 को राज्यसभा और लोकसभा से 07 को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था।

### अनवर उल हक बने पाक के कार्यवाहक पीएम

**कराची।** सीनेट सदस्य अनवर-उल-हक काकड़ को पाकिस्तान में आगामी आम चुनाव होने तक शनिवार को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

### पूर्व मंत्री भानु प्रताप की याचिका खारिज

**रांची।** हाइकोर्ट में अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण खरीद मामले में आरोपित पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने शनिवार को सभी पक्षों को सुनने के बाद भानु प्रताप शाही की याचिका को खारिज कर दिया।

### करमाटांड़ से तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार, जेल

**जामताड़ा।** साइबर पुलिस ने छापामारी कर करमाटांड़ थाना क्षेत्र से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साइबर डीएसपी मजदरूल होदा ने बताया कि अपराधियों का यह गिरोह लिंक भेज कर बैंक खाते से पैसा गायब कर देता था।

### शादी से मुकरने पर प्रेमी की हत्या, आरोपी धराया

**रांची।** बेड़ो थाना के लमकाना में परिवार के साथ होटल चलाने वाली प्रिया कुमारी (19) की उसके प्रेमी शिव उरांव ने चाकू से गला रेत कर मार डाला। दोनों तीन साल से प्रेम संबंध में थे। अब युवक युवती पर शादी के लिए दबाव डाल रहा था, जिसका वह विरोध करती थी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

# अमरनाथ की सुरक्षा में झारखंड का लाल शहीद

## गिरिडीह के देवरी ढेंगाडीह गांव के निवासी थे अजय, सीएम हेमंत सोरेन ने कहा- देश आपका ऋणी रहेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/ गिरिडीह।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में ड्यूटी पर तैनात झारखंड का एक लाल गिरिडीह के अजय कुमार जवान शहीद हो गये हैं। सीआरपीएफ जवान अजय कुमार देवरी थाना इलाके के ढेंगाडीह के रहने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की अहले सुबह पुलवामा के अवंतिपुरा के पास अजय तैनात थे। उनकी ड्यूटी अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में लगी थी।

शनिवार की सुबह वे मोर्चा पर संतरी की ड्यूटी कर रहे थे। इसी बीच लगभग 2 बजे में आतंकियों ने अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। अजय को गोली लगी और वे वहीं शहीद हो गये। झारखंड के अपने लाल की शहादत पर सीएम हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। साथ ही कहा कि झारखंड का लाल देश और अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा में अपनी जान की परवाह तक नहीं की। उनकी शहादत पर हम सबको गर्व है।

**शनिवार को घर आने वाला था अजय :** परिजनों ने बताया कि शनिवार को अजय हवाई मार्ग से गिरिडीह अपने घर आने वाले थे। उनका हवाई टिकट भी बुक हो चुका था। शुक्रवार की रात को उसने अपनी पत्नी से भी बात की थी और यह बताया था कि वह आज घर आयेंगे।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अजय कुमार की शहादत पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया है। झारखंड के लाल के शहीद ने होने पर हेमंत सोरेन ने अपने ट्विटर पर लिखा 'जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में झारखंड की माटी के लाल, गिरिडीह के ढेंगाडीह गांव से सीआरपीएफ जवान अजय कुमार राय जी के शहीद होने की खबर से मन अत्यंत दु:खी है। परमात्मा दिवंगत अमर वीर शहीद अजय जी की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। ॐ शांति। यह देश सदा आपका ऋणी रहेगा।



### 2016 में सीआरपीएफ में गये थे

जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में अजय कुमार राय ने सीआरपीएफ में योगदान दिया था। अभी हाल में वे एफ/112 बटालियन में थे। सीआरपीएफ की ओर से शहादत की सूचना जब परिजनों को को मिली तो रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। अजय का परिवार गिरिडीह के पटेल नगर में किराये के मकान में रहता है। यहां पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। शहीद के पैतृक गांव में भी लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शहीद अजय कुमार के पिता राजू राय व पत्नी स्वाति लगातार रो रही हैं। परिजनों ने बताया कि अजय में देशप्रेम का जज्बा बचपन से ही था। सुबह उन्हें सूचना मिली कि आतंकियों की गोली से वह शहीद हो गये।

# बालूमाथ में भाजपा नेता को मारी गोली, स्थिति नाजुक

## रांची मेडिका में भर्ती, कई बड़े नेता पहुंचे

- ओबीसी के कद्दावर नेता के रूप में भी है पहचान
- बालूमाथ के साथ खलारी और पिपरवार में भी चलता है कोयला का व्यवसाय

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार/बालूमाथ।** भाजपा नेता, लातेहार के कोयला व्यवसायी, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह राजेंद्र प्रसाद साहू को अपराधियों ने बालूमाथ में दिनदहाड़े गोली मार दी। उनके सीने के पास, जांघ में और एक हाथ में गोली लगी है। घायल राजेंद्र प्रसाद साहू को स्थानीय लोग पहले आनन-फानन में बालूमाथ सीएचसी ले गये। डॉक्टरों ने वहां प्राथमिक उपचार किया। उनकी नाजुक स्थिति को देखते रांची के मेडिका अस्पताल ले जाया गया।



**लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं :** श्री साहू 2019 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चतरा से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष भी रहे हैं। हर समाज में उनकी पैठ है। बालूमाथ के साथ-साथ खलारी व पिपरवार में भी उनका कोयला का व्यवसाय चलता है। उनकी पहचान भाजपा नेता के साथ-साथ ओबीसी समाज के कद्दावर नेता के रूप में भी की जाती है।

### कैसे हुई वारदात

बताया जाता है कि आरपी साहू बालूमाथ के पुराने कस्तुरबा आवासीय विद्यालय के समीप स्थित कार्यालय से अपने स्कूटी पर सवार होकर घर की ओर जा रहे थे। अपाची बाइक से दो अपराधी उनका पीछा कर रहे थे। स्कूटी से उतरकर जैसे हीं वह पुछताछ के लिए मुड़े अपाची बाइक पर सवार अपराधी भागने लगे। उन्होंने स्कूटी से हीं अपराधियों का पीछा इसी दौरान अपराधियों ने उन पर ताबड़तोल गोलियां चलानी शुरू कर दी। गोलीबारी कर अपराधी अपाची बाइक को छोड़कर भाग निकले।

### मेडिका में जुटे कई भाजपा नेता

गंभीर अवस्था में मेडिका अस्पताल पहुंचने की सूचना के बाद राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू मेडिका पहुंचे। उन्होंने परिजनो से मिलकर उनकी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है।

## सीएम आवास में आइएनडीआइए की बैठक, डुमरी जीतने की बनी रणनीति

# एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से हराने का दावा

- शानदार जीत के साथ दिवंगत जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि देने की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री आवास पर शनिवार को डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर आइएनडीआइए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलाइंस) गठबंधन दलों की बैठक में सभी दलों ने एक सुर में दावा किया कि उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी को एक लाख से भी अधिक मतों से हरायेंगे। डुमरी में शानदार जीत ही दिवंगत जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बैठक की अध्यक्षता झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। उन्होंने सभी नेताओं से कहा कि वे हर बूथ को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करें।



मुख्यमंत्री आवास पर चुनाव की रणनीति बनाते सीएम व अन्य।

बैठक में सीएम के साथ महागठबंधन के कई नेता और मंत्री शामिल हुए। बैठक में यह सहमति बनीं कि नये महागंठबंधन के गठन के बाद डुमरी में पहली बार एनडीए से चुनावी मुकाबला होने जा रहा है। ऐसे में नये गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक पार्टियां एकजुट होकर डुमरी में एनडीए को एक लाख से ज्यादा मतों से पराजित करने का काम करेंगे।

**ओवैसी फैक्टर काम नहीं करेगा : आलम-** बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि मांडर विधानसभा उपचुनाव की तरह डुमरी में भी ओवैसी फैक्टर कोई काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पूछताछ के लिए सीएम को मिले ईडी के समन पर बैठक में कोई चर्चा नहीं हुई।

(शेष पेज 11 पर)

### हर बूथ को करें मजबूत : मुख्यमंत्री

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 5 सितंबर को वोटिंग है। महागंठबंधन की ओर से झामुमो प्रत्याशी मंत्री बेबी देवी लड़ रही हैं। उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए नये गंठबंधन में शामिल सभी सहयोगी दलों के नाता बूथ स्तर तक सघन जनसंपर्क अभियान में जुट जायें। बूथों पर अपनी मजबूत उपस्थिति से हम जीत को और पक्की करेंगे। सीएम ने दलों के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सरकार की उपलब्धियों और डुमरी विधानसभा क्षेत्र में दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो के कार्यों से जनता को अवगत करायें। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचायें। साथ ही विपक्ष की साजिशों से मतदाताओं को अवगत करायें। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल कर विपक्ष को करारा जवाब देना है।

# शुभांशु जैन समेत दो अधिकारी को गृह मंत्री पदक

- मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इंवेस्टिगेशन अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सिटी एसपी शुभांशु जैन और प्रमोद कुमार सिन्हा को होम मिनिस्टर मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इन्वेस्टिगेशन के लिए चुना गया। प्रमोद कुमार सिन्हा इंस्पेक्टर हैं, जबकि शुभांशु जैन अभी रांची के सिटी एसपी हैं। गृह मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गयी। केस के बेहतर अनुसंधान के लिए इस साल देशभर के 140 पुलिस अफसरों को गृह मंत्री मेडल के लिए चुना गया है। इसमें झारखंड के दोनों जांबाज पुलिस अफसर शामिल हैं। हर साल 12 अगस्त को पुरस्कार की घोषणा की जाती है। स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को यह मेडल प्रदान किया जाता है। (शेष पेज 11 पर)

### ऋषभ झा सहित आठ को राष्ट्रपति पुलिस पदक



शुभांशु जैन, साकेत सिंह, ऋषभ शुक्ला और अनुराग राज।

झारखंड के 8 पुलिस अधिकारियों को वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक देने की घोषणा की गयी है। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में सीएम हेमंत सोरेन उन्हें वीरता पदक सौपेंगे। इनमें आइपीएस ऋषभ कुमार झा, खूंटी के पूर्व एएसपी (अभियान) अनुराग राज, गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, एसीबी में पदस्थापित इंस्पेक्टर सुरेश राम, हजारीबाग जिला में पदस्थापित रोहित कुमार रजक, हीरालाल ठाकुर, अनिरुद्ध कुमार ओझा, यशवंत महतो का नाम शामिल है। अनुराग राज अपने पैतृक संगठन मे लौट गये है। यह वीरता पदक खूंटी के रनिया में पीएलएफआइ के सुप्रीमो दिनेश गोप के बॉडीगार्ड विक्रम टोपनो को मुठभेड़ में मार गिराने के लिए दिया गया है। एटीएस में पदस्थापित पारसनाथ ओझा को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जायेगा।

# भारत ने जीती एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

## फाइनल में मलेशिया को 4-3 से हराया, चौथी बार जीता खिताब

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय टीम ने एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का खिताब जीत लिया है। फाइनल में मलेशिया को 4-3 से हरा भारत ने चौथी बार खिताब पर कब्जा जमाया। एक समय मलेशिया के पास 3-1 की बढ़त थी, लेकिन भारत ने दमदार वापसी करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही भारत सबसे ज्यादा बार इस टूर्नामेंट को जीतने वाला देश भी बन गया है। दूसरे नंबर पर पाकिस्तान (3) है।

शनिवार को फाइनल मुकाबले में एक समय भारत दो गोल से पीछे थे। दूसरे हाफ तक मलेशिया की टीम 3-1 से आगे थी। खेल में पिछड़ने के बाद भारत ने जोरदार वापसी की और मलेशिया को 4-3 से हरा दिया। टीम लगातार अटैक कर रही थी लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। पर 56वें मिनट में आकाशदीप सिंह ने टीम के लिए चौथा और निर्णायक गोल किया। इससे पहले मलेशिया ने दो पेनल्टी कॉर्नर बचाया था। तीसरे क्वार्टर के अंत में कुछ सेकंड के भीतर ही भारत की तरफ पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया।



इसके ठीक बाद गुरजंत सिंह ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया था। भारत की तरफ से पहला गोल 9वें मिनट में पेनल्टी से जुगराज सिंह ने दागा। मलेशिया की ओर से तीसरा गोल दूसरे क्वार्टर के 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से किया। मैच की शुरुआत से ही मलेशिया ने भारत का दबाव बनाकर रखा है। टीम ने दूसरे क्वार्टर के 17वें मिनट में अपना दूसरा गोल कर दिया। राजी रहीम ने पेनल्टी कॉर्नर पर मलेशिया के लिए यह गोल किया।

## जी-20 के सदस्य देशों से पीएम मोदी का आह्वान

# आर्थिक अपराधियों पर कार्रवाई में सहयोग बढ़ायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने जी-20 देशों से शनिवार को आह्वान किया कि वे भ्रष्टाचार करके विदेश भागने वाले आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई, उनके प्रत्यर्पण और देश विदेश में उनकी संपत्ति की जब्ती सुनिश्चित करने के लिए सहयोग बढ़ाने के उपाय करें। पीएम मोदी ने कोलकाता में आयोजित जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया। उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शहर, कोलकाता में गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक वास्तविक तरीके से हो रही है। टैगोर के लेखन का जिक्र करते हुए, पीएम ने लालच के प्रति आगाह करते हुए कहा कि यह हमें सच्चाई का अनुभव करने से रोकता है। उन्होंने प्राचीन भारतीय उपनिषदों का भी उल्लेख किया, जो 'मा गृधा' का संदेश देते हैं, जिसका अर्थ कोई लालच न हो है। (शेष पेज 11 पर)

### भ्रष्टाचार की मार गरीबों पर सर्वाधिक



पीएम मोदी ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीबों और हाशिये पर रहने वाले लोगों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह संसाधनों के उपयोग को प्रभावित करता है, बाजारों को विकृत करता है, सेवा वितरण पर असर डालता है और अंत में लोगों के जीवन की गुणवत्ता को कम करता है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत सख्त

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीति है। उन्होंने कहा कि भारत एक पारदर्शी और जवाबदेह इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रौद्योगिकी तथा ई-गवर्नेंस का लाभ उठा रहा है। उन्होंने इसका उल्लेख किया कि कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं में गड़बड़ियों एवं कमियों को दूर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप भारत में करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिए उनके बैंक खातों में 360 अरब डॉलर से अधिक की राशि प्राप्त हुई है और 33 अरब डॉलर से अधिक की राशि बचाने में मदद मिली है। उन्होंने सरकारी सेवाओं के स्वचालन एवं डिजिटलीकरण का उदाहरण दिया जिससे रिश्वत की मांग करने के मौके खत्म हो गये हैं।

# पीटीआर में बन रहा हाथियों का जेनेटिक प्रोफाइल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर), बेतला नेशनल पार्क में वर्ल्ड एलिफैंट डे के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान हांथियों को स्कूल के बच्चों ने केला समेत कई फल खिलाये। कार्यक्रम में उनके व्यवहार के बारे में मौजूदा लोगों जानकारी दी गयी। उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि हाथियों का जेनेटिक प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है। उससे हमें उनके नस्ल के बारे में पता, फिर बाहर के हांथियों से उनकी ब्रीडिंग करायी जायेगी। हर साल 12 को वर्ल्ड एलीफैंट डे मनाया जाता है, इस दिन हांथियों के हालात को लेकर पूरे देश में चर्चा चल रही है। पीटीआर में एलीफैंट का जेनेटिकल प्रोफाइल तैयार करने, डीएनए की सैंपलिंग की शुरुआत प्रैल महीने से हुई थी। जिसमें पूरे देश भर के टाइगर रिजर्व इलाकों में काम किया गया है। पलामू टाइगर रिजर्व देश भर के टाइगर रिजर्व में सार्वधिक हांथियों की संख्या वाला है। अप्रैल से लेकर जुलाई के अंतिम सप्ताह तक 168 हांथियों की जेनेटिकल प्रोफाइल को तैयार किया गया है। पीटीआर के इलाके में करीब 190 हाथी मौजूद हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# पासवा झारखंड में 1000 प्री स्कूल की करेगा स्थापना : सैयद शमायल

**पूरे भारत में पासवा ने 25 हजार प्री स्कूल खोलने का रखा है लक्ष्य**

## आदिवासी बच्चों के उत्थान को लेकर गंभीर, बच्चों को शिक्षित बनाने की अपील




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आदिवासी समाज हमारी मानव सभ्यता, संस्कृति, मानवता के रक्षक और पोषक हैं। निश्छल और निर्मल स्वभाव के लिए आदिवासी जाने जाते हैं। उक्त बातें पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने शानिवार को न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी कांके में आदिवासी महोत्सव के समापन समारोह में कही। उन्होंने कहा आदिवासियों का बहुत पुराना इतिहास रहा है। 1947 में जब देश आजाद हुआ और हमारे गणतंत्र और संविधान की रचना हुई तो आदिवासियों को हर स्तर पर संवैधानिक अधिकार दिया गया। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को मैं विशेष रूप से धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने आदिवासियों को आगे लाने का प्रयास किया और आज उन्हीं की देन है कि हमारे देश के राष्ट्रपति पद पर एक आदिवासी महिला सुशोभित हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासी इलाकों में 1000 प्री स्कूल खोलने का लक्ष्य रखें, ताकि आदिवासी समाज के बच्चे स्कूलों में पढ़ें और शिक्षित होकर देश के सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा जिस प्रकार प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से झारखंड पासवा अध्यक्ष ने हजारों बच्चों को सम्मानित किया है, मुझे पूरा यकीन है कि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे के दृढ़ इच्छा शक्ति से झारखंड में 1000 प्री स्कूल खोलने में पासवा कामयाब होगा, उन्होंने कहा नई शिक्षा नीति के तहत पूरे प्रदेश में 25 हजार प्री स्कूल खोलने का लक्ष्य रखा गया है।

### आदिवासियों के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोकें, नहीं तो पद छोड़ें : आलोक दूबे

आलोक कुमार दूबे ने कहा आदिवासी समाज अपनी परंपरा, संस्कृति, रहन-सहन, कार्यशैली,सौम्यता की वजह से जाने जाते हैं। झारखंड के आदिवासी मूलवासी अपने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए लगातार प्रयासरत हैं। आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार, उत्पीड़न एवं उनकी सुरक्षा करने में अगर वर्तमान केंद्र की सरकार असफल है तो उनका पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। आलोक दूबे ने सभी आदिवासियों से संगठित होने का आशन किया। कहा कि आपको शिक्षित और समझदार भी होना होगा। अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए नशापान और बुरी आदतों को भी छोड़ना पड़ेगा। पासवा के राष्ट्रीय सचिव कन्हैया प्रसाद ने कहा शिक्षा के बिना हर बदलाव अधूरा है। उन्होंने आदिवासी समाज से आग्रह किया बच्चों को शिक्षित बनाएं और स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करें। पासवा की प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा ने कहा कि आज प्रतिभाएं किसी की मोहताज नहीं है। कोरोना महामारी ने हमें? प्रकृति के साथ जीने का मूलमंत्र दिया है, जो आदि काल से आदिवासी जीवनशैली का परिचायक है। इस मौके पर पासवा के जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारी, निजी विद्यालय के संचालक डॉ. सुष्मा केरकेट्टा, संजय प्रसाद, आशा भगत, प्रतिमा राय, अल्ताफ अंसारी, राशिद अंसारी, मेंहुल दूबे ने अपने विचार प्रकट किया। इसके पूर्व कलाकार एवं निजी विद्यालय के संचालक रतन नाग एवं बांसुरी वादक लेखन प्रसाद मुंडा के नेतृत्व में विभिन्न समितियों द्वारा भव्य नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। स्कूली बच्चों द्वारा आदिवासी कला एवं संस्कृति की झलकियां भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान कांके क्षेत्र के प्रतिभाशाली टॉपर्स बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## इंजीनियरिंग भवन में संगोष्ठी

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर व सोसाइटी ऑफिस जियो साइंटिस्ट के द्वारा शनिवार को इंजीनियरिंग भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड, बिहार, ओड़िशा सहित पूरे देश से लगभग 200 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी का उद्घाटन खान सचिव अबू बकर सिद्धकी ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से खनन के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षित करने में सरकार को मदद मिलेंगी। इस मौके पर गोवा के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष महेश पाटिल ने भी अपने विचार रखें। नागपुर से आए इंस्टिट्यूट ऑफ माइंस के पूर्व महानिदेशक रंजन ने भी पर्यावरण के तालमेल पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम अध्यक्षता रंजन कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र कुमार सिंह ने किया मंच का संचालन ने किया ।

## खबर एक नजर में

### 8 अक्टूबर को रांची जीपीओ में मंडलीय कांफ्रेंस

**रांची।** रांची जीपीओ में केडी रॉय की अध्यक्षता में पोस्टल (आरएमएस) पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से 8 अक्टूबर को रांची जीपीओ में मंडलीय कांफ्रेंस आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं, 8 अक्टूबर को ही 12 बजे दिन से राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलायी जायेगी। बैठक में राज्य सचिव एमजेड खान ने 21 जुलाई के संसद मार्च एवं 20 जुलाई की सीएमसी मीटिंग की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि झारखंड से 16 पोस्टल पेंशनर्स इस मार्च में शामिल हुए। वहीं, 15 सूत्री मांगों के समर्थन में पूरे देश भर में चलाये गये हस्ताक्षर अभियान की प्रतियां पीएमओ कार्यालय में सुपुर्द की गयीं, जिसमें मुख्य रूप से नई पेंशन योजना की वापसी सहित आठवें वेतन आयोग के गठन, 18 महीने का बकाया मंहगाई भत्ता, मेडिकल इंश्योरेंस की मंजूरी आदि मांगें शामिल थीं।

### खूंटी पुलिस ने चार अपराधी को किया गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी जिले के खूंटी थाना की पुलिस ने तोरपा रोड से हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधी हथियार लेकर तोरपा रोड में किसी घटना को अंजाम देने निकले थे। बताया जा रहा है कि दोनों अपराधी पीपल चौक इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम देने निकले थे। **अड़की पुलिस को भी सफलता हाथ लगी :** इधर अड़की पुलिस को भी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने के आरोप में दो अपराधियों सरफराज एवं मोहम्मद सरफराज को गिरफ्तार किया है। इस कांड में चोरी किए हुए टावर की बैटरी को और कांड में उपयोग किए गए वाहन को बरामद किया गया। डीएसपी अमित कुमार ने खूंटी और अड़की थाना क्षेत्र से हुए चारों अपराधियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

### निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में बच्चों ने मनाया ग्रीन डे



**रांची।** निर्मला कन्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा केजी तक के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्रों ने ग्रीन डे मनाया। इस दौरान बच्चे अंगूर, वृक्ष, तोता, शिमला मिर्च, नाशपाती आदि की वेशभूषा में नजर आये। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की हरी वस्तुओं जैसे फल और सब्जियां के महत्व के बारे में भी जाना। सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विद्यालय गार्डन में पौधारोपण भी किया तथा उसके संरक्षण और बचाव की शपथ भी ली। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में प्रकृति से जुड़ने की प्रवृत्ति विकसित होती है तथा उनके अंदर आत्मबल का विकास होता है। उप प्राचार्य शिल्पी रानी में सभी छात्र छात्राओं को ग्रीन डे के अवसर पर हरी सब्जियों तथा फलों के महत्व के बारे में बताया और वृक्षों को संरक्षण और बचाव करने की शपथ दिलायी। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने कविता के विजय छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में शिवानी कुमारी, निधि कुमारी, गीता कुमारी, पमिता कुमारी, जीनत परवीन आदि उपस्थित थीं।

### गोस्सनर कॉलेज में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता



रांची। गोस्सनर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्लोगन लेखन तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय आजादी की कहानी था तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का विषय स्वतंत्रता दिवस था। इस प्रतियोगिता में स्लोगन लेखन में 30 प्रतिभागी तथा पेंटिंग में 25 प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के लिए समूह नृत्य, एकल नृत्य, समूह गीत, एकल गीत का ऑडिशन लिया गया। समूह नृत्य के लिए 15 समूहों तथा एकल नृत्य के लिए 10 प्रतिभागी शामिल हुए। क्लासिकल, सेमी क्लासिकल, हिप हॉप, मॉडर्न सहित विभिन्न विधाओं को प्रस्तुत किया गया। 20 प्रतिभागियों ने स्वतंत्रता भाषण प्रस्तुत करने के लिए ऑडिशन दिया। प्रतियोगिता तथा ऑडिशन को सफल बनाने में कॉलेज की प्राचार्य प्रो इलानी पूर्ति, बर्सर प्रो आशा रानी केरकेट्टा, सेकेंड बर्सर प्रवीण सुरीन, शिक्षक प्रतिनिधि प्रो अमरदीप तोपनो, डॉ प्रदीप गुप्ता, प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंग सहित मास कॉम विभाग के देव, राहुल, अनु, अभिषेक, दीपाली, बी कॉम के अंकित आदि का सराहनीय योगदान था।

### मां तारा मंदिर निर्माण समिति की बैठक आयोजित



**रांची।** टाटीसीलवे खेलगांव पथ पर स्वर्णरेखा नदी पुल के समीप निर्माणाधीन माँ तारा मंदिर निर्माण समिति की बैठक समिति के संयोजक पंडित भीष्म नारायण तापश्वि की अध्यक्षता में हुई। बैठक के बाद खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। बैठक में साधना केंद्र की विद्युत, पेयजल की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए माँ तारा मंदिर निर्माण कार्य में तेजी लाने पर चर्चा की गई। मौके पर मंदीर निर्माण समिति के अध्यक्ष गौतम ओझा ने श्रद्धालुओं व दान दाताओं से मंदिर निर्माण में सहयोग की अपील की। वहीं निर्माण कार्य में सहयोगी जनों के प्रति आभार जताया। बैठक में जे पी सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, संजय पटेल, श्यामा शंकर सिंह, दिनेश गोप, आदि लोग उपस्थित थे।

### बंगाल से अपह्त नाबालिग पुंदाग से बरामद

**रांची।** बंगाल पुलिस ने रांची से एक नाबालिग लड़की को बरामद किया है। बताया जाता है कि बंगाल में एक एफआईआर दर्ज किया गया था, जिसमें बताया गया था कि नाबालिग लड़की को किसी दूसरे समुदाय के लोगों ने बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया है। बंगाल पुलिस को जानकारी मिली कि लड़की रांची में अपने प्रेमी के साथ रह रही है। बंगाल पुलिस रांची पहुंची और पुनदाग ओपी पुलिस के साथ लड़का और लड़की दोनों को बरामद कर लिया। लड़के का नाम सोहीनूर है। बंगाल पुलिस ने दोनों को अपने साथ बंगाल लेकर चली गई।

## शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर किया पुष्प अर्पित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर छात्र जदयू की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई ने शहीद नीलांबर- पीतांबर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर छात्र जदयू के प्रदेश प्रभारी डॉ विनय भरत ने कहा कि एक तरफ इस वर्ष यूनाइटेड नेशन ने युवा दिवस की थीम रखा है, युवाओं के लिए हरित कौशल एक सतत विश्व की ओर। वहीं हमारे देश में वन अधिनियम (संशोधन) विधेयक पारित हो रहा है। इससे पेड़ कट जाएंगे। पानी दूषित होगा। जंगल छंट रहे हैं। इसलिए जल, जंगल, जमीन के साथ समेकित विकास के लिए युवाओं को आगे आना होगा। युवाओं को हमारे क्रांति के अगुआ शहीद नीलांबर-पीतांबर, सिद्धू-कान्हू, फूलो-झानो, बिरसा मुंडा जैसा बनाना होगा।

**छात्र जदयू का हर एक कार्यकर्ता लगाए एक पेड़ :** छात्र जदयू के प्रदेश सचिव मो आसिफ ने एक कैडर , एक गाछ मिशन को लांच किया। छात्र जदयू के हरेक कैडर को मॉनसून में अपनी सोसाइटी में एक पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया गया है। मौके पर छात्र जदयू के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार और डॉ मुकेश यादव ने उपस्थित सभी लोगों को पेड़ लगाने और नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ दिलायी।मौके पर छात्र जदयू के डॉ श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय इकाई के जारिफ शमी, अमन कुमार साहू, अदनान खान, राज सिंह, आदित्य सिंह, ओम प्रकाश सिंह, आदित्य कुमार, गौरव कुमार, तेजू मिर्धा, अजय कुमार, शैलेश कुमार महतो, आदित्य कुमार सिंह तथा अन्य मौजूद थे।

## संतरागाछी में निर्माण कार्य के कारण आज 70 ट्रेनें रहेंगी रद्द




**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। ट्रेनें रद्द संतरागाछी स्टेशन के पास फुटओवर ब्रिज निर्माण शुरू होने के कारण किया गया है। इसको लेकर रेलवे की ओर से सूचना जारी कर दी गयी है। रेलवे ने 13 अगस्त को 70 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला किया है।

**इन ट्रेनों के समय में किया गया बदलाव :** हावड़ा से 13 अगस्त को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12860 हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी गीतांजलि एक्सप्रेस को दोपहर 2.05 बजे के स्थान पर शाम के 6.35 बजे हावड़ा से रवाना होगी।

गाड़ी संख्या 18045 शालीमार-हैदराबाद ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस सुबह 11.25 बजे के बजाय शाम के 4.15 बजे शालीमार से प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 22855 संतरागाछी-तिरुपति एक्सप्रेस संतरागाछी से दोपहर 2.55 बजे के बजाय शाम 4.55 के बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 12810 हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी मेल को 13 अगस्त की शाम 7.50 मिनट के बजाय 14 अगस्त को रात एक बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 12245 हावड़ा-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल एक्सप्रेस हावड़ा से सुबह 10.50 बजे के बजाय शाम 5.50 बजे प्रस्थान करेगी।

हावड़ा से 13 अगस्त को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12860 हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी गीतांजलि एक्सप्रेस को दोपहर 2.05 बजे की बजाय शाम के 6.35 बजे हावड़ा से रवाना होगी। गाड़ी संख्या 18045 शालीमार-हैदराबाद ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस सुबह 11.25 बजे के बजाय शाम के 4.15 बजे शालीमार से प्रस्थान करेगी।

### ये ट्रेनें रद्द रहेंगी

- ट्रेन संख्या 12814 और 12813 टाटानगर-हावड़ा-टाटानगर स्टील एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 12703 हावड़ा-सिकंदराबाद फलकनामा एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 12704 सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनामा एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 12821/12822 शालीमार-पुरी-शालीमार एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 18615 हावड़ा-हटिया एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 18616 हटिया-हावड़ा एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 18033 और 18034 हावड़ा-घाटशिला-हावड़ा मेमू
- ट्रेन संख्या 18005 हावड़ा-जगदलपुर एक्सप्रेस
- 18006 जगदलपुर-हावड़ा एक्सप्रेस संख्या 18011/18013 हावड़ा-चक्रधरपुर-बोकारो स्टील सिटी एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 18014/18012 बोकारो स्टील सिटी/चक्रधरपुर-हावड़ा एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 02897/02898 संतरागाछी-दीघा-संतरागाछी स्पेशल
- ट्रेन संख्या 12950 संतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 12949 पोरबंदर-संतरागाछी एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 18627/18628 हावड़ा-रांची-हावड़ा एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 12827/12828 हावड़ा-पुरुलिया-हावड़ा एक्सप्रेस,
- ट्रेन संख्या 12277/12278 हावड़ा-पुरी-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस,
- ट्रेन संख्या 22897 हावड़ा-दीघा कंडारी एक्सप्रेस

## सीसीएल में आनंदित जीवन कैसे जीयें विषय पर वेलनेस कार्यक्रम आयोजित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ योगा एंड मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वाधान में सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में आनंदित जीवन कैसे जिए विषय पर एक वेलनेस कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया थे। अवसर विशेष पर सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक तकनीकी(सं.) रामबाबू प्रसाद ,निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र, निर्देशक तकनीकी बी साइराम, निदेशक (वित्त) पीके मिश्रा, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के नेता, सेवानिवृत कर्मी एवं बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। समर्थ गुरु सिद्धार्थ आलिया ने अपने व्याख्यान में आनंदित जीवन व्यतीत करने के अनेक मंत्र दिए। उन्होंने वर्क लाइफ बैलेंस पर विस्तार से चर्चा करते कई आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि दिए गए सुझाव पर अमल कर इस भौतिक जीवन में भी ऑफिस एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन कर जीवन आनंदपूर्वक बिताया जा सकता है। इस आध्यात्मिक विमर्श में जीवन के विभिन्न पहलुओं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया, जिसका सार आनंद था। इस सत्र में समर्थगुरु ने दर्शकों के प्रश्नों का यथोचित उत्तर भी दिया।

## याद किये गये अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव

**रांची।** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 206वीं जयंती अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में शनिवार को हटिया स्थित शहादत स्मारक स्तंभ के प्रांगण में अमर शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह मुख्य अतिथि अभिषेक सहाय ने कहा कि अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव वीर स्वतंत्रता सेनानी और झारखंड के माटी पुत्र ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को स्वतंत्रता दिलाई। आज सरकार को चाहिए कि शहीद के परिवार के सामाजिक, शैक्षणिक,स्वास्थ्य, रोजगार, शहीद के परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने झारखंड सेनानी कोष का निर्माण और बड़कागढ़ की भूमि पर बने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का नामांकरण अमर शहीद के नाम करने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक सहाय, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव आदि लोग उपस्थित थे।

## दवा का सावन मिलन सह प्रतिभा सम्मान समारोह

**मोनादीपा को सावन क्वीन का ताज**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) के सदस्यों ने शनिवार को सावन मिलन सह बच्चों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आईएमए हॉल में किया। कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष सीमा महेश्वरी ने सदस्यों का स्वागत कर किया। चेयर पर्सन विनीता शरण ने सदस्यों को बधाई दी। दवा की वरिष्ठ सदस्यों ने दिव्यांशा, रूद्रजीत पाल, धान्वी एवं प्रांजल को उनके 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने पर सम्मान एंव बधाइयां दी। सावन क्वीन का ताज मोनादीपा दासगुप्ता को मिला। सचिव मधु गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। श्वेता रंजन के मनमोहक नृत्य एवं सदस्यों के समूह गान ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। लजीज व्यंजनों के साथ गेम्स और हाउजी का भी लोगों ने लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम में मंजू खेतान, आरती सिंह, आरती सिन्हा, डॉ सोनी, रिंकू चौधरी, मोनीदीपा दासगुप्ता, कमलेश मिद्धा, सिंधु भदानी, रीता गुप्ता, पुष्पा कुमारी, डॉ अर्पिता मिश्रा, बिंदु प्रसाद, श्वेता रंजन, नीलम शेखर, रश्मि कुमार, पुष्पा, अंजू सिंह, श्रीला चौधरी, सुमन बरनवाल, श्वेता सुरभि, बेणु सिंह, पल्लवी शरण, दीपा चौहान, रुखसाना बानो, स्नेहा जायसवाल, रश्मि अग्रवाल, सम्पा चटर्जी, वंदना सिन्हा, डॉ वंदना प्रसाद, अंजना बरनवाल, सुप्रिया ठाकुर, आशा श्रीवास्तव, पूनम कुमारी, संयुक्ता चौधरी, डॉक्टर साक्षी, संचिता मुखर्जी, पूर्णिमा लाल, डॉ शिक्षा लाल, उषा पांडे, सविता जारिका, रिद्धिमा मित्तल, तबस्सुम हसन, रेणु तिवारी, मिथिलेश सिंहा, रिंकू बनर्जी, आशा श्रीवास्तव, ब्यूटी बनर्जी, मोनीदीपा सरकार, सुप्रिया ठाकुर, विभा सिंह, शिप्रा बनर्जी, देबजानी संयाल, सविता सिंहा, रश्मि बक्शी,आराधना पाणिग्रही उमा सेनगुप्ता, पुनम झा,रश्मि अग्रवाल, पुनम राज,मंजु सिंह, सुमन वर्णवाल, प्रीति कश्यप शामिल थीं।

## अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की जयंती मनी

### भाजमो ने किया माल्यार्पण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की जयंती समारोह में शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेंन्द्र तिवारी शामिल होकर धुर्वा स्थित गोल चक्कर पर उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा छोटानागपुर की धरती ने एक से बढ़कर एक स्वतंत्रता प्रेमी को जन्म दिया। झारखंड के वीर सपूत शहीद शाहदेव ने समस्त राजसी सुख-सुविधाओं का त्याग कर भारत माता को गुलामी की बेड़ी से आजादी दिलाने के लिए आगे आए और देश के लिए अमर शहीद हुए। ऐसे अमर शहीद को उनके जयंती पर मेरा कोटि-कोटि नमन। आज मुझे भी सौभाग्य मिला है अमर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की जयंती पर उपस्थित होने एवं उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने का। धर्मेंन्द्र तिवारी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1857 के स्वाधीनता संग्राम के अमर नायक ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जैसे वीरों के कारण ही हमारा देश आज अपने पैरों पर खड़ा है।

यह दुख की बात है कि आजादी के 75 वर्ष गुजर जाने के बाद भी उनके सपनों का झारखण्ड अबतक नहीं बन सका, इसके लिए राज्य के शासकों के साथ-साथ हम भी परोक्ष रूप से जिम्मेदार है। आज चारो तरफ भ्रष्टाचार, कदाचार, माफिया का जाल बिछा हुआ जिसमें झारखंड की आत्मा फंसी हुई है, कराह रही है। ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम ठाकुर जी को प्रेरणास्त्रोत मानकर उनके दिखाये हुए मार्गों का अनुसरण कर झारखण्ड को भय, भ्रष्टाचार से मुक्त कराये, यहीं उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि आज हम अंग्रेजों से आजाद अवश्य हुए है लेकिन उनके काला कानूनों के गुलाम बन बैठे है। नौकरशाहों की मानसिकता पर लॉर्ड साहब अभी भी हावी है, जिसके कारण गरीबों को उनका वाजिब हक नहीं मिल रहा है, अमीर राज्य के निवासी गरीबी-गुरबत की जिन्दगी जी रहे है, पर सत्ताशीर्ष पर बैठे लोगों को इससे मतलब नहीं है वे केवल अपने एवं अपने कुनबा की परिसंपतियों में इजाफा करने में व्यस्त है।

## नरीजा सहाय डीएवी में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में शनिवार को शिक्षकों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण सह कौशल संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन के रूप में कैम्ब्रियन विद्यालय रांची की प्राचार्या डॉ नीता पांडेय तथा ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज की शिक्षिका चिंशू सिंह उपस्थित थीं। इस में रांची और आस-पास के स्कूलों के लगभग साठ शिक्षक- शिक्षिकाओं ने तनाव प्रबंधन का गुर सिखा। कार्यशाला में विभिन्न स्तर पर परस्पर संवाद , रोल प्ले, क्रियाकलाप आदि के योग ने इस आयोजन को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर मेजबान विद्यालय की प्राचार्या किरण यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षण एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

इसमें शिक्षक, छात्र-छात्राओं के साथ ही साथ अभिभावक भी तनाव में रहते हैं। अतः यह अत्यावश्यक है कि शिक्षक तनाव मुक्त रहें और छात्रों को भी तनाव मुक्त रखें। इस प्रकार उनका शिक्षण अधिक प्रभावी और बहुआयामी होगा। श्रीमती यादव ने इस प्रकार के आयोजन का अवसर प्रदान करने के लिए सीबीएसई को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आवेदन मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं की

# लालपुर थाना प्रभारी और मोरहाबादी टीओपी प्रभारी पर गिरी गाज, सस्पेंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के चिरौंदी स्थित रविंद्र नगर में जूस सेंटर संचालक मुकेश साव और उसके स्टाफ रोहन की शुक्रवार की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद लालपुर थाना और मोरहाबादी टीओपी पुलिस की लापरवाही सामने आयी है। इस मामले में एसएसपी किशोर कौशल की अनुशंसा पर डीआईजी अनूप बिरथरे ने लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी को सस्पेंड कर दिया है। वहीं एसएसपी ने मोरहाबादी टीओपी सन्नी कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने हत्या की कड़ी निंदा की

# मुकेश और रोहन के हत्यारे की अविलंब हो गिरफ्तारी, नहीं तो आंदोलन : मोर्चा

**रांची।** चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड के सबानो गांव के मुकेश कुमार साहू और रोहन कुमार साहू की मोराबादी स्थित एरिया में चिरौंदी घर जाने के क्रम में गोली मारकर हत्या कर दी गई। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इसकी कड़ी निंदा करता है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा की लगातार ओबीसी समुदाय पर हमला हो रहा है। आखिर इसका कारण क्या है? पतरातु में भी रोशन साहू की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। सरकार इस पर गंभीरता से संज्ञान ले और अविलंब अपराधी को गिरफ्तार करे। आश्रित को 50 लाख रुपए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। नहीं तो राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आंदोलन करने को बाध्य होगा।


## चिरौंदी डबल मर्डर : लालपुर पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप

# जान का खतरा बताकर थाने में दिया था आवेदन, नहीं हुई कार्रवाई, हो गया मर्डर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के चिरौंदी इलाके में हुए दोहरे हत्याकांड की जिम्मेवार लालपुर पुलिस बन गई। हत्याकांड की जांच कर रहे एसपी सिटी शुभ्रांशु जैन को मुकेश साव के भाई दिनेश साव ने खुद की जान पर खतरा बता कर लालपुर थाने में एक जुलाई को आवेदन दिया था। आवेदन पर पुलिस की ओर से महज मोहर लगा कर भेज दिया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की। दिनेश ने आरोप लगाया है कि पुलिस की लापरवाही के कारण ही उसके भाई की हत्यारों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यदि पुलिस कार्रवाई करती तो उसके भाई की जान बच जाती। एसपी सिटी शुभ्रांशु जैन ने लालपुर पुलिस की भूमिका पर जांच करने का आश्वासन परिजनों को दिया गया है।

### एक जुलाई को थाने में दिया गया था आवेदन



चिरौंदी में दोहरे हत्याकांड में मारे गए मुकेश साव के छोटे भाई दिनेश के अनुसार, रांची जूस सेंटर के मालिक अशोक गुप्ता और उनका सहयोगी बाइक पर सवार होकर लगातार उसके भाई की रेकी कर रहे थे। कई दिन तो 8 से 9 बार वे लोग उसके जूस काउंटर के पास आकर उसके आने जाने की गतिविधियों पर नजर रखते थे। इस वजह से घबराकर उसने पहले मोरहाबादी मैदान स्थित लालपुर टीओपी को पूरे मामले की जानकारी दी थी। लालपुर टीओपी से उसे थाने में लिखित शिकायत देने को कहा। एक जुलाई को रांची के लालपुर थाने में उसने लिखित शिकायत की थी। शिकायत में लिखा गया था कि अशोक गुप्ता के द्वारा मेरा पीछा किया जा रहा है लेकिन लालपुर पुलिस ने मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया। परिणाम स्वरूप एक महीना बाद ही भाई और स्टाफ की हत्या कर दी गयी।

### कैसे घटी घटना

गौरतलब है कि रांची के चिरौंदी इलाके में चतरा के रहने वाले मुकेश साव अपने स्टाफ रोहन साव के साथ शुक्रवार की देर रात बरियातू थाना क्षेत्र के साइंस सिटी स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान बुलेट बाइक पर सवार दो अपराधियों ने मुकेश और रोहन दोनों को निशाना बनाते हुए गोली मार दी। मुकेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रोहन को अस्पताल ले गई, लेकिन उसकी भी मौत हो गई।

### मामले की जांच होगी

रांची के सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस खुलासे के करीब पहुंच चुकी है। कारोबारी दुश्मनी की वजह से इसे अंजाम दिया गया है। जहां तक थाने में पूर्व में दिए गए आवेदन की बात है तो उसकी भी जांच करवाई जायेगी। इस मामले में जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जायेगी।

### चतरा भेजे गये दोनों शव

गोलीबारी में मारे गए मुकेश और रोहन के शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके गृह जिला चतरा भेज दिया गया। चतरा के सिमरिया में दोनों का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### रजिस्ट्री ऑफिस के पास जूस दुकान खोलना मुकेश को पड़ा महंगा, विरोधी ने भाई के साथ मिल करा दी हत्या

**रांची।** मोहराबादी स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के पास जूस का नया दुकान खोलना मुकेश कुमार साहू (मृत) को महंगा पड़ा। मुकेश (मृत) के विरोधी अशोक ने भाई के साथ मिलकर हत्या करा दी। आरोपी अशोक भी चतरा जिला का रहने वाला है। पुलिस को साफ सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिसमें स्पष्ट गोली मारते दिख रहा है। हालांकि, घटना को अंजाम देने के बाद से अशोक और उसका भाई फरार है। पुलिस दोनों की तलाश में छापेमारी कर रही है। जल्द ही दोनों के पकड़ाने की उम्मीद हैं।

**रांची में हत्या के बाद चतरा में शोक की लहर:** चतरा के सिमरिया प्रखंड के ग्राम सबानो गांव के मुकेश कुमार साहू पिता मुनेश्वर साहू दूसरा रोहन कुमार साहू पिता सोहर साव की रांची में हत्या के बाद से चतरा स्थित गांव में शोक की लहर है। पूरा गांव रातभर जगा हुआ है। मुकेश के रिश्तेदार भी अशोक की तलाश में जुटे हुए हैं।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर जवानों का रिहर्सल परेड



# फर्जी लाइसेंस वाला हथियार लेकर घूम रहा व्यक्ति धराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि अपराधी फर्जी हथियार लेकर घूम रहे हैं। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी हेडक्वार्टर-1 मूमल राज पुरोहित के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान कांके थाना क्षेत्र के जोड़ा पुल के पास एक बाइक सवार व्यक्ति को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने कमर में खोसा हुआ हथियार बरामद किया। उससे हथियार का लाइसेंस का मांगने पर उसने पुलिस को हथियार का लाइसेंस दिखाया। हथियार के लाइसेंस की जब जांच कराई गई तो यह लाइसेंस फर्जी पाया गया। जिसके बाद पुलिस की टीम में कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड नंबर 1 में रहने वाले ललित कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर एक नजर में

### केंद्रीय धुमकुड़िया के अध्यक्ष कल्याण मंत्री से मिले



**रांची।** केंद्रीय धूमकुडिया के अध्यक्ष सुनील टोप्पो के नेतृत्व में शनिवार को कल्याण मंत्री चंपई सोरेन से केंद्रीय धूमकुडिया के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में करम टोली धूमकुडिया का विस्तारीकरण जिसमें धूमकुडिया भवन की चार दिवारी, सुंदरीकरण, पुस्तकालय का निर्माण कार्य जल्द करानें की मांग की है। केंद्रीय धूमकुडिया के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सुनील टोप्पो, अभय भुट कुंवर, प्रेम शाही मुंडा, बबलू मुंडा,सूरज टोप्पो, विजय खलखो आदि शामिल थे।

### आरपीएफ ने नाबालिग को किया रेस्क्यू

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से एक नाबालिग को रेस्क्यू किया है। रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की नन्हे फरिश्ते टीम ने संयुक्त चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर एक नाबालिग लड़की को अकेले पाया। उसने बताया कि वह भाई की डांट से नाराज होकर घर छोड़ दिया है। इसकी सूचना सीडब्ल्यूसी रांची को दी। इसके बाद उसे प्रेमाश्रय बालिका आश्रय गृह को सौंप दिया गया।

### एसपी बागरिया ने अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सांस्कृतिक केंद्र का किया दौरा



**रांची।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एसपी बागरिया ने अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय एवं सांस्कृतिक केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आईएलसीसी के पत्रिका अनुभाग का उद्घाटन भी किया। मौके पर विभिन्न प्रमुख पत्रिकाओं और पत्रिकाओं की पांच साल की सदस्यता के अलावा, रोटरी क्लब ऑफ रांची नॉर्थ ने 15 जरूरतमंद छात्रों के लिए आईएलसीसी में एक साल की पुस्तकालय सदस्यता भी प्रायोजित की। कार्यक्रम का समापन पौधरोपण समारोह के साथ हुआ। मौके पर रोटरियन निहार दास, अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ रांची नॉर्थ, रोटरियन जयदीप चड्ढा, रोटरियन समीर चंद्रा, आईएलसीसी के उप प्रबंध ट्रस्टी हेजल डेविस और ज्योति बजाज के अलावा आईएलसीसी सांस्कृतिक समिति के सदस्य रेखा मिश्रा, निवेदिता शर्मा और नीति मेहंदीरत्ता आदि उपस्थित थीं।

# आइएचएम में जीवन प्रेरक कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** किसी भी समस्या का समाधान उससे भाग कर नहीं बल्कि उसे सुलझा कर होता है, दूसरे लोग कैसे अच्छे हो रहे यह चिंता करने के बजाए खुद को बेहतर बनाना चाहिए। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में जीवन में सब सकारात्मक है थीम पर लाइव सत्र को शनिवार को सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रेरक वक्ता एवं पथ प्रदर्शक तथा लाइफ इस ऑल पॉजिटिव के संस्थापक डिक परस्सिनी ने कहीं। उन्होंने कहा कि जीवन सभी सकारात्मक है और नकारात्मकता मौजूद नहीं है। उन्होंने सफल जीवन के लिए संतुलित लक्ष्य अति आवश्यक, अच्छी सोच सभी के बीच कैसे पहुंचाए, काम के बोझ कैसे हल करें, कितनी भी समस्या आपने उम्मीद को न छोड़ना, कैसे अपने से जुड़े लोगों को खुश रख कर अपने आप को प्रेरित कर सकते हैं, जैसे विषयों पर चर्चा की। मौके पर संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेतर, कर्मी एवं सभी छात्र उपस्थित थे।

# राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की सुरक्षा तथा सेवा ही कार्यकर्ताओं का हो मुख्य उद्देश्य : बीएल बागड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय में शनिवार को कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय संयुक्त महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने कहा कि धर्मांतरण, घुसपैठ जिहाद, उग्रवाद जैसी चुनौतियां देश में हैं। विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, सभी कार्यकर्ता राष्ट्र, धर्म, संस्कृति, भारत माता की सुरक्षा एवं सेवा करना ही सभी कार्यकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य हो। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में सर्वस्पर्शी समिति का गठन, महिलाओं को समाज में प्रतिनिधित्व, सप्ताहिक सत्संग व मिलन केंद्र, जिला व प्रखंड स्तर पर सेवा कार्य की गति को बढ़ावे एवं समाज को सशक्त व स्वावलंबी बनाने का एक कड़ी बने। प्रत्येक कार्यकर्ताओं को समिति गठन करना, गठित समिति को दिशा देना तथा समिति के सदस्यों को सेवा भाव की प्रेरणा देते हुए चुनौतियों के प्रति चेतना जगाना आवश्यक है। सभी कार्यकर्ताओं को स्वयं सप्ताहिक सत्संग चलाना एवं स्वयं को सत्संग में जोड़े रखना यह सभी को अभ्यास में होना चाहिए। बैठक में क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु, देवी सिंह, रंगनाथ महतो, मिथिलेश मिश्रा, प्रकाश रंजन, अमर प्रसाद, अजय अग्रवाल, कमल अग्रवाल, ज्ञान ब्रम्ह पाठक उपस्थित थे।

## पलामू के अजय कुमार सोनी ने डॉ वीके माहेश्वरी पर लापरवाही का लगाया आरोप

# गॉल ब्लाडर में स्टोन के ऑपरेशन के बाद डाले गये दो ड्रेन पाइप को डॉक्टर ने दो माह तक नहीं निकाला

### कोलकाता में 15 लाख रुपये से अधिक खर्च करने के बाद बची जान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सर्जन डॉ वीके माहेश्वरी पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पलामू के रहने वाले अजय कुमार सोनी ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि पेट में दर्द की समस्या लेकर डॉ माहेश्वरी से इलाज कराने पहुंचे थे। जांच के बाद गोल ब्लेडर में 10 एमएम से ज्यादा के स्टोन की पुष्टि हुई। इसके बाद लेजर विधि से ऑपरेशन कर स्टोन निकालने के लिए डॉक्टर ने ऑर्किड हॉस्पिटल में भर्ती होने को कहा। 6 दिसंबर 2022 को भर्ती होने के बाद डॉ जयंत घोष और डॉ वीके माहेश्वरी ने लेजर सर्जरी कर स्टोन निकाला लेकिन सफल नहीं हुआ। अगले ही दिन डॉ वीके माहेश्वरी ने मरीज को सेवा सदन अस्पताल जाने को कहा। सेवा सदन में दोबारा ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर ने पित्ताशय की नली काट दी और उसकी जगह ड्रेन पाइप डाल दिया। इस पाइप को दो माह से ज्यादा समय तक पेट में ही छोड़ने के कारण पेट में पूरी तरह से इंफेक्शन फैल गया। फोड़े हो गए थे।

**कोलकाता के रविंद्र नाथ टैगोर हॉस्पिटल में बची जान :** परिजन अजय को कोलकाता के रविंद्र नाथ टैगोर हॉस्पिटल ले गए। जहां बताया गया कि पूर्व में गलत ऑपरेशन करने के कारण स्थिति खराब हुई है। इसके बाद पेट खोलकर सर्जरी की गई। अंदर की सभी नली को रिपेयर किया गया। पिछले 6 माह में 7 बार ऑपरेशन होने के बाद मरीज को अब राहत मिली है।

**डॉक्टर के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर करेंगे जायेंगे :** मरीज ने बताया कि अब तक ऑपरेशन में 15 लाख से ज्यादा खर्च किए जा चुके हैं। वे डॉक्टर के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका भी दायर करेंगे।

# 22वीं जूनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में झारखंड को दो गोल्ड सहित आठ पदक



**रांची।** पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 22वीं जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण पदक सहित कुल 8 पदक जीते। इसमें झारखंड के कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। झारखंड की तरफ से खेलते हुए एल प्लेटोदिप सिंह नव दो गोल्ड, शिवम उरांव ने एक सिल्वर, विक्रम गंझू, त्रिलोचन बेदिया, प्रिय गाड़ी, अनित मुंडा ने एक एक पदक जीते। झारखंड के खिलाड़ियों की इस सफलता पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारियों डॉ प्रदीप वर्मा, डॉ कविता सिंह, चंचल भट्टाचार्य, डॉ अंशु साहू, मिथलेश साहू, शशिकांत पांडे, गोकुलानंद मिश्र, रजि अहमद, उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार, मनोज साहू, प्रियदर्शी अमर, रत्नेश कुमार, शैलेन्द्र दुबे, दीपक गोप, शिवेंद्र दुबे, अमरेन्द्र द्विवेदी, राजू जैन ने बधाई दी है।


**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची, (कल्याण शाखा)**

(ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-112,
ईमेल- dwo-ranchi@jharkhandmail.gov.in):0651-2213348

**सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड राँची द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का वित्तीय वर्ष 2023–24 से ऑनलाईन आवेदन किया जाना है। जिसका बेवसाईट **https://cmegp.jharkhand.gov.in** है। वित्तीय वर्ष 2023–24 से आवेदकों का मात्र ऑनलाईन आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। अतः योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

किसी प्रकार की जानकारी हेतु जिला कल्याण कार्यालय, राँची/संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/संबंधित प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

जिला कल्याण पदाधिकारी
राँची

PR 304584Welfare(23-24)#D


# चैंबर ऑफ कॉमर्स में दो दिवसीय कॉटेज फेस्ट शुरू, महिलाओं के उत्पाद कर रहे आकर्षित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कॉटेज फेस्ट का उद्घाटन करते चैंबर के पदाधिकारी और अन्य।

**रांची।** फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से दो दिवसीय कॉटेज इंडस्ट्री फेस्ट का आयोजन शनिवार को किया गया। फेस्ट का आयोजन महिला उद्यमिता उप समिति के सौजन्य से किया जा रहा है। फेस्ट में कपड़ा, हस्तशिल्प, मधुबनी पेंटिंग्स, फूड आईटम्स, मसाला, आचार, पापड, तीसी बड़ी, केक, पैस्ट्री, प्लांट, टीम ग्रीन, जेएसपी फाउंडेशन, एस्थेटिक्स बुटीक, सोहराय पेंटिंग, हैंडमेड बैंगल्स, फैब्रिक, ज्वैलरी, पूजा पोशाक, आरसीएम, कोशिश संस्थान के स्टॉल्स लगाये गये हैं। कशिश संस्थान द्वारा लगाये गये स्टॉल में दिव्यांग बच्चों के द्वारा तैयार किये गये दीपक, इन्वेलप की प्रदर्शनी भी लगायी गई है। महिला उद्यमिता उप समिति की चेयरपर्सन आस्था किरण ने कहा कि फेस्ट में ऐसे लोगों को भी मंच दिया गया है जो पहली बार स्वयं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी कर रहे हैं। स्टॉल धारकों के प्रोत्साहन के लिए यूट्यूब चैनल भी स्टॉर्ट किया गया है। यह भी कहा कि रविवार को भी चैंबर भवन में यह फेस्ट सुबह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेगा।

**निबंधन में महिलाओं को प्राथमिकता :** कॉटेज इंडस्ट्री फेस्ट का उद्घाटन एमएसएमई डायरेक्टर इंद्रजीत यादव ने किया। उन्होंने कहा कि एमएसएमई में निबंधन से सरकारी विभागों द्वारा क्रय किये जानेवाले उत्पादों में निबंधित महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है। जिससे उनके उत्पाद को बेहतर मार्केट उपलब्ध होता है।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। महिला उद्यमियों को उद्यम पोर्टल में निबंधन के लिए चैंबर द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

मौके पर फेस्ट में चैंबर के आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, डॉ अभिषेक रामाधीन, रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, आस्था किरण, रंजीत रंजन, संजीत कुमार, विनिता ठाकुर, आरती वर्मा, प्रकति जयरथ समेत कई महिला उद्यमी एवं स्टॉलधारक थे।


**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल**

**आम नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहनों (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक – 25.08.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि आम नीलामी सूचना में उल्लेखित वाहन संबंधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो, वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में दिनांक 24.08.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक या उसके पूर्व समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर कोई दावा गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नहीं किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि उक्त राज्यसात वाहनों की आम नीलामी द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नांकित है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या / इंजन संख्या / चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। |
|---|---|---|---|
| 1 | पिकअप | JH19C - 1533 | वन क्षेत्र कार्यालय परिसर, कुटकु वन प्रक्षेत्र। |
| 2 | पिकअप | JH03J – 5123 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस, रंका पूर्वी वन प्रक्षेत्र। |
| 3 | मारुति ओमनी वैन | अनुपलब्ध। | रंका पूर्वी वन क्षेत्र कार्यालय। |
| 4 | हिरो होण्डा पैशन एक्स प्रो मोटरसाईकल | JH14C – 9614 | चिनियाँ वन परिसर कार्यालय, चिनियाँ। |
| 5 | ओमनी वैन | JH02A – 2499 | रंका पूर्वी वन प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस। |
| 6 | बजाज डिस्कवर मोटरसाईकल | CG15CM – 0661 | वन क्षेत्र भण्डरिया कार्यालय कैम्पस। |
| 7 | पिकअप | JH03AJ - 0195 | रंका पश्चिमी वन परिसर, रंका। |

नोट :–

1. विस्तृत सूचना के लिए कार्य दिवस में कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में या दूरभाष संख्या 9341791906 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
2. आम निलामी की शर्तें एवं वाहनों की सूची https://garhwa.nic.in/ एवं https://forest.jharkhand.gov.in/ के website तथा कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 304578 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

# झारखण्ड के इतिहास में दूसरी बार आयोजित हुआ झारखण्ड आदिवासी महोत्सव...





आदिवासी बहुल झारखण्ड राज्य 20 वर्ष से अधिक समय से आदिवासी महोत्सव के आयोजन की बाट जोह रहा था। उसे संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व ने पूरा किया। लगातार दो वर्षों से आदिवासी महोत्सव के आयोजन के हम साक्षी बन रहें हैं। झारखण्ड समेत देश-विदेश की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपरा, वेशभूषा और खानपान का अनोखा संगम 9 एवं 10 अगस्त को आयोजित झारखण्ड आदिवासी महोत्सव में देखने को मिला और इसका गवाह बना रांची स्थित बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान।














## समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां

# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

जहां चलना ही नृत्य और बोलना संगीत हो, उस धरती पर समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की अविस्मरणीय गूंज का पूरा विश्व साक्षी बना। झारखण्ड के अमर वीर पुरुखों और वीरांगनाओं तथा महान क्रांतिकारियों के अथक संघर्ष से सनी झारखण्ड की वीर भूमि को सबने प्रणाम किया। रीझ रंग रसिका रैली में जब पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप और विभिन्न वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर झारखण्ड के 32 आदिवासी समुदायों के कदम थिरके, तब पूरे विश्व को द्वितीय झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 की भव्यता दिखी।

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव के मंच से राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने समस्त आदिवासी समाज से अपने बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी अन्य समाज की तरह आदिवासी समाज के बच्चे भी उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकेंगे।

महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, केरल, गुजरात, छत्तीसगढ़ और झारखण्ड आदि के आदिवासी समुदायों की समृद्ध संस्कृति और सभ्यता से राज्यवासी रुबरु हुए। देश भर के आदिवासी समाज की वैभवशाली संस्कृति ने झारखण्ड आदिवासी महोत्सव में अमिट छाप छोड़ी। पारंपरिक वेशभूषा में अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य, असम का लेवा टाना नृत्य, बिहु नृत्य, स्थानीय आदिवासी का डोमकच लोक नृत्य, गुजरात के अफ्रीकन आदिवासी समुदाय द्वारा सिद्धि धमाल नृत्य से अपनी संस्कृति को सहेजने की ललक कलाकारों में नजर आई। पद्मश्री मुकुंद लाल नायक के नागपुरी नृत्य की प्रस्तुति और पद्मश्री मधु मंसूरी के "हम गांव छोड़ब नाही" जैसे गीत ने इस महोत्सव को जीवंत कर दिया।

एक ओर जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, वहीं दूसरी ओर आदिवासी भाषा के समक्ष चुनौतियां और अवसर, आदिवासी युवाओं के लिए उद्यमिता, आदिवासी व्यंजनों का विपणन, कृषि पारिस्थितिकी की प्रासंगिकता और महत्व समेत अन्य विषयों पर देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों द्वारा की गयी चर्चा ने आदिवासी समाज की आज की जरूरतों को पटल पर लाकर रखा। साथ ही सेमिनार के जरिए आदिवासी इतिहास, मानवशास्त्र, आदिवासी अर्थव्यवस्था- एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पना, आदिवासी साहित्य जैसे विषयों पर लोगों ने अपनी बातों को रखा। महोत्सव में मन को तृप्त करने वाले आदिवासी व्यंजनों का स्वाद सभी के दिलों को छू गया। महोत्सव में ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल के साथ-साथ राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर का आयोजन हुआ, जहां कई प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी कला को प्रदर्शित किया।

आदिवासी परिधान की विविधताओं को प्रदर्शित कर फैशन शो ने आधुनिक समय में आदिवासी युवाओं की शानदार सहभागिता पर मुहर लगाई, साथ ही पूरे विश्व को अहसास करा दिया कि हम किसी से कम नहीं।

धन्य हुई झारखण्ड की वीर भूमि जहां दशकों बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में महोत्सव का आयोजन पूरी दुनिया को आदिवासी संस्कृति और परंपरा को एक बार पुन: पुनर्जीवित करने का संदेश दे गया।



"मुझे इस बात का गर्व है कि मैं एक आदिवासी मुख्यमंत्री हूं। आदिवासी महोत्सव के माध्यम से आदिवासी पहचान आगे बढ़े, यही मेरा प्रयास है। नृत्य, संगीत के साथ-साथ अपने अधिकार के लिए सदैव संघर्ष करना आदिवासी समाज की पहचान रही है। सभी आदिवासी समाज एक है, अत: हमें एक लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है। "

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

#JharkhandSeJohar



















## 02 दिन, 10 राज्य और 1,112 कलाकारों ने झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 में भाग लिया...



PRNO 304595 (IPRD) 23-24

**समय संवाद**

**आड़ू-सेब को छोड़ दें, तो ज्यादातर फल और सब्जियों में वे गोबर की खाद या कंपोस्ट खाद का इस्तेमाल करते हैं। इस अंचल से जैविक उत्पादों के बारे में जब किसानों से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि वे जैविक खेती तो नहीं करते हैं, पर रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल भी नहीं करते। यही स्थिति छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचलों की भी यही स्थिति है। उनके पास इतना रुपया ही नहीं होता कि वे महंगे कीटनाशक और उर्वरक खरीद पाएं। ऐसे में वे जो भी उगाते हैं, वह रासायनिक खेती से बेहतर होता है। ऐसे अन्न का इस्तेमाल अगर वे करते हैं, तो बड़े शहरों में लोग आर्गेनिक उत्पाद के रूप में भी करते हैं।**

**पर यह बहुत महंगा होता है। जिस जौ को हमारे पूर्वांचल में दो दशक पहले कोई पूछता नहीं था और वह गेहूं के मुकाबले उसके आधे दाम में मिलता था, काफी महंगा बिक रहा है।**

# मोटे अनाज के प्रति जागरूक होता समाज



**रविरंजन**



**बड़े** महानगरों में लोग ऑनलाइन बाजार से अब जैविक, प्राकृतिक और मोटे अनाज भी मंगाने लगे हैं। वजह- खेती में खतरनाक कीटनाशकों और उर्वरकों का अंधाधुंध इस्तेमाल किया जाना है, जिनसे तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं। ये वही अनाज हैं, जिन्हें सत्तर के दशक में ग्रामीण और मध्यवर्गीय परिवारों ने छोड़ दिया था। कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर के ग्रामीण अंचल में मेरा जाना हुआ। यह अंचल अपनी खुशबू के लिए मशहूर काला नमक चावल के लिए जाना जाता है। कहते हैं कि अगर आपके घर में यह चावल पक रहा हो, तो आसपास के कई घरों तक इसकी खुशबू जाती है। यह देश के एरोमैटिक यानी सुगंधित चावलों में से एक है। पर यह चावल स्थानीय बाजार में भी दो तरह का मिलेगा। एक तो वह चावल है, जो जैविक विधि से यानी बिना रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक के उगाया जाता है।

दरअसल यह ज्यादा महंगा होता है और बड़े किसान इसे ज्यादातर अपने इस्तेमाल के लिए बोते हैं। पर जब से प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ी है, तब से वे कुछ हिस्सा बाजार में भी देने लगे हैं। उनके खेत भी दो तरह के हो गए हैं, एक जिसमें वे अपने घर के लिए प्राकृतिक ढंग से बोते हैं, तो दूसरा जो प्रचलित रासायनिक खेती का तरीका है, उसके लिए। साफ है कि वे खुद रासायनिक फसल से दूरी बना रहे हैं। पर ज्यादा मुनाफा के चलते बाजार में वे रासायनिक उर्वरक से पैदा हुआ अन्न बेचते हैं। यही स्थिति देश के विभिन्न हिस्सों की भी है। देश में कुछ अंचल ऐसे भी हैं, जहां की खेती अगर जैविक नहीं भी है, तो प्राकृतिक जरूर है। इसकी वजह किसानों की गरीबी भी है। उदाहरण के लिए उत्तराखंड के ज्यादातर इलाकों में आज भी रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक का इस्तेमाल नहीं होता। चाहे अल्मोड़ा के आसपास की भट की दाल हो या फिर चंपावत का मशहूर आलू- राजमा हो। इनमें रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल बहुत कम होता है।

रामगढ़, जो फलपट्टी के रूप में जाना जाता है, वहां भी आड़ू-सेब को छोड़ दें, तो ज्यादातर फल और सब्जियों में वे गोबर की खाद या कंपोस्ट खाद का इस्तेमाल करते हैं। इस अंचल से जैविक उत्पादों के बारे में जब किसानों से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि वे जैविक खेती तो नहीं करते हैं, पर रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल भी नहीं करते। ऐसे में इस अंचल के कृषि उत्पादों को जैविक भले न माना जाए, पर वह प्राकृतिक ही माने जाएंगे। यही स्थिति छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचलों की भी यही स्थिति है। उनके पास इतना रुपया ही नहीं होता कि वे महंगे कीटनाशक और उर्वरक खरीद पाएं। ऐसे में वे जो भी उगाते हैं, वह रासायनिक खेती से बेहतर होता है। ऐसे अन्न का इस्तेमाल अगर वे करते हैं, तो बड़े शहरों में लोग आर्गेनिक उत्पाद के रूप में भी करते हैं। पर यह बहुत महंगा होता है। जिस जौ को हमारे पूर्वांचल में दो दशक पहले कोई पूछता नहीं था और वह गेहूं के मुकाबले उसके आधे दाम में मिलता था, काफी महंगा बिक रहा है। मुंबई में एक वरिष्ठ पत्रकार करीब ढाई सौ रुपए किलो का जौ हर महीने ऑनलाइन मंगाते हैं। सिर्फ यही नहीं, वे सरसों का तेल, दाल से लेकर हल्दी-गुड़ आदि भी मंगाते हैं। इसकी कीमत बाजार से ज्यादा तो होती है, पर यह गारंटी भी होती है कि आप शुद्ध अन्न खा रहे हैं। यह जागरूकता हाल के कुछ वर्षों की है।

अब पंजाब के अन्न से लोग बचना चाहते हैं, क्योंकि समूचा पंजाब रासायनिक खेती के दुष्परिणाम झेल रहा है। ज्यादातर गांवों में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढी है। यह पंजाब की हरित क्रांति का काला पक्ष है। यही वजह है कि बहुत से लोग अब जैविक अन्न पर जोर देने लगे हैं। पर जैविक अन्न कम उत्पादन की वजह से महंगा पड़ता है। इसका प्रमाण पत्र लेना भी कम झमेले का काम नहीं है। इसकी फीस बहुत छोटे किसानों को महंगी पड़ती है, जिसकी वजह से वे अपना उत्पाद जैविक उत्पाद के रूप में नहीं बेच पाते हैं। ऐसे में उनका कृषि उत्पाद, जो जैविक होने के बावजूद जैविक उत्पाद के रूप में नहीं बिक पाता, उनके लिए घाटे का सौदा बन जाता है। उदाहरण के लिए अरहर की आम दाल जो बाजार में अस्सी से सौ रुपए किलो बिकती है, वह जैविक दाल के रूप में सवा सौ से डेढ़ सौ रुपए के भाव बिकती है। अगर सरकार जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहती है, तो उसे इन सब बातों पर गौर करना चाहिए।

दरअसल सेहत को लेकर लोगों में जो जागरूकता बढ़ी है, उसके चलते लोग मोटे अनाज को भी अपने भोजन का हिस्सा बना रहे हैं। जौ, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, मंडुआ से लेकर जई-अलसी तक सब इस्तेमाल होने लगे हैं। शहरी इलाकों में लोगों का खानपान बदल रहा है, तो बाजार भी बदल रहा है। अब पैकेट बंद आटे में मल्टी ग्रेन के कई ब्रांड बाजार में आ गए हैं। यह बात अलग है कि गेहूं के आटे में कौन सा अनाज कितना मिलाना चाहिए, इसकी समझ नहीं विकसित हुई है। यही वजह है कि लोग सोयाबीन या अन्य मोटे अनाज की मात्रा भी जरूरत से ज्यादा मिला देते हैं, जिससे वह सेहत को नुकसान भी पहुंचा देता है। मोटा अनाज खाना चाहिए, पर उसकी मात्रा का भी ध्यान रखना चाहिए। उदाहरण के लिए पहाड़ पर जो भट की दाल होती है, उसके आटे की रोटी डायबिटीज वालों के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें बहुत ज्यादा प्रोटीन होता है।

# भरत गृहस्थ जीवन में भी संन्यासी बने

**स्वामी सत्यांनदजी सरस्वती**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्म ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जिया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(बह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर शाखा कुटी : रांची।)**

# झारखंड के पठार से प्रस्फुटित आजादी के स्वर



**कुंदन कुमार सिंह**

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में झारखंड ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसने संघर्षरत कोयला खदानों और औद्योगिक श्रमिकों को वित्तीय सहायता प्रदान की और कांग्रेस निधि में उदारतापूर्वक योगदान दिया। सिद्धु मुर्मू, कान्हू मुर्मू तिलका मांझी और बिरसा मुंडा का दर्द और बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। एक औद्योगिक स्थान होने के कारण झारखंड हमेशा अंग्रेजों के शोषण के प्रति संवेदनशील रहा, लेकिन साथ ही, इसने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को भी बहुत कुछ दिया है।

राष्ट्रीय नेताओं ने बार-बार दौरा किया और औद्योगिक और श्रमिक समस्याओं को हल करने में सक्रिय भाग लिया। बिहार और उड़ीसा के गठन के बाद झारखण्ड में क्रांतिकारी राष्ट्रवाद का प्रवेश हुआ। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान झारखंड को स्थानीय लाभ भी मिला, कोयला क्षेत्र के क्षेत्रों में भगोड़ों को आश्रय देना, हथियार छिपाना और परिणामी प्राधिकारी की जानकारी के बिना गतिशीलता और गन पाउडर को छिपाना आसान था। अतः झारखण्ड क्रांतिकारी गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बन गया।

इस पेपर में राष्ट्रीय आंदोलन में झारखंड की विभिन्न भूमिका को समझने का प्रयास किया गयाःजनजातीय प्रतिरोध और स्वशासन की आकांक्षाएँ

झारखंड आंदोलन से भारतीय लोकतंत्र क्या सीख सकता है

निष्कर्ष और आगे का रास्ता

1.आदिवासी प्रतिरोध और स्वशासन की आकांक्षाएँः

स्व-शासन की अवधारणा को बाल गंगा धर तिलक और महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित करने से पहले झारखंड आदिवासी आंदोलन से खोजा जा सकता है। आदिवासी सशस्त्र विद्रोह और प्रतिरोध स्वतंत्रता संग्राम की अन्य समकालीन धाराओं से विशिष्ट रूप से भिन्न थे। आदिवासी विद्रोह किसानों का सामूहिक विद्रोह था। उन्होंने आग्नेयास्त्रों के विरुद्ध धनुष-बाण और अन्य पारंपरिक हथियारों का इस्तेमाल किया। उनका संघर्ष आजादी, प्राकृतिक न्याय, पहचान और जमीन, जंगल और पानी पर पारंपरिक अधिकारों के लिए था। उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई। उन्होंने ब्रिटिश सेना और उनके सिपाहियों, पुलिस, जमींदारों, साहूकारों और सरकारी प्रशासकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। यह कई लोगों को अजीब लग सकता है, लेकिन मूल जनजातियाँ - तथाकथित आधुनिक समाज के बाकी लोगों द्वारा अनपढ़, भोली और पिछड़ी मानी जाती हैं - बाहरी लोगों द्वारा जंगलों पर आक्रमण के खिलाफ विरोध के पहले अग्रदूतों में से हैं। अंग्रेज इसे अच्छी तरह जानते हैं। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा झारखंड क्षेत्र के अधीनता और उपनिवेशीकरण के परिणामस्वरूप स्थानीय लोगों का सहज



प्रतिरोध हुआ। भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) से लगभग सौ साल पहले, झारखंड की जनजातियाँ अपनी भूमि को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने के लिए पहले से ही सशस्त्र संघर्ष की एक श्रृंखला में लगी हुई थीं। वन-निवासी जनजातियों द्वारा प्रतिरोध का एक गौरवशाली इतिहास है जो अपने समुदाय-आधारित शासन और आसपास के जंगलों पर नियंत्रण की रक्षा के लिए खड़े हुए थे। गैर-आदिवासी झारखंडियों को भी तिलका माझी (जबरा पहाड़िया), सिद्धु कान्हू, बिरसा मुंडा, काना भगत आदि जैसे दिग्गज आदिवासी नेताओं पर गर्व महसूस होता है, जिन्होंने न केवल शक्तिशाली श्वेत आक्रमणकारियों को भारी नुकसान पहुंचाया, बल्कि उन्हें कानून बनाने के लिए मजबूर भी किया। उनके भूमि अधिकारों की रक्षा करें।

छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम (1908) और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम (1912) जैसे ऐतिहासिक अधिनियम उत्पीड़न के खिलाफ आदिवासी संघर्ष के प्रभाव के दो उदाहरण हैं। झारखंड में जनजातीय संघर्ष ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को एक नई दिशा दी।

संघर्ष के पाठ्यक्रम को समझते हुएः

झारखंड छोटा नागपुर पठार और संथाल परगना पर स्थित है और जंगलों, खनिजों और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा झारखंड क्षेत्र के अधीनता और उपनिवेशीकरण के परिणामस्वरूप स्थानीय जनजातियों का सहज प्रतिरोध हुआ।

वास्तव में, आदिवासियों ने 1771 से 1900 ई. तक अपनी भूमि पर कब्जा करने के लिए अक्सर अंग्रेजों से सशस्त्र संघर्ष किया। जमींदारों और ब्रिटिश सरकार के खिलाफ पहले विद्रोह का नेतृत्व 1771 में संथाल आदिवासी क्षेत्र के एक बहादुर संथाल नेता तिलका मांझी ने किया था।

फिर 1779 में भूमिज जनजातियों ने मानभूम, जो अब पश्चिम बंगाल में है, में हथियार उठा लिए। इसके बाद 1800 ई. में पलामू में चेरो जनजातियों की अशांति फैल गई। सात साल बाद 1807 में बरवे में ओरांव ने गुमला के पश्चिम में श्रीनगर के शक्तिशाली जमींदार की हत्या कर दी।

जल्द ही विद्रोह पूरे गुमला में फैल गया. फिर यह पूर्व की ओर मुंडा जनजातियों के पड़ोसी तमार क्षेत्रों तक फैल गया, जिन्होंने 1811 और 1813 में विद्रोह किया था। सिंहभूम में होस 1820 में खुले विद्रोह में सामने आए और दो साल तक जमींदारों और ब्रिटिश सैनिकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इसे लार्का कोल राइजिंग्स 1820-1821 के नाम से जाना जाता है।

फिर 1832 का महान कोल विद्रोह हुआ जो काफी मजबूत था और इसने झारखंड में ब्रिटिश प्रशासन को बहुत परेशान कर दिया था। यह आदिवासी किसानों को उनकी वंशानुगत संपत्ति से बेदखल करने के जमींदारों के प्रयासों का विरोध करने का एक दृढ़ प्रयास था। 1855 में दो भाइयों सिद्धु और कान्हू के नेतृत्व में संथाल विद्रोह भड़क उठा। उन्नीसवीं सदी के अंत में बिरसा मुंडा का उलगुलान हुआ(विद्रोह) 1895 में भड़का और 1900 तक चला। हालाँकि विद्रोह शुरू में खूंटी के मुंडा बेल्ट में शुरू हुआ, लेकिन जल्द ही यह अन्य क्षेत्रों में फैल गया।


# ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में वोकेशनल एजुकेशन की जरूरत : ई बालागुरूशामी

ग्रामीण इलाकों के लिए वरदान साबित होगा दिनेश्वर वर्मा कॉलेज ,खुला ओपन यूनिवर्सिटी का सेंटर । रेम्बा के दिनेश्वर वर्मा कॉलेज ऑफ वोकेशनल एवं हायर एजुकेशन में झारखंड राज्य खुला विश्वविधालय रांची के अध्ययन केंद्र का उदघाटन राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरु शामी , रांची विश्वविधालय रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा , झारखंड राज्य खुला विश्वविधालय के कुलपति डॉ टी एन साहू , विशेष कार्य पदाधिकारी (विश्वविधालय ) डॉ संजीव राय , झारखंड ओपन यूनीवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ घनश्याम सिंह , डॉ बिंदु विजयकुमार, रिटायर्ड प्रधानाध्यापक श्री दिनेश्वर वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल के एकेडमिक एडवाइजर प्रो ई बालागुरुशामी ने कहा कि ग्रामीण इलाको में दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था से बड़ी परिवर्तन आ सकती है ,युवाओं को वोकेशनल कोर्सेज से जोड़ने की जरूरत है । यह बेहद ही पिछड़ा इलाका है ऐसे जगह में उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना एवं संचालन से इस इलाके के हजारों लोग जो शिक्षा से दूर हैं उन्हें शिक्षा से जोड़ा जा सकता है।

रांची विश्विधालय रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि दिनेश्वर वर्मा कॉलेज और हायर एंड वोकेशनल एजुकेशन रेम्बा इस अत्यंत पिछड़े इलाके में बड़ी भूमिका के साथ युवा वर्ग , बेटियों कामकाजियो को ओपन एजुकेशन के माध्यम से उच्च शिक्षा प्रदान कर के हुनरमंद बनाए । झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो टी एन साहू ने संबोधित करते हुए कहा की ओपन यूनिवर्सिटी झारखंड बेहतर ही बेहतर तरीके से स्थापित हो रही है ग्रामीण परिवेश तक इसकी पहुंच स्थापित की जा रही है इसके अंर्तगत कई वोकेशनल कोर्स का संचालन किया जा रहा है जल्द ही ग्रेजुएशन,पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी ।

झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार ने संबोधित करते हुए झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी की उपयोगिता इस वर्तमान समय में बताया इन अध्ययन केंद्र के माध्यम से समाज के निचले तबके के लोग भी कम शुल्क में उच्च एवं व्यवसायिक शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इस उद्घाटन समारोह का स्वागत संबोधन श्री दिनेश्वर वर्मा के द्वारा एवं धन्यवाद इस दौरान नजदीकी जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा, मुखिया धीरेंद्र मंडल,उच्च विधालय बदडीहा के प्रिंसिपल बैजनाथ महतो एवं अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया । इस दौरान नजदीकी जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा, मुखिया धीरेंद्र मंडल,उच्च विधालय बदडीहा के प्रिंसिपल बैजनाथ महतो, नमन इंटरनेशनल स्कूल रेमबा के संरक्षक श्री मितनारायाण प्रसाद, मनोज पांडेय ,सिकंदर वर्मा , रामानंद कुशवाहा एवं अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया ।

# 1855 में दो भाइयों सिदो और कान्हू के नेतृत्व में संथाल विद्रोह भड़क उठा



**सुधांशु कुमार**

1855 में दो भाइयों सिद्धु और कान्हू के नेतृत्व में संथाल विद्रोह भड़क उठा। उन्नीसवीं सदी के अंत में बिरसा मुंडा का ह्न उलगुलानह्न हुआ(विद्रोह) 1895 में भड़का और 1900 तक चला। हालाँकि विद्रोह शुरू में खूंटी के मुंडा बेल्ट में शुरू हुआ, लेकिन जल्द ही यह अन्य क्षेत्रों में फैल गया। यह ब्रिटिश कब्जाधारियों के विरुद्ध सबसे लंबा और कठोर जनजातीय विद्रोह था। यह झारखंड में अंतिम संगठित सशस्त्र आदिवासी विद्रोह भी था।

कहने की जरूरत नहीं है कि इस विद्रोह को भी बेहतर गोलाबारी से दबा दिया गया और बिरसा जल्द ही मारा गया। 20वीं सदी में, आदिवासी विद्रोह महात्मा गांधी के मुख्यधारा के स्वतंत्रता आंदोलन से प्रभावित था और ध्यान छिटपुट विद्रोह से हटकर शहरी बुद्धिजीवियों के नेतृत्व वाली दलीय राजनीति पर केंद्रित हो गया। 1914 में जतरा उराँव ने ताना आंदोलन शुरू किया जिसे ताना आंदोलन कहा जाता है। बाद में यह आंदोलन 1920 में महात्मा गांधी के सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हो गया और सरकार को भूमि कर देना बंद कर दिया। 1915 में जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए छोटा नागपुर उन्नति समाज की स्थापना की गई।



1928 में इसने एक अलग आदिवासी झारखंड राज्य के लिए साइमन कमीशन में याचिका दायर की जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। फिर 1931 में, सक्षम ओराँव ने आदिवासी महासभा का आयोजन किया, जो एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनने के लिए 1935 में छोटा नागपुर उन्नति समाज में विलय हो गया। 1939 में दार्जिलिंग के जयपाल सिंह आदिवासी महासभा के अध्यक्ष बने, जिसे आजादी के बाद ₹झारखंड पार्टी₹ नाम दिया गया। जयपाल सिंह 1939 से 1960 तक इसके अध्यक्ष रहे।

स्वतंत्रता के बाद जनजातीय आकांक्षा और अलग राज्य का निमार्णः 1939 में दार्जिलिंग के जयपाल सिंह आदिवासी महासभा के अध्यक्ष बने, जिसे आजादी के बाद ₹झारखंड पार्टी₹ नाम दिया गया। जयपाल सिंह 1939 से 1960 तक इसके अध्यक्ष रहे। आजादी के बाद, झारखंड पार्टी साठ के दशक में अपने पतन तक बिहार की राजनीति में एक प्रमुख ताकत बन गई।

फिर शिबू सोरेन के नेतृत्व में इसके अलग हुए समूहों में से एक झारखंड मुक्ति मोर्चा ने ₹वृहद झारखंड₹ के लिए संघर्ष जारी रखा। इस बीच, भाजपा ने बिहार के 18 जिलों को शामिल करते हुए एक अलग वनांचल राज्य की मांग की, यह तर्क देते हुए कि पड़ोसी राज्यों के क्षेत्रों को शामिल करते हुए वृहद झारखंड की मांग व्यावहारिक नहीं थी।

1988 में, राम दयाल मुंडा समिति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी जिसमें ' ग्रेटर झारखंड' को 'स्वायत्तता' देने की सलाह दी गई ।

विभिन्न स्तरों पर साल भर की चर्चा के बाद केंद्र शासित प्रदेश या झारखंड जनरल काउंसिल बनाने का विचार सामने आया। 1995 में केंद्र सरकार, बिहार सरकार और सोरेन, मुंडा, मंडल, बेसरा और तिर्की सहित झारखंड के नेताओं के समूह के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते के बाद झारखंड क्षेत्र स्वायत्त परिषद (जेएएसी) की स्थापना की गई थी। होरो जैसे कुछ झारखंड आदिवासी नेताओं ने समझौते का विरोध किया, इसे एक दिखावा बताया और ट्राइबल होमलैंड की मांग पर अड़े रहे। लेकिन अलग झारखंड राज्य का रोडमैप पहले ही तय हो चुका था।

# स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव के संरक्षण के लिये कावंर यात्रा जारी

**स्वर्णरेखा** नदी और स्वर्णरेखा और हरमू नदी के संगम पर स्थित प्राचीन इक्कीसो महादेव के संरक्षण के उद्देश्य से रविवार को करीब 400 कावंरिए हाथों में जागरूकता संदेश की तख्ती के साथ 21 किलोमीटर की पैदल कांवर यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगे। स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल नगड़ी के रानीचुआं से सुबह 7 बजे कांवर यात्रा निकलेगी, कांवरिए कटहल मोड़, अरगोड़ा, क्लब रोड, सिरम टोली होते हुए अपराह्न 3 बजे इक्कीसो महादेव पहुँचकर प्राचीन 21 शिवलिंगों पर जलाभिषेक करेंगे।

ज्ञातव्य है कि विगत कई दिनों से स्वर्णरेखा उत्थान समिति के सदस्य स्वर्णरेखा नदी की सफाई और प्राचीन इक्कीसो महादेव को संरक्षित करने के उद्देश्य से अभियान चला रहे हैं।, सभी पड़ाव स्थलों में पानी, चाय, शरबत, शौचालय और स्नान की व्यवस्था रहेगी।

कांवर यात्रा में कावंरियों की सुविधा के लिए बस और एम्बुलेंस साथ साथ चलेगी, जिन कांवरियों को पैदल चलने में कठिनाई होगी, वो बस का प्रयोग कर सकेंगे।

यात्रा में सम्मिलत होने के लिए प्रातः 6 बजे चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर और पिस्का मोड़ के विश्वनाथ मंदिर से बस मिलेगी। कांवरियों को जलपात्र एवं कांवर स्वयं लेकर आना है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95704-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## रातू : अंजुमन कमेटी का चुनाव आज

**रातू।** प्रखंड अंजुमन कमेटी की त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को होगा। ईदगाह टंगरा स्थित मदरसा नुरुल उल्उम में शांति और निष्पक्ष चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। वोटिंग सुबह 8 से 3 बजे तक होगी। इसमें 36 ग्रामीण कमेटियों के 9 सौ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। 4 बजे वोटों की गिनती होगी। रात तक परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। यह जानकारी प्रमुख सह निवार्ची पदाधिकारी संगीता तिर्की ने शनिवार की शाम यहां दी। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है।

## मारुति मंगल परिवार का मिलन समारोह आज

**रातू।** सामाजिक और धार्मिक संस्था मारुति मंगल परिवार की ओर से रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। बिजुलिया महादेव टंगरा स्थित मंगल भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इसकी शुरूआत 10 बजे होगी। इसमें हजारों सदस्य समेत समाजसेवी, सर्वधर्मप्रेमी एवं पंचायत प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह जानकारी संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष बिक्रम महतो ने शनिवार की शाम दी।

## तमाड़ : एनएच-33 स्थित मोटर पार्ट्स दुकान में चोरी

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के रायडीह गांव के समीप शुक्रवार की रात्री चोरो ने आर के मोटर पार्ट्स दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले के संबंध में दुकान संचालक रामभजन प्रजापति ने बताया की प्रतिदिन की तरह शुक्रवार रात्री सात बजे दुकान बंद कर घर चले गए। शनिवार सुबह जब संचालक ने दुकान खोला तब देखा दुकान के पीछे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और दुकान में सामानों की चोरी हुई है। मोटर पार्ट्स और वर्क शॉप के सामानों को मिलाकर लगभग डेढ़ लाख रुपेया तक की सामानों की चोरी हुई है। संचालक ने अज्ञात लोगो के खिलाफ तमाड़ थाना में मामला दर्ज कराया।

## मृतका के श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग

**सिकिदिरी।** कांग्रेस नेता आमाल खान ने खिजरी विधायक रहेश कच्छप की ओर से भुसुर निवासी जुगडू महतो की पत्नी के श्राद्धकर्म के लिए खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया है। शनिवार को आमाल खान ने मृतका के घर जाकर उनके पति को सामग्री सौंपा। इस मौके पर अमृत महतो उपस्थित थे।

## गाय को बचाने में सेब लदा ट्रक पलटा

**नामकुम।** शनिवार सुबह खरसीदाग ओपी क्षेत्र के भुसूर रिंगरोड पर गाय को बचाने के क्रम में एक सेब लदा ट्रक ओडी15 डब्ल्यू 5975 अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। ओपी प्रभारी सुकदेव कुमार साहा ने बताया कि ट्रक हिमाचल प्रदेश से सेब लेकर उड़ीसा के कटक जा रहा था। शनिवार सुबह लगभग पांच बजे रिंगरोड पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटने से सेब सड़क पर बिखर गये और कुछ देर के लिए आवागमन रुक गया। पुलिस ने सड़क से वाहन हटवा कर आवागमन चालू कराया।

## रोक के बाद भी जारी है अवैध बालू उठाव

**अनगड़ा।** एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बालू की चोरी हो रही है। इससे सरकार को रॉयलिटी मद मे प्रतिदिन लाखों रुपये का चूना लग रहा है। रांची पुरुलिया मार्ग एवं हाह- राहे मार्ग से प्रति दिन रात्री में काफी संख्या में अवैध बालू लदे हाईवा, ट्रक का घड़ल्ले से अवैध परिवहन होता है। इसी क्रम मे वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की रात अनगड़ा पुलिस ने छापामारी कर अवैध बालू लदे पांच हाईवा ट्रक को राहे हाहे मार्ग पर नरायण घाटी से पकडा है। बताया गया कि कुछ बालू लदे हाईवा गोन्दली पोखर विकास मार्ग पर सालहन गांव होते हुए राची और आस पास के इलाके में बिक्री के लिए पहुँचाई जाती है। प्रति हईवा बालू 35 से 40 हजार रुपये में बिक्री की जाती है।

# धारदार हथियार से गला रेतकर युवती की हत्या

- घर में घुसकर युवती की मां के सामने दिया घटना को अंजाम

**प्रेम प्रसंग का मामला, आरोपी गिरफ्तार**



युवती की हत्या के आरोपी को पकड़ कर ले जाती पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के लमकाना गांव में एक युवक ने घर में घुसकर एक युवती का बेरहमी से गला रेत व चाकू मारकर हत्या कर दिया। घटना शनिवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। घटना के बाद आनन फानन में घायल युवती को स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी ग्रामीणों ने बेड़ो थाना पुलिस को दी। इधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोपी की धुनाई किया। साथ ही ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।इधर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटनास्थल से खून से सना चाकू बरामद किया है। इधर इस संदर्भ में थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने कहा कि मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने थाना प्रभारी को बताया कि दोनों के बीच करीब दो ढाई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने इस जूर्म में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। मृतका कुछ दिनों से आरोपी से बातचीत करना बंद कर दिया था। जिससे वह आक्रोशित था। युवती की मां बंधनी उराईन ने बताया कि मेरी बेटी 21 वर्षीय प्रिया कुमारी बाथरूम से वापस आ कर कमरे में जा रही थी। इस दौरान नरकोपी थाना क्षेत्र के कंजगी गांव निवासी 19 वर्षीय शिव उरांव उनके घर में घुस आया। साथ ही उसकी बेटी का गला रेत कर पेट में करीब चार पांच बार चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी।

### परिजनों ने सड़क पर जताया आक्रोश

घटना के विरोध में स्वजनों व ग्रामीणों ने लमकाना के पास एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर उतर कर आक्रोश जताया। इधर घटना के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतका बीए की फाइनल परीक्षा पास करने के बाद पीजी करना चाह रही थी। वह करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो की छात्रा थी। वहीं आरोपी 19 वर्षीय शिव उरांव मारवाड़ी कॉलेज प्लस टू में पढ़ाई कर रहा था। इस संबंध में घायल युवती की मां बंधनी उराईन ने आरोपी युवक के विरुद्ध बेड़ो थाना में एक नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### मारवाड़ी स्कूल के पास से खरीदा था चाकू

घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी ने शुक्रवार की शाम में माड़वाड़ी प्लस टू स्कूल रांची के समीप के दुकान से एक चाकू खरीदा था। इसके बाद शाम में ही बेड़ो के बारीडीह गांव स्थित आदिवासी आवासीय विद्यालय में आकर रात में रुका था। इसके बाद शनिवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह लमकाना गांव पहुंच कर मृतका की मां के सामने घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार मृतका की मां इस घटना की प्रत्यक्षदर्शी हैं। वहीं पुलिस इस मामले में आरोपी युवक से पूछताछ कर मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# केडीएच कांटाघर पर फायरिंग कोयला लिफ्टरों में दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के केडीएच काटा घर के सामने दो बाइक सवार चार अपराधियों ने अंधाधुंध चार राउंड फायरिंग कर चलते बने। बताया जाता है कि अपराधियों ने केडीएच काटा घर के सामने लिफ्टरों के तलाश में आये थे। नही मिलने पर तीन चार लिफ्टरों के नाम पर हवाई फायरिंग कर चलते बने।

जानकरी के अनुसार घटना करीब 11.30 बजे दिन की बताई जा रही है। सीसीएल के केडीएच कांटा घर के पास 2 पल्सर बाइक पर सवार होकर चार अपराधी पुरनाडीह की ओर से पहुंच कर इधर उधर घूमते रहे। (सभी अज्ञात अपराधी हेलमेट पहने हुए थे) कुछ देर के बाद अपराधियों ने कांटा घर के पास एक होटल में जाकर तीन चार कोयला कारोबारी को नाम लेकर खोजने लगे। जब कोयला कारोबारी नहीं मिले तो वहा पर मौजूद लोगो को धमकी देते हुए कहा कि बोल देना बिना मैनेज किये काम नहीं करे नहीं तो अंजाम बुरा होगा। जिसके बाद अपराधियों ने चार राउंड हवाई फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गये। हवाई फायरिंग किए जाने के बाद वहां के सभी कांटा घर पूरी तरह से बंद हो गए। दहशत के कारण वहां मौजूद लोगों की भीड़ इधर-उधर भागने लगी। घटना की सूचना मिलने पर सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम और खलारी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना पुलिस ने घटनास्थल ही दो गोली का खोखा बरामद किया।

वही कांटा घर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर अपराधियों की तलाश में जुट गई है। गोली चलने की घटना की 1 घंटे के बाद पुलिस प्रशासन और सीआईएसएफ की निगरानी में कांटा घर का काम चालू हुआ।

# महिलाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार चला रही है कई योजनाएं : शिल्पी नेहा तिर्की

- मांडर विधायक ने महिला समूहों संग की बैठक



प्रखंड सभागार में महिला समूहों संग बैठक करतीं विधायक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड सभागार में शनिवार स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने महिला समूहों के साथ बैठक की। इस दौरान विधायक ने महिलाओं को सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी देते हुए कहा कई योजनाएं सरकार के द्वारा चलाई जा रही है जिससे महिलाओं को सशक्त किया जा सके और उन्होंने कहा कि गठबंधन के सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं को महिला संगठन की महिलाएं गांव में इसका प्रचार प्रसार करें और वंचित महिलाओं को लाभ दिलाएं। मौके पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा उराव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, बेलास ए सेरोफीना मिंजए सरिता तिग्गा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरना स्थल के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास

प्रखंड अंतर्गत ब्राम्बे ग्राम स्थित सरना स्थल के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास शनिवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित तमाम लोगो को झारखंड सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे मे बतलाया और उसका लाभ लेने को कहा। कार्यक्रम मे विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना और उसे निदान कराने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर प्रखंड अध्यक्षए विधायक प्रतिनिधिए पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की मनरेगा कर्मी और पंचायत सचिवों संग बैठक

**खलारी।** खलारी प्रखंड कार्यालय सभागार में मेरी माटी मेरा देश अभियान की प्रगति पर सभी मनरेगा कर्मियों एवं पंचायत सचिवों के साथ बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग ने किया। बैठक में प्रखंड के 14 हो पंचायतों के पंचायत सेवक व रोजगार सेवक उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ ने चर्चा करते हुए बताया कि मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत चयनित योजनाओं को 15 अगस्त तक सफल कार्यान्वयन पर चर्चा किया गया। अथवा सभी पंचायत प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गये। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, लालमोहन राम, परीक्षित महतो, विश्वरंजन कुमार, रवि रंजन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# रातू : अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

- ब्लॉक रोड में परेशान थे राहगीर, सड़क किनारे थीं दर्जनों दुकानें



पिर्रा में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवाते सीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि और शांति समिति सदस्यों के बढ़ते दबाव के बाद बतौर मजिस्ट्रेट सीओ प्रदीप कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों तथा सशस्त्र व लाठी बल की मौजूदगी में शनिवार को मुख्यालय से काठीटांड़ चौक तक अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलवाया। फल, सब्जी, चाउमीन, अंडा, मुर्गा, होटल व पान गुमटी समेत अनाधिकृत रूप से लगायी गयी दर्जनों दुकानें, मकान के आगे बने शेड और बीच सड़क पर विभाग की ओर से लगे लोहे की बिजली खंभे क्षतिग्रस्त कर दिये गये। इससे अतिक्रमित मार्ग मैदान में तब्दील हो गया। प्रशासन की इस काईवाई से राहगीरों ने न केवल राहत की सांस ली, बल्कि उन्हें जाम से भी निजात मिल गयी है। लोगों ने सीओ और पुलिस अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

### पिर्रा में भी हटा अतिक्रमण

झारखंड हाई से आदेश मिलने के बाद एसडीओ के निर्देश पर सीओ ने अंचल क्षेत्र के मौजा पिर्रा की खाता संख्या 130 व प्लॉट नंबर 381 की सरकारी जमीन पर रामधीर तिवारी की ओर से किये गये अतिक्रमण को भी बलपूर्वक हटा दिया। इससे आरोपी को लाखों की क्षति का अनुमान है। इससे पूर्व श्री तिवारी को नोटिस दी गयी थी।

### अभियान में ये लोग थे शामिल

सीओ प्रदीप कुमार, थानेदार सपन कुमार महथा, सीआई संतोष उरांव, अवर निरीक्षक चमरा मिंज, चंद्रनाथ उरांव, अमरनाथ सोनी, दीनबंधु दुबे, सहायक अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, पीसीआर .29 की टीम, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल अमीन तथा विधि-व्यवस्था की संभावित समस्या से निपटने के लिये तैनात 1 सौ महिला और पुलिस बल के जवान आदि।

# हाथियों ने तोड़ा घर, पलंग के नीचे छिप महिला ने बचायी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुच्चू पंचायत के बदरी टोला भुकभुकिया में दो जंगली हाथियों ने शुक्रवार की रात करीब दस बजे जमकर उत्पात मचाया । हाथियों ने धनीराम बेदिया एवं गोबी बेदिया के घर का दीवार और एसबेस्टर को तोड़ डाला ।हाथियों ने घर में घुसकर धान, चावल, दाल, आलू आदि अनाज को खाकर नष्ट कर दिया है। इस दौरान धनीराम बेदिया की पत्नी कविता देवी अपने चार साल की बेटी के साथ पलंग के नीचे छिप कर अपनी जान बचाई। सूचना पाकर शनिवार को ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया पीड़ित परिवार से मिले और नुकसान का जायजा लिया। उन्होने वन विभाग से पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति का मुआवजा देने की मांग की है। इधर वनरक्षी कृष्ण कुमार महतो के नेतृत्व में बारह सदस्यीय हाथी भगाव दल व ग्रामिणों ने मशाल लेकर हाथी को रामगढ़ क्षेत्र की ओर भगा दिया है। इस मौके पर समाजसेवी सौहरैया बेदिया, जगरण बेदिया, सुकरा बेदिया, पोचा बेदिया, सुमित्रा देवी जितेंद्र बेदिया आदि उपस्थित थे।

# सुभाष मुंडा हत्याकांड : माकपा का सरना मैदान से मशाल जुलूस कल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** माकपा के कॉमरेड सुभाष मुंडा की हत्या पर गम और गुस्से का इजहार लगातार जारी है। पार्टी लोकल कमेटी के सचिव बुधराम उरांव की अगुआई में सोमवार की शाम छह बजे सिमलिया भीठाटोली स्थित सरना मैदान से मशाल जुलूस निकाला जायेगा। इस दौरान अपराधियों को गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिये जाने की मांग की जायेगी। जोरशोर से इसकी तैयारी की जा रही है।

### सरना मैदान में होगा जुटान

श्री उरांव ने बताया कि सरना मैदान में लोगों का जुटान होगा। इसके बाद कॉलेज गेट, जमहरिया, रिंग रोड हीरामणि पेट्रोल पंप होते हुये हाजी चौक और शहीद सुभाष मुंडा चौक दलादिली में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी। उन्होंने पुलिस पर गुनाहगारों को पकड़ने में शिथिलता बरतने का आरोप लगाया और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इसमें सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण हिस्सा लेंगे।

## रैयत विस्थापितों ने सौंपा ज्ञापन

**पिपरवार।** रैयत विस्थापित ट्रक ओनर एसोसिएशन के द्वारा रैयत विस्थापित के ट्रकों को कोल डंप में प्राथमिकता के आधार पर लगाने और माल भाड़ा में वृद्धि के भुगतान किए जाने एवं ट्रक ओनर एसोसिएशन के अन्य मुद्दों से संबंधित रैयत विस्थापित ट्रक ओनर एसोसिएशन के शिष्टमंडल के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया को ज्ञापन सौपा गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि रैयत विस्थापित के ट्रक लगाने, नगद भाड़ा भुगतान से संबंधित मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

## एक नजर में

### बचरा : अमृत सरोवर से मिट्टी का संग्रह



बचरा हाई स्कूल से कलश में उठायी गयी मिट्टी।

**पिपरवार।** आजादी के अमृत सरोवर महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बचरा हाई स्कुल से मिट्टी उठाकर कलश में भरकर टंडवा प्रखंड कार्यालय भेजा गया। मौके पर प्रिसपल महेन्द्र पासवान,मुखिया रीना देवी,पंचायत सचिव नम्रता लकड़ा, वार्ड सदस्य रामनंदन राम,किरण देवी, छात्र छात्राए सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

### आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मिट्टी संग्रह



**कांके।** आजादी का अमृत महोत्सव कांके प्रखंड में भी मनाया जा रहा है। इसके तहत मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान पूरे प्रखंड में चलाया जा रहा है। प्रखंड के 32 पंचायतों के प्रत्येक गांव से घड़ा में भरकर मिट्टी संग्रह किया जा रहा है और उसे प्रखंड कार्यालय में एकत्रित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज कई पंचायतों की मिट्टी का संग्रह किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, मुखिया नीलू, पहान सुमन, प्रताप गांगुली, अख्तर हुसैन, लालचंद सोनी, नेसार अहमद सहित कई थे।

### अगस्त माह में कांके प्रखंड के लाभुकों को राशन मिलने की संभावना कम

**कांके।** प्रखंड के खाद्यान्न राशन लाभुकों को पीडीएस दुकानदारों से अगस्त माह का राशन मिलने की संभावना कम ही है। क्योंकि सरकार और विभाग की लापरवाही के कारण राशन दुकानदारों को खाद्यान्न चावल गेहूं नहीं मिला है। प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने बताया कि दिसंबर माह 2022 का पीएमजीआरकेवाई योजना के राशन को अगस्त माह 2023 में विभाग द्वारा समायोजित कर दिया गया है। जबकि दिसंबर माह 2022 का खाद्यान्न राशन पीएम जी आर के वाई योजना का खाद्यान्न कांके प्रखंड के जनवितरण दुकानदारों को अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि राशन डीलरों के कंप्यूटर डाटा बेस में विभाग की लापरवाही के कारण आवंटन दिखाया जा रहा है। जिस दुकानदार गलत बता रहे हैं। प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने इसके खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### नामकुम : अमृत वाटिका में लगाये गये पौधे

नामकुम। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित मेरी मिटटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को नामकुम प्रखण्ड के बीआरसी प्रांगण में बनायी गयी अमृत वाटिका में दर्जनो पौधे लगाए गए। मौके पर बीडीओ ज्ञानशंकर जयसवाल ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में एक अमृत वाटिका बनायी जाएगी जहां लगभग 75 पौधे लगाए जाऐगें और उनका संरक्षण किया जाएगा। मौके पर जिप सदस्य रामावतार केरकेटटा, मुखिया कामेर्ला कच्छप, उपमुखिया सुजीत सिन्हा, एलीयो रेणु कुमारी, बीपीएम,बीईओ विजयलक्ष्मी, कुमारी रजनीगंधा पंचायत सचिव पूरन महली आदि मौजूद थे।

# जलमीनार निर्माण कार्य में अनियमितता

**आक्रोश : होटलो पंचायत के ग्रामीणों ने बंद कराया निर्माण कार्य**

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के होटलो पंचायत में नल जल योजना के तहत जल मीनार निर्माण कार्य में भारी अनियमिता बरतने के आरोप ग्रामीणों ने किया है। ग्रामीणों ने कार्य में अनिमियता को देखकर कार्य को बंद कराया।ग्रामीणों का आरोप है कि होटलों पंचायत के सिरीडीह गांव में मिनी जल मीनार कार्य में भारी गड़बड़ी की जा रही है। बोरिंग सही तरीके से नही किया जा रहा है। पाईप लाईन बिछाने में भी कोताही बरती जा रही है। टंकी का कार्य में कम गड्ढा खोदा जा रहा है। पीलर फाउण्डेशन गड्ढा में बिना ढलाई से ही पतला छड़ दिया जा रहा है।।कार्य में डुप्लीकेट सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट का मात्रा कम देकर कार्य किया जा रहा है। पाईप लाईनिंग में गड्ढा कम किया जा रहा है। कार्य में पाईप भी पतला दिया जा रहा है।मजदूरों को कम दर पर कार्य कराया जा रहा हैएएवं मजदूरी भुगतान भी बकाया है। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि को कार्य में हो रही अनियमितता के संबंध में शिकायत की। शिकायत मिलते ही जिप सदस्य बादल महतोए प्रमुख लीलमनी देवीए उपप्रमुख उमेश महतोए नल जल प्रभारी प्रकाश सिन्हाएधर्म अहीर आदि गांव पहुंचकर कार्य का जायजा लिया निरीक्षण में भारी अनियमितता पाई गई।कार्यस्थल से ही जनप्रतिनिधियों ने विभागीय पदाधिकारी से फोन पर संपर्क कर कार्य में गुणात्मक सुधार लाने को कहा।कार्य में गुणात्मक सुधार नहीं होने तक काम को बंद कराया गया।इस मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों ने जांच का विषय बताया। इधर इस मामले के संबंध में पीएचडी एसडीओ तेलेस्फोर मिंज ने कहा कि यदि गलत कार्य स्थल पर हो रही हैएतो जांच कर दोषी पर कारवाई होगी।

### मारुति मंगल परिवार का मिलन समारोह आज

**बेड़ो।** रातू प्रखंड के गड़री गुडू गांव स्थित मारुति मंगल भवन में रविवार को मारुति मंगल परिवार का मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में परिवार के हजारों सदस्य व रांची जिला के समाज सेवी सर्वधर्मप्रेमी एवं पंचायत के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। मिलन समारोह में परिवार द्वारा किए जा रहे कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक विचार मंथन किया जाएगा।

# मणिपुर में आदिवासियों के खिलाफ हिंसा पर झामुमो ने की चर्चा



नगड़ी में हुई चर्चा में शामिल झामुमो कार्यकर्ता।

**पिस्का नगड़ी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक शनिवार को नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मणिपुर में आदिवासियों के उपर हो रही हिंसाए क्षेत्र की समस्यायों और बढ़ती महंगाई पर चर्चा की गई।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई। इसके विरोध में नगड़ी में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। क्षेत्र के समस्यायों को लेकर झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल उच्चाधिकारी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शीघ्र मुलाकात करेगा। बढ़ती महंगाई पर चर्चा करते हुए केंद्र सरकार पर इसे नियंत्रित करने की माँग की गई यदि उस पर नियंत्रित नहीं किया गया तो झामुमो केंद्र सरकार के विरोध में आंदोलन करेगी। बैठक में नंद किशोर मेहता, कलाम आजाद, लाल जय कुमार नाथ शाहदेव, दानियल एक्का, बांदे उरांव, सुरेश महतो, वरूण महतो, तसलीम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, राखी देवी, उर्मिला देवी शामिल थे।

# समाज में बेहतर कार्य करने वालों को मिलता है सम्मान

**पुण्यतिथि पर चरकू महतो को दी गयी श्रद्धांजलि**



श्रद्धांजलि देते जिला अध्यक्ष और क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** चरकु महतो चैक मेसरा में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर स्व. चरकु महतो को श्रद्धांजली दी गई। राजेष महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्र के समाजसेवी व प्रभुद्ध जनों ने चैक पर स्थापित नामकरण पत्थर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिप सदस्य सह आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा समाज के लिए बेहतर कार्य करने वालों को समाज भी सम्मान देती है। वहीं वक्ताओं ने स्व. चरकु महतो को याद किए और कहा क्षेत्र में उनकी जमींदार के रूप में पहचान और सभी वर्ग समुदाय के बीच अलग सम्मान था। वह सभी के सुख-दुख में शामिल रहते थें। बताया गया कि क्षेत्र में उनकी प्रसिद्धि के कारण ही 12 अगस्त 1998 को प्रमुख प्रेमचंद महतो द्वारा मेसरा चैक से फुरहुराटोली जाने वाली पथ के चैराहे का नामकरण स्वर्गीय चरकु महतो करते हुए स्मृति चिन्ह के रूप में पत्थरगड़ी की गई थी। उक्त पत्थर जिसपर आज भी स्व० चरकु महतो चैक लिखा हुआ है।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम में मुखिया राहुल मुंडा, संतोष महतो, फेकन लाल महतो, समाजसेवी कमाल खांन, जगत मुंडा, मनेस महतो, डॉ महेश कुमार सिंह, असमुद्दीन उर्फ बबलु खांन, संजय लाल महतो, राजेश महतो, शिवलाल महतो, चंदन महतो सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष बने सलीम



**गुमला।** सेंट्रल अंजुमन कमेटी टोटो का चुनाव शनिवार को हुआ। जिसमें अध्यक्ष मो सलीम खान, सचिव मो फिरोज खान व कोषाध्यक्ष मो खुर्शीद आलम को सर्वसम्मति से चुना गया। चयनित कमेटी का कार्यकाल एक वर्ष निर्धारित किया गया है। चुनाव कार्य चुनाव पदाधिकारी मो जैनुल साहब और कमेटी के सदस्य के देखरेख में हुई। चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी गयी।

### ओबीसी आरक्षण सरकार का स्वागत योग्य कदम

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड के इंडिया गठबंधन सरकार के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें सरकार ने झारखंड के सात जिले लोहरदगा, गुमला, खूंटी, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, दुमका एवं लातेहार जहां जिला स्तरीय नियुक्ति में पिछड़ी जातियों का आरक्षण शून्य था वहां अब ईडब्ल्यूएस के 10% कोटे से आरक्षण का लाभ मिलेगा।

### सर्पदंश से व्यक्ति जख्मी सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के मरदा निवासी उत्तम डुंगडुंग (45) को खेत में घास निकालने के क्रम में एक सांप ने डंस लिया। सर्पदंश के बाद परिजनों ने उसे उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि घायल खेत में घास निकालने का काम कर रहा था। तभी घास में छिपे एक सांप ने उसे डंस लिया।

### मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



**कैरो।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड परिसर में वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत पौधारोपण एवं शिलाफलकम आयोजित किया गया। जिसके तहत प्रकृति से जुड़ी स्लोगन लिखा शिलापट्ट का उद्घाटन बीडीओ पवन कुमार महतो ने किया। कहा कि भारत सरकार प्रत्येक गांव से स्वतंत्रता सेनानी व शहीद पुरुषों की पावन मिट्टी केंद्र सरकार को भेजी जायेगी। मौके पर मुखिया वीरेंद्र महली, विवेक प्रजापति, प्रवीण साहू, किशोर उरांव, गुहा उरांव थे।

### कुआं में डूबने से बहन के घर गये गोकुल की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के तुंजो निवासी बिरसु उरांव (50) की कुएं में डूब कर मौत हो गयी। पुलिस शनिवार शाम 5 बजे शव बरामद कर थाना लायी। मृतक की बहन रंथी देवी ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम बिरसु अपने घर के कुआं के पास बैठा था, जिसे हमने अंतिम बार देखा। उसके बाद नहीं मिला। रात भर दूंढ़ने के बाद भी जब बिरसु नहीं मिला। शनिवार की शाम कुआं में में झागर फेंका गया, तो बिरसु झागर में फंस गया।

### विक्षिप्त महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** थाना क्षेत्र के तेलगांव डैम के समीप करम टोली निवासी विक्षिप्त महिला रोपनी देवी (20) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर गुमला थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला लायी है। बताया जाता है कि महिला तीन दिन पूर्व से ही अपने घर से निकाल कर कहीं चली गई थी। जिसे लेकर परिजन काफी खोजबीन कर रहे थे।

### एसडीओ ने किया स्थल का निरीक्षण



**भंडरा।** प्रखंड में बननेवाले एकलव्य आवासीय विद्यालय के स्थान चयन के लिए एसडीओ अरविंद लाल ने शनिवार को कसपुर लराई टंगरा का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले एसडीओ ने स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। मौके पर जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि भंडरा में पूर्व में एकलव्य आवासीय विद्यालय सोरंदा गांव के समीप बनाया जाना था। पर ग्रामीणों के धार्मिक स्थल को लेकर विवाद होने के बाद स्थल को बदल कर कसपुर के लराए टंगरा का चयन किया गया।

### लुकुइया मोड़ में सड़क दुर्घटना,दो युवक घायल

**चंदवा।** एनएच-75 रांची मेदीनीनगर मुख्य पथ अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुईया मोड के समीप शनिवार की दोपहर बाद बाइक व कार (जेएच 05 एसी 0971) की सीधी टक्कर में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलो को कार सवार ने ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। एक घायल की पहचान रामजीत गंझु पिता ननकु गंझू ग्राम सलगी चांपी लोहरदगा के रूप में हुई है।

### बारियातू प्रखंड में जंगली हाथियों ने मचायी तबाही

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायत साल्वे के बारिखाप व डाढ़ा पंचायत के बचरा गांव में बीते रात हाथियों के झुंड ने उत्पाद मचाते हुए छह घर व पांच एकड़ से भी ज्यादा भूमि पर लगी फसल को बर्बाद किया। हाथियों का झुंड पहले बारिखाप पहुंचा, जहां अलग होकर कुलेश्वर भगत, शिला मसोमात, सोमरी मसोमात, रति उरांव, आदित्य साव व छठु गंझु के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज चट कर दिया।

### हाथी दिवस पर हाथी शेड का उद्घाटन



**बेतला।** हाथी दिवस पर पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बेतला रेंज में एफआरएच के समीप पुराने हाथी शेड के बगल में नये हाथी शेड बनाया गया था। जिसका आज विधिवत पूजा अर्चना कर बेतला वन क्षेत्र पदाधिकारी शंकर पासवान ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान सभी 4 पालतू हाथियों को केला, सेब, ईख समेत कई अन्य तरह के फल खिलाकर दिवस मनाया गया। बेतला रेंजर शंकर पासवान ने कहा कि वन एवं वन्य प्राणियों के बिना मनुष्य के जीवन अधूरा है। पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए वन एवं वन्य जीव की अहम भूमिका होती है। हम सबको मिलकर वन एवं वन्य जीव की संवर्धन एवं सुरक्षित कैसे हो सकें, इसके लिए सबको सहयोग करने की जरूरत है। मौके पर वनपाल संतोष सिंह, प्रभारी वनपाल शशांक शेखर पांडे, वनरक्षी संतोष कुमार, गुलशन सुरीन, देवपाल भगत थे।

# आदिवासियों की भाषा-संस्कृति व रहन सहन ही उनकी पहचान : रोशन बरवा

■ बसिया प्रखंड के दालमादी स्थित संत मारिया उच्च विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया आदिवासी दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बसिया प्रखंड के दालमादी संत मारिया उच्च विद्यालय में शनिवार को धूमधाम से आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव रोशन बरवा और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव रोशन बरवा ने कहा कि आदिवासियों की भाषा संस्कृति रहन सहन ही उनकी पहचान है। आदिवासी समाज सामुदायिकता पर चलने वाला समाज है। एकजुट होकर रहें और अपने जल जंगल जमीन से जुड़कर रहना है। हमारा समाज हमेशा प्रकृति से जुड़कर रहा है और अपने आदिवासी भाषा संस्कृति परंपरा को हमेशा याद रखना चाहिए। अपने भाषा संस्कृति परंपरा को आने वाली पीढ़ी के लिए भी बचा कर रखना होगा। तभी आदिवासियों का अस्तित्व बच पायेगा। आदिवासियों का बोलना ही संगीत है और चलना ही नृत्य है। जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने कहा कि आज आदिवासी पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक दुनिया की ओर जा रही है और अपने आदिवासी परम्परिक वेशभुषा और लोक नृत्य एवं लोकगीत को भूलते जा रहे हैं। जबकि हमें कोशिश करना चाहिए कि किसी भी प्रकार का कोई भी त्यौहार में हमें अपने लोक नृत्य और लोक गीत लोक वेशभूषा में ही रहना चाहिए।



कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते लोग।

# सरकार के प्रतियोगी परीक्षा विधेयक- 2023 के खिलाफ भाजयुमो ने निकाला आक्रोश मार्च

■ सरकार के विज्ञापन के खिलाफ छात्र कोई भी आंदोलन नहीं कर सकते हैं और भविष्य में कभी परीक्षा में भाग नहीं लेंगे ऐसा कानून बनाया गया है : किशलय तिवारी



आक्रोश मार्च में शामिल भाजयुमो कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के लातेहार जिलाध्यक्ष छोटू राजा के नेतृत्व में लातेहार बाजारटांड़ से समाहरणालय तक हेमंत सरकार द्वारा लाया गया काला बिल प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 के खिलाफ युवा आक्रोश मार्च निकाला गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह उपस्थित थे। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने बताया कि तीन अगस्त को विधानसभा में झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक लाया गया है। जो छात्रों के लिए काला कानून साबित होगा। सरकार के विज्ञापन के खिलाफ छात्र कोई भी आंदोलन नहीं कर सकते हैं और भविष्य में कभी परीक्षा में भाग नहीं लेंगे ऐसा कानून बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी इस काले कानून का विरोध करती है यह छात्रों को जेल भेजने के लिए लाया गया है। उनका कैरियर तबाह कर देगा। भ्रष्ट एवं बेईमान अफसर इस घटिया कानून की आड़ में राजनीतिक टूल कीट कि तरह इस्तेमाल होकर बदले की भावना से किसी के घर में घुसेंगे और किसी को भी उठाकर जेल भेज देंगे।

# गोलीबारी से बालूमाथ में उबाल प्रशासन पर उठाये गंभीर सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ/ लातेहार।** इधर राजेन्द्र प्रसाद साहू को गोली मारे जाने की घटना के बाद बालूमाथवासियों में उबाल देखने को मिल रहा है। बालूमाथ के लोग प्रशासनिक विफलता को घटना कारण बता रहे हैं। लोगो ने कहा कि जिले में बड़ पैमाने पर कोयले का कारोबार संचालित होता है। जिस कारण जिले में कई अपराधिक गिरोह व गैंग सक्रिय है। जिसके द्वारा लगातार व्यवसायियों को निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन प्रशासन व्यवसायियों को सुरक्षा देने के साथ अपराधरियों पर नकेल कसने में पुरी तरह से फेल साबित हो रही है। पुलिस प्रशासन का ध्यान कोयले के काले व अवैध कारोबार से पैसो के उगाही पर है। पूर्व में भी बालूमाथ में कई बार कोयला कारोबारियों पर जानलेवा हमला हुआ है। अपराधियों के गोली का शिकार होकर युवा व्यवसायी सह झामुमो के बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष दिलशेर खान अपनी जान भी गंवा चुके हैं।

### 2019 में चतरा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं राजेंद्र



राजेन्द्र साहू लातेहार जिले के जाने माने व्यवसायी हैं, लातेहार जिले के बालूमाथ के साथ-साथ खलारी व पिपरवार में भी उनका कोयला के व्यवसाय चलता था। राजेन्द्र प्रसाद साहू की पहचान भाजपा नेता के साथ-साथ ओबीसी समाज के कद्दावर नेता के रूप में भी की जाती है। उन्होने वर्ष 2019 में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके है तथा पूर्व में लातेहार जिले के जिला परिषद उपाध्यक्ष भी रहे हैं। हर समाज में राजेन्द्र प्रसाद साहू की पैठ थी व लगातार जनता की आवाज बनकर संघर्ष करते थे।

**अमन साहू गैंग के निशाने पर हैं कई व्यवसायी :** जानकारी के अनुसार कुख्यात गैंगेस्टर अमन साहू गैंग के टारगेट में लातेहार, खलारी, पिपरवार समेत कई अन्य स्थानो के कोल व्यवसायियों को टारगेट पर लिया है। बताया जाता है कि सोशल मीडिया के माध्यम से गैंग के द्वारा कोल व्यवसायी रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे, राजेन्द्र साहू, मो मोज्जमील व खलारी के कोल व्यवसायी सह पूर्व जिप सदस्य अब्दुला अंसारी को टारगेट किये जाने की धमकी भी दी थी।

# एसपी के नेतृत्व में ग्रामीणों के बीच सामग्री का वितरण

**सामुदायिक पुलिसिंग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने नेतृत्व में बगड़ू थाना अंतर्गत हिसरी, कोरगो एवं आसपास के गांव में अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों के बीच समुदायिक पुलिसिंग के तहत आवश्यक सामग्रियों का वितरण पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने किया। मौके पर ग्रामीणों ने स्थानीय समस्या के बारे में विस्तार से बताया। जिस पर पुलिस कैप्टन ने जल्द से जल्द इस समस्याओं को दूर करने का विश्वास ग्रामीणों को दिया।

उन्होंने कहा कि लोहरदगा पुलिस आम जनता के मदद के लिए हमेशा तैयार है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के समस्याओं को दूर करना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। एसपी आर रामकुमार ने ग्रामीणों से किसी भी तरह का समस्या होने पर सीधे उनसे मिलने की अपील भी की गई। अभियान के दौरान आस पास के पहाड़ी जंगली क्षेत्र का ड्रोन से सर्वे किया गया। मौके पर समदेस्टा 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभियान दीपक पाण्डेय मौजूद थे।



ग्रामीण बच्चों के साथ एसपी आर रामकुमार व अन्य।

### एक शाम वतन के नाम कार्यक्रम आज

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गुमला ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक शाम वतन के नाम कार्यक्रम पर चित्रांकन प्रतियोगिता 13 अगस्त को पोद्दार धर्मशाला सिसई रोड में रखी है। जिसके लिए प्रवेश शुल्क 50 रुपये निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम की संयोजक श्वेता मंत्री, नमिता अग्रवाल एव पूनम अग्रवाल होंगे। जो भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के इच्छुक हैं, निर्धारित समय पर पोद्दार धर्मशाला पहुंच जायेंगे।

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक आज

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की आवश्यक बैठक पालकोट रोड रौनियर धर्मशाला में 13 अगस्त को होगी। बैठक में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के सातों जिलों के तमाम पदाधिकारी से उपस्थित रहने की अपील की है। ताकि बैठक सफल हो सके। बैठक में अभी तक हुए कार्य की समीक्षा के साथ भविष्य के आंदोलन की रणनीति पर चर्चा होगी। वर्तमान सरकार में जो मांग रखे हैं उसपर विस्तृत चर्चा होगी। यह जानकारी केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू ने दी है।

### बिजली चोरी को लेकर सात पर प्राथमिकी दर्ज

**कैरो /लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के हुदू में बिजली चोरी करने को लेकर सात लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए जुर्माना लगा है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता मोहम्मद जीशान ने टीम गठित कर छापेमारी की। जिसमें पाया कि हुदू के भोजा उरांव के पुत्र महादेव उरांव, बुद्धू उरांव के पुत्र सुखदेव उरांव, स्व चमन महली के पुत्र महावीर महली, सोमा पहान के पुत्र झंकी उरांव, अर्जुन मुंडा के पुत्र दुखन मुंडा, बिसवा उरांव के पुत्र बिधि उरांव व स्व कंदरु तुरी का पुत्र चंद्रो तुरी अवैध रूप से बिजली चोरी करते पकड़े गये। छापेमारी दल में मनरेगा के सहायक अभियंता राजीव कुमार, विद्युत कर्मी मजूल अंसारी, सुनील कुमार क्षत्री सहित कैरो थाना के सशस्त्र बल मौजूद थे।

### उपप्रमुख ने बाइक कांवरिया जत्था किया रवाना



**चंदवा।** अलौदिया ग्राम पंचायत से शनिवार को करीब डेढ़ दर्जन कांवरियों का जत्था बाइक से बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड उप प्रमुख अश्वनी मिश्रा ने उन्हें झंडी दिखाकर बाबा धाम के लिए रवाना किया। इसके पूर्व कांवरियों के जत्थे ने गुलायची बाबा मंदिर व मां उग्रतारा नगर मंदिर में मत्था टेक सुखद यात्रा की कामना की। कहा कि देवघर यात्रा के दौरान वे भगवान शिव से क्षेत्र की खुशहाली व अमन शांति की कामना करेंगे।

# वीर सपूतों को दी गयी श्रद्धांजलि

■ जमीरा पंचायत में बीडीओ, उपप्रमुख, झामुमो जिला उपाध्यक्ष और मुखिया ने किया मेरा मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम की शुरुआत



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शनिवार को मेरा मिट्टी मेरा देश अभियान की शुरुआत हुई। अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत अमृत सरोवर एवं जल स्त्रोतों के आसपास अमृत वाटिका निर्माण के निमित वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत स्वदेशी पौधे भी लगाये गये। अमृत वाटिका में वीरों के त्याग व बलिदान के सूचना के साथ शिला फाल्कम का निर्माण भी कराया गया। इस मौके पर प्रखंड के जमीरा पंचायत में कलश यात्रा निकाल कर मिट्टी संग्रह किया गया। बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा के द्वारा संयुक्त रूप से वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

# झामुमो अल्पसंख्यक जिला सचिव ने जनसंपर्क कर सुनी लोगों की समस्या


खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंख्यक जिला सचिव मंसूर अंसारी एवं पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव ने भंडरा प्रखंड के नगड़ी गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। मौके पर लोगों से पानी बिजली, राशन कार्ड, वृद्धा, विधवा व निशक्तों को पेंशन आदि से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। पूना उरांव के घर से अर्जुन उरांव के घर तक जर्जर सड़क को देख चिंता वयक्त की। साथ ही सड़क दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। मंसूर ने आम लोगों की समस्याओं से भंडरा के बीडीओ को अवगत कराने की भी बात कही। पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव ने ग्रामीणों की समस्या का निदान करने के साथ साथ सरकार द्वारा धरातल पर उतारी गयी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इसका लाभ उठाने की अपील भी की है।

# ई-टिकट दलाली मामले में कैफे का संचालक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** वरीय अधिकारियों के आदेश के आलोक में टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार की अगुवाई में टोरी आरपीएफ की टीम ने शनिवार को रेलवे टिकट दलाली के विरुद्ध अभियान चलाया। अभियान के क्रम में चंदवा बाजार स्थित कई साइबर कैफे में जांच पड़ताल की। सूचना के सत्यापन के क्रम में मिशन स्कूल के सामने स्थित डिजिटल दुकान में छापेमारी के क्रम में अवैध रूप से रेलवे टिकट दलाली का मामला प्रकाश में आया। कार्रवाई के बाद दुकान संचालक गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध कांड संख्या 526/23 में धारा 143 रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे डाल्टनगंज अग्रसारित किया जायेगा।

### भाजपा की बाइक तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे सांसद

**लोहरदगा।** लोहरदगा स्टेशन में आज 13 अगस्त से राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित हुआ है।13 अगस्त को ट्रेन संख्या 12453 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन शाम 6:10 बजे (18:10 बजे) ठहराव होगी। लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12453 /12454 रांची -नई दिल्ली- रांची राजधानी एक्सप्रेस एवं ट्रेन संख्या 20407/20408 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों की ठहराव का अनुमोदन रेल मंत्रालय द्वारा प्रदान कर दिया गया है।

# गुमला थाना का औचक निरीक्षण कर एसपी ने दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिव ने शनिवार को गुमला थाना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में थाना में लंबित कांडों की समीक्षा कर थाना प्रभारी को लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही संचिकाओं को अद्यतन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए थाना की साफ-सफाई के साथ क्षेत्र में सतर्कता बरतने का भी थाना प्रभारी को निर्देश दिया। वहीं निरीक्षण के दौरान थाना भवनों का भी एसपी ने घूम-घूमकर निरीक्षण किया। इस दौरान थाना आये लोगों से भी एसपी ने बात की और उनकी समस्याओं को सुनते हुए हर संभव समाधान का अश्वासन दिया। इस दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार उपस्थित थे।

# अनुशासन में रहकर खिलाड़ी खेल को खेलें: प्रणव ऋतुराज

■ नवयुवक सरना संचालन समिति घाघरा द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट आरंभ

■ उद्घाटन मैच में एकलव्य मॉडल छात्रावास तीन गोल से विजय होकर अगले चक्र में

खबर मन्त्र संवाददता

**घाघरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नवयुवक सरना संचालन समिति घाघरा के द्वारा हाई स्कूल मैदान में आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट शनिवार को आरंभ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन सीओ प्रणव ऋतुराज, थाना के एसआई अभिषेक कुमार, आयोजक समिति अध्यक्ष समीर भगत, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच न्यू स्टार घाघरा बनाम एकलव्य मॉडल छात्रावास घाघरा के बीच खेला गया। जिसमें ट्राई ब्रेकर में एकलव्य मॉडल छात्रावास तीन गोल से जीत हासिल की। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन होने से लोगों में एक नया संचार देखने को मिलता है। अनुशासन में रहकर बच्चे खेल को खेलें। हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ करते अतिथि।

**खास बातें :** कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव सह नवयुवक सरना संचालन समिति के संरक्षक अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि पिछले 35 सालों से नव युवक सरना संचालन समिति फुटबॉल टूर्नामेंट सांस्कृतिक कार्यक्रम करते आ रही है। जिसमें 30 से 35 हजार लोग इस कार्यक्रम में शिरकत करते हैं। थाना के एसआई अभिषेक कुमार ने कहा कि टूर्नामेंट होने से बच्चों में छुपी प्रतिभा सामने निकल कर आयेगी।

# आयुर्वेद-जड़ी बूटियों में मानव शरीर को अद्भुत लाभ पहुंचाने की क्षमता

■ पतंजलि के सहयोग से सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों के बीच योग आयुर्वेद, जड़ी बूटी प्रयोग पर कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के सहयोग से स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों के बीच योग आयुर्वेद, जड़ी बूटी प्रयोग पर कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मौके पर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण भारती ने कहा कि आयुर्वेद, जड़ी बूटियों में मानव शरीर को अद्भुत लाभ पहुंचाने की क्षमता है। गिलोय, आंवला, एलोवेरा, अपराजिता, नीम, भूमि आंवला, अर्जुन, हल्दी, अश्वगंधा आदि अनेक औषधीय गुणों से युक्त प्रकृति की देन हैं जो मनुष्य को स्वस्थ एवं निरोग तथा बलवान बनाती हैं। उन्होंने गिलोय को दमा, अस्थमा, बीपी, शुगर, हड्डी के रोग, पेट के रोग, कमजोरी, खून की कमी, मूत्र रोग, चर्म रोगों सहित अनेक रोगों में चमत्कारिक लाभ एवं निश्चित लाभ पहुंचाने वाला बताया। बच्चों को संबोधित करते हुए श्री भारती ने बताया कि जंक फूड अथवा फास्ट फूड बच्चों के लिए बहुत हानिकारक है।



अतिथियों के साथ बच्चे।

स्पीड न्यूज

## 38 मवेशी लदा कंटेनर जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के नंगवा पुल के समीप शुक्रवार देर रात मवेशी लदे एक कंटेनर को पुलिस ने जब्त किया। कंटेनर से पुलिस ने कुल 38 मवेशी को बरामद किया है। पुलिस ने मौके पर तस्कर मोहम्मद हर्ष उम्र 20 वर्ष पिता वाहिद अली साकिन रामपुर सनाया सुख थाना भोट जिला रामपुर उत्तर प्रदेश, मोहम्मद जकील उम्र 54 वर्ष पिता स्वर्गीय इब्राहिम ग्राम कुरैशी मोहल्ला थाना लोहरदगा जिला लोहरदगा और मोहम्मद कुर्बान अंसारी उम्र 28 वर्ष पिता मोहम्मद अंसारी साकीन राहत नगर थाना लोहरदगा जिला लोहरदगा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बरामद मवेशियों को थाना परिसर में ही रखा गया है।

# धनबाद में दुकान पर दो राउंड फायरिंग

**रंगदारी के लिए फायरिंग गैंगस्टर प्रिंस खान के शूटर ने ली जिम्मेदारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में एक बार फिर गैंग्स ऑफ वासेपुर का शूटर ने जिले के व्यवसायियों को दहशत फैलाने को लेकर फायरिंग की है। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के मटकुरिया रोड स्थित सलूजा मोटर परमिंदर सिंह के दुकान के ऊपर बाइक सवार अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाया और भाग निकले। घटना के बाद बैंक मोड़ पुलिस और डीएसपी लॉ इन ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है। वही पुलिस घटना स्थल से दो खोखा बरामद किया है। वही घटना के कुछ देर बाद ही सोशल मीडिया पर एक पर्ची बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें सलूजा मोटर के ऊपर फायरिंग की जिम्मेदारी ली है वही घटना को लेकर डीएसपी लॉ इन ऑर्डर ने कहा कि घटना का सूचना मिली है जांच की जा रही है। दो गोली का खोखा बरामद किया गया है । वही वायरल पर्ची में गैंगस्टर प्रिंस खान के शूटर मेजर ने घटना की जिम्मेवारी ली है।


फायरिंग के बाद मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल करती पुलिस।

### धनबाद एसएसपी ने की क्राइम मीटिंग

धनबाद। एसएसपी संजीव कुमार ने पुलिस केंद्र में अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के सभी डीएसपी,थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी मौजूद थे। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश के साथ जरूरी हिदायत दी गई। थाना प्रभारियों को अपराध पर नियंत्रण के साथ आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को कहा गया। इसके अलावा जेल से छूटे अपराधियों पर भी कड़ी नजर बनाए रखने को कहा गया। धनबाद एसएसपी ने कहा की पिछले चार साल से जीतने भी अपराध के मामले दर्ज हुए है उनकी जांच पूरी करके सभी थाना प्रभारी को रिपोर्ट सौंपनी है। इनके अलावा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सचेत होकर कार्य करने की हिदायत भी दी गई है। रोड ऐक्सिडेंट में कमी लाने के सवाल पर एसएसपी ने कहा की हॉटस्पॉट चिन्हित कर के विशेष निगरानी रखते हुए कार्य किया जायेगा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी उपाय किये जा रहें है।

### धनबाद एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिस को दिये रेनकोट और छाता

**धनबाद।** शनिवार 12 अगस्त को रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के सौजन्य से ट्रैफिक पुलिस के जवानों एवं महिला पुलिस कर्मियों को 100 रेनकोट एवं छाता मुख्य अतिथि संजीव कुमार वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के द्वारा वितरित किया गया। अमरेश सिंह ने बताया की रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल की कमिटी हर माह अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना अतुल्य योगदान करती है। आज भी अपने ट्रैफिक पुलिस कर्मी जो की दिन-रात, धूप-पानी में निरंतर हमारी सेवा में खड़ी रहती है उनके सेवा भाव को को देखते हुए रोटरी टीम ने सभी के लिए छाता एवं रेनकोट की व्यवस्था कर वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा वितरित कराया ।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश कुमार ट्रैफिक डीएसपी , अमर कुमार पांडेय डीएसपी, अरबिंद कुमार बिन्हा डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, सुनिशा मूर्मु डीएसपी सुमित लकड़ा डीएसपी मौजूद थे। कार्यक्रम में सचिव नितेश बुबना, पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह, कोषाध्यक्ष चेतन तुलस्यान सहित सुनील गोयल , मनोज मोदी , पंकज गोयल ,मनोज गोयल आदि शामिल थे।

एक नजर में

### चौधरी नर्सिंग होम में लगा इएनटी शिविर



**कतरास।** चौधरी नर्सिंग होम कतरास में शनिवार को निशुल्क कनाथ गला रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग एक सौ मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गयी। डॉ विवेक डोकानिया एवं डॉ प्रकाश कुमार ने बताया कि आधुनिक मशीनों से मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गयी: कोलियरी क्षेत्र होने के कारण एलर्जी के ज्यादातर मरीज पाए गए। शिविर को सफल बनाने में डॉ बी एन चौधरी,डॉ धीरज चौधरी, ललित अग्रवाल, पूजा वर्मा, राहुल रजक,नंदनी कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### पेट्रोल पंप लूटकांड के पांच आरोपी गिरफ्तार

**चतरा।** पेट्रोल पंप लूट कांड का पुलिस ने किया खुलासा। घटना में शामिल पांच लुटेरे घटना में प्रयुक्त कट्टा व बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम को कामयाबी मिली है। विगत तीन अगस्त को हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जिया पेट्रोल पंप में अपराधियों ने हथियार के बल पर दिया था लूट की घटना को अंजाम। पेट्रोल पंप कर्मी से लूटी गई ओप्पो कंपनी की एक मोबाइल, कांड में प्रयुक्त दो देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, विभिन्न कंपनियों का पांच मोबाइल फोन, टीवीएस अपाचे व होंडा शाइन बाइक जप्त ली गई है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि अपराधी हंटरगंज थाना क्षेत्र के अलावा बिहार के गया जिला अंतर्गत इमामगंज और सोहेल सलैया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। अभियान में एसआई सुशील टुडु, नितेश कुमार दुबे व एएसआई कृष्णा कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### दो युवकों की निर्मम हत्या से गुस्से का माहौल

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड के दो होनहार युवकों की निर्मम हत्या से गम और गुस्से का माहौल है। उनके पैतृक गांव सबानो में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। दोनों युवक मुकेश और रोहन को हत्यारों ने रांची के मोराबादी मैदान के समीप उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी। जब वे चिरौंदी स्थित अपना वापस घर लौट रहे थे। दोनों अपने माता पिता के बड़े पुत्र थे और परिवार के जीविकोपार्जन के सहारा थे। दोनों युवकों ने कड़ी मेहनत कर परिवार को संभाला था और रांची में जूस का दुकान खोलकर जीविकोपार्जन कर रहे थे। मुकेश एक पुत्री का पिता था जबकि रोहन के दो पुत्र और एक पुत्री है। दोनों रांची में रहकर अपने बच्चों का भविष्य गढ़ रहे थे। किंतु दोनों के जघन्य हत्या से बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है।

## आउटसोर्सिंग कंपनी ने काटी सड़क, ग्रामीणों का विरोध

**कटी सड़क की नहीं हुई है फेंसिंग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**अलकडीहा।** बीसीसीएल लोदना एरिया के अंतर्गत शुश्री आउट सोर्सिंग द्वारा जेलगोड़ा बस्ती से बागदिगी जाने वाली सड़क मार्ग को रातो रात काटे जाने से ग्रामीणों ने विरोध किया। बरारी के रहने वाले मो इस्तियाक ने बताया कि जेलगोड़ा, बरारी, सराफतपुर, जेलगोड़ा 16 नम्बर अन्य क्षेत्रों के लोग इसी रास्ते से बंगडिगी होते हुए जयरामपुर जाते हैं । आउट सोर्सिंग प्रबन्धक द्वारा पुनः रास्ते को रातोरात कटिंग कर दिया गया है। जिस कारण लोगो का आना जाना मुश्किल हो गया है। लोगो ने बताया कि रस्ता काटने के बाद प्रबंधन द्वारा फेंसिंग नही किया गया है जिस कारण कभी भी अप्रिय घटना घट सकता है। मो इस्तियाक ने कहा कि सभी बस्तियों के लोगो के साथ बैठक कर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। वही कोयला चोरो के लिए स्वर्ग बन जायेगा। आउट सोसिग कंपनी से प्रत्येक दिन कई टन कोयला की चोरी होती हैं, कंपनी को रोक लगाने की जरूरत है।

## भूधंसान में बाल-बाल बचा परिवार, 50 फीट हुआ गड्ढा

- घर का एक कमरा जमींदोज, गैस रिसाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** कुसुंडा एरिया 06 के अंतर्गत गोधर 6 न0 रेलवे साइडिंग के पास एक घर मे जोड़दार आवाज के साथ एक घर मे हुआ भूधसान लगबग्ग 50 फिट जमीन दोज हुआ। घर के लोग बाल बाल बचे।घर भूधसान में पीड़िता गुड़िया देवी पति सनोज बिश्वकर्मा ने बताया कि पिछले एक दशक से यहां पर हम लोग घर बना कर रह रहे है।लेकिन आज शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे घर के एक रूम नीचे से पूरा गर्म होते होते एकाएक जमीन दोज हो गया।ओर गैस रिसाव होने लगा।यहां पर हम छह परिवार के लोग लगभग 15 से 20 लोग निवास करते है।बीसीसीएल के द्वारा सर्वे किया गया था। तब बीसीसीएल प्रबधक के द्वारा हम लोगो को जर्जर वाला कैम्प रहने के लिय कहा गया था।मगर हम लोग उसमें इस कारण नही गये की वह जर्जर केम्प कब गिर जायेगा। पता नही पन्द्रह दिन पहले बीसीसीएल के अधिकारियों के द्वारा हवा चणक में गैस रिसाव ओर धसान जैसी धटना घट चुकी है। जिसके कारण हवा चणक को बंद कर दिया जिसका हम यहां के ग्रामीणों के द्वारा बिरोध भी किया गया था कि हवा चणक को बंद नही करे। मगर बीसीसीएल प्रबंधक के द्वारा अश्वासन दिया गया कि इस क्षेत्र में कोई भी धटना धटने से पहले आप लोगो को कही दूसरे स्थान पर बसा दिया जाएगा। मगर ऐसा नही हुआ और आज यह बड़ी दुर्धटना होने से हम लोग बचे नही तो आज क्या होता। धटना के अब तक सात आठ धंटे बीत गये मगर बीसीसीएल प्रन्धक कोई पहल करने तक नही आया। क्या कोई मर जायेगा तब बीसीसीएल प्रबधक ध्यान देगा।


भूधंसान के बाद कमरे में हुआ गड्ढा।

## जंगली हाथियों ने वृद्ध को पटक कर मार डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार इस क्षेत्र में हाथियों की तबाही जारी है। शुक्रवार रात बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर से आए 15 हाथियों के झुंड ने शनिवार सुबह एक वृद्ध को पटक कर मार डाला, वहीं इस घटना से क्षेत्र क लोग दहशत में है। बता दें कि शनिवार सुबह लगभग पांच बजे टाटीझरिया के बेडमक्का अंतर्गत पश्चिमी वन प्रमंडल के धोबिनिया टांड जंगल में हाथियों ने झरपो निवासी रामेश्वर ठाकुर 75 वर्षीय वृद्ध को कुचल कर मार डाला। बताया जा रहा है कि टाटीझरिया प्रखंड के सिमराढाब गाँव में 15 हाथियों शनिवार सुबह 2 बजे पहुंचें। वहां हाथियों के झुंड ने सिमराढाब सरकारी स्कुल का दरवाजा तोडकर एक क्विंटल चावल, 40 किलो आलु खाया और धानेश्वर मांझी,जीवन मांझी, सोना राम मांझी, वंशी मांझी मुतीलाल मांझी के धान का बिछड़ा जो खेत में बोया था चट कर गया। इसके अलावे बेडमक्का के भांजी टोला में हाथियों के झुंड ने प्रयाग महतो, रंजित प्रसाद, बिनोद महतो का घर ध्वस्त कर दिया। प्रयाग महतो का तो पूरा मकान ही ध्वस्त कर दिया है, अब रहने के लिए भी उसके पास जगह नही बचा. वहां से हाथी बेडमक्का के धोबिनिया टांड जंगल पहुंचा जहां फुटका, टेकनस उढाने गया वृद्ध उसकी चपेट में आ गया। बेडमक्का, सिमराढाब, खैरा, नारायणपुर, झरपो, अमनारी, भराजो, टटगांवा समेत आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उन्हें देखने के लिए जंगल में भीड़ रही।

इस घटना के बाद मौके पर टाटीझरिया थाना के एएसआई प्रमोद कुमार, रैंजर सत्येन्द्र कुमार चौधरी, फोरेस्टर विद्या भूषण, वनरक्षी प्रभात कुमार, टाटीझरिया थाना पुलिस, ने दल-बल के साथ पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। खबर लिखे जाने तक हाथियों का झुंड बेडमक्का जंगल में मौजूद है, परिवार को मुआवजे के तौर पर मृतक के पत्नी यशोदा देवी को अभी 25 हजार रुपये का नगद रैंजर सत्येन्द्र कुमार चौधरी ने तत्काल दिया है व वन विभाग से 3 लाख 75 हजार रुपए दिलाने की बात कही है।


मदद करते अधिकारी।

**क्या कहते हैं रेंजर**

रेंजर सतेंद्र कुमार चौधरी ने कहा की शाम तक हाथी भगाने वाली टीम आ जायेगी तब तक मेरा ग्रामीणों से आग्रह के साथ अपील होगा की जंगल तरफ कोई न जाय अपनी जान की सुरक्षा स्वयं करें फुटका डेकनोस उठाने जंगल नही जाए लाइट की व्वास्था की जाएगी।

## गोमो में जदयू की हुई बैठक में शामिल हुए दीप नारायण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** शनिवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत गोमो हरिहरपुर में जदयू पार्टी की एक बैठक जदयू नेता इकबाल अंसारी के अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए दर्जनों युवाओं ने जदयू का सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में शामिल हुआ। इस दौरान हरिहरपुर ग्राम कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मो.इकबाल अंसारी , सचिव तौसीफ अंसारी, उपाध्यक्ष मो फिरोज अंसारी एवं कोषाध्यक्ष मो मिन्हाज अंसारी को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवा एवं ग्राम कमिटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और पंचायत में जदयू पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र - नौजवान, मजदूर-किसान, भाइयों का जुड़ाव जदयू पार्टी से हो रही है। मौके पर जदयू तोपचांची प्रखंड महासचिव कमलेश मंडल, सुजीत कुमार ठाकुर, जदयू तोपचांची प्रखंड कार्यालय प्रभारी प्रकाश नारायण मंडल, फुलचंद दास, ऐनुल अंसारी,मो अकरम,जीतपुर पंचायत अध्यक्ष मो अहमद अंसारी, गोमो द. पंचायत अध्यक्ष मो डब्बू अंसारी, पंकज सिंह, प्रिंस कुमार,मो अजहर मौजूद थे।

## 150 लोगों को प्रदान किया गया कृत्रिम अंग

**बेरमो।** श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समितिए मारवाड़ी युवा मंच और मारवाड़ी सम्मेलन बेरमो शाखा के संयुक्त तत्वाधान में फुसरो स्थित अग्रसेन भवन में निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण तीन दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता ने डेढ़ सौ दिव्यांगों के बीच जिनके हाथ. पैर कटे थे उनको नाप के अनुरूप कृत्रिम अंगएश्रवण यंत्र और वैशाखी जांच के उपरांत निःशुल्क प्रदान किया गया। विधायक कुमार जयमंगल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं है। खास करके दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान करना काफी पुण्य का काम है। इसके लिए श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति काफी सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने हर संभव सहयोग देने की बात भी। विशिष्ट अतिथि कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डी के गुप्ता ने कहा कि श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने तीन दिवसीय शिविर लगाकर काफी सराहनीय कार्य किया है। इसमें जिन लोगों को कृत्रिम अंग प्रदान किया गया है उनके चेहरे की खुशी मानवता की खुशी है। इस अवसर पर बीएमआईएसएस रांची ललित केडिया सचिव नेमी अग्रवालए सलाहकार ओम प्रकाश अग्रवालए दिलीप गोयलए रामावतार कारिवाल और अध्यक्ष सुरेन्द्र खेमका उर्फ चिंटू ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद विकलांगों को अधिक सहायता प्रदान करना है। बताया कि कृत्रिम अंग लगने से दिव्यांग व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। अब तक लगभग 150 व्यक्तियों की मदद की गई हैए जिससे उनके चेहरे नई आशा और खुशी से रोशन हो गए हैं। कार्यक्रम में बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनियाए युवा व्यवसाई संघ के अध्यक्ष आर उनेशए संयोजक विकास अग्रवाल सहित विकास गोयलए पंकज मित्तलए दिलीप खेतानए राजेंद्र अग्रवालए मीनू खेतानए भवानी शंकर अग्रवालए नितिन अग्रवाल आदि शामिल थे।

## किचन का छज्जा गिरा, महिला घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के सेक्टर.3 ए के आवास संख्या 109 निवासी इस्पात कर्मी केसी ठाकुर के क्वार्टर में रसोई का छज्जा टूटकर गिर गया। इस घटना में उनकी पत्नी सुनीता ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गईं। किचन में चाय बनाते समय अचानक पहले से जर्जर किचन का छज्जा भड़भड़ाकर नीचे गिर पड़ा। वह बचते हुए रसोई से बाहर तेजी से निकलने लगींए परंतु मलबे का एक बड़ा सा टुकड़ा सीधे उनके सिर पर आ गिरा। इससे उनका सिर फूट गया। आनन.फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गयाए जहां उनके सिर में पांच टांके लगाए गए। सिर के अलावा उनके कंधों पर भी चोटें आई हैं। आवास धारी ठाकुर का कहना है कि उन्होंने आवास की जर्जर स्थिति को लेकर कंप्लेन भी दर्ज कराया था। एक दिन मेंटेनेंस के कर्मियों ने आकर जायजा भी लिया लेकिन कोई काम नहीं किया गया। बीएसएल के विभिन्न सेक्टरों में छज्जा या सीढ़ी टूटने की घटनाएं हो रही हैं।


रसोई घर का छज्जा गिरने से घायल महिला।

## एक बार फिर खुली खोपड़ी का श्री नारायण अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन

**देवदूत बनकर आया चिकित्सकों का दल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के नावाटोली स्थित श्री नारायणा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों ने खुली खोपड़ी के सफल ऑपरेशन करने में सफतला हासिल की है। मरीज बकोरिया निवासी नागेश्वर साव की माने तो नई दिल्ली एम्स के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन प्रो. (डॉ) पीके नायक, मुंबई की एमएस डॉ प्रीति गोपीनाथ व उनकी टीम देवदूत बनकर सामने आए है। बता दे कि इससे पहले भी श्री नारायणा में सिर में गोली लगने व खून जमे होने का सफल आपरेशन हो चुका है। मरीज राजेश्वर साव बताते है कि 9 अगस्त को वे मनिका बाजार के लिए जा रहे थे। इस दौरान दूसरी ओर से तेज गति से आ रहे एक बाइक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी थी। उसके बाद जब उन्हे होश आया तो वे चिकित्सकों के एक दल से घिरे हुए थे। बताया गया कि टक्कर के बाद बेहोशी के हालत में स्वजन उन्हे रांची ले जा रहे थे। इस बीच उनके पुत्र अपना विवेक नहीं खोया और बगैर किसी को कुछ बोले सीधे डॉ राहुल अग्रवाल के अस्पताल में ले आए। इधर, डॉ राहुल ने कहा कि मरीज की स्थिति काफी गंभीर थी। माथे के एक बड़े हिस्से में खून जम गया था। किसी भी समय कुछ भी हो सकता है। इस बीच डॉ पीके नायक व डॉ प्रीति ने मरीज के स्वजनों का हौसले को कायम रखते हुए तुरंत आपरेशन शुरू किया। अब दो दिनों के बाद आज उन्हे होश आ गया है। अभी डॉ करीम की निगरानी में उनका इजाज चल रहा है।





## हर माह 5 तारीख तक सहायिका के बैंक खाते में जायेगा मानदेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत बैठक में जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो, सीडीपीओ, महिला सुपरवाइजर बैठक में उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत सभी सुयोग्य लाभुकों तक सरकार की जलकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। गर्भवती महिलाओं, बच्चों का सुपोषण, स्वास्थ्य की निगरानी, बालिका शिक्षा, कुपोषण उपचार से जुड़े समाज कल्याण विभागीय योजनाओं का और प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषाहार वितरण, आंगनबाड़ी निर्माण, सेविका/सहायिका मानदेय भुगतान की समीक्षा तथा शौचालय के उपयोग को लेकर जन जागरूकता लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं भाड़े के घर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूची उपायुक्त ने मांगी है।

## पेज 3 का शेष

### एनडीए के प्रत्याशी को...

17 को डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी नामांकन करेंगी। सभी सहयोगी दलों के नेता वहां उनके साथ उपस्थित रहेंगे। **बैठक में ये थे शामिल :** बैठक में मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री हफीजुल हसन, लोकसभा सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, योगेंद्र प्रसाद महतो (राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त) विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, सरफराज अहमद, दीपिका पांडेय सिंह, झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य, झामुमो केंद्रीय सचिव अभिषेक प्रसाद पिंटू, कांग्रेस प्रदेश समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव यश सिन्हा, सीपीआई(एमएल)के प्रदेश सचिव जनार्दन प्रसाद, जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष जलेश्वर महतो, राजद के प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी, कांग्रेस के गिरिडीह जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, बोकारो जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता, झामुमो के गिरिडीह जिलाध्यक्ष संजय सिंह, बोकारो जिलाध्यक्ष हीरा लाल मांझी, राजद के गिरिडीह जिलाध्यक्ष नाथेश्वर ठाकुर, बोकारो जिलाध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव सहित झामुमो, कांग्रेस, राजद, जदयू, सीपीआइ के कई नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

### शुभांशु जैन समेत दो अधिकारी...

**जैन ने सुलझायी थी ट्रिपल मर्डर मिस्ट्री :** झारखंड के जमशेदपुर में 21 जुलाई 2022 को पुलिस लाइन स्थित आवासीय कॉलोनी में तीन लोगों की हत्या कर दी गयी थी मृतकों में सविता महतो उसकी बेटी गीता और मां लखिया मुर्मू शामिल थे। उस समय शुभांशु जैन की पोस्टिंग जमशेदपुर में थी। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर तिहरे हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस कांस्टेबल रामचंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। अवैध संबंध को छिपाने के लिए पुलिस कांस्टेबल ने ही उस हत्याकांड को अंजाम दिया था। जमशेदपुर के बमामाइंस से जुड़े एक रेप और मर्डर केस को सुलझाने के लिए इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा को गृहमंत्री मेडल से नवाजा गया है। **35 पुलिस कर्मियों को पुलिस वीरता पदक :** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात झारखंड कैडर के आइपीएस साकेत कुमार सिंह, हवलदार कैलाश प्रसाद, हवलदार सत्येंद्र नाथ, हवलदार राम जन्म प्रसाद, हवलदार तिल प्रसाद जैसी, एएसआई मनोज कुमार राय, एएसआई सुनील कुमार राय, हवलदार नंदजी यादव, संचमान तमांग, इंस्पेक्टर इम्तियाज अहसन, सूबेदार मेजर देव कुमार राय, एसआई देवनंदन प्रसाद, एसआई रवि रंजन कुमार, एएसआई लालजी तिवारी, मनोज कुमार,रामबली प्रसाद, रंजन कुमार पाठक, भगवान प्रधान, हवलदार गोपाल राम, हवलदार बंधु खड़िया हवलदार अजीत बसरीयार, जय किशोर राम ,एएसआई विपिन रजक, एएसआई रमाकांत उपाध्याय, एएसआई श्याम कुमार,एएसआई श्रीपद कुमार, हवलदार जानिया बिरुवा, हवलदार रमाशंकर यादव, हवलदार जीवन भेंगरा, हवलदार शंकर दयाल मिश्रा, हवलदार चक्कर साहू, मोहम्मद रशीद, आरक्षी मुनीर खान और आरक्षी मनोज कुमार दमई का नाम शामिल हैं।

### पीटीआर में बन रहा हाथियों...

पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक ने बताया कि जेनेटिकल प्रोफाइल से पता चल जायेगा कि हांथियों की ब्रीडिंग क्या है। उन्होंने बताया कि हांथियों की जेनेटिकल प्रोफाइल के बहुत फायदे हैं। एक ही इलाके में ब्रीडिंग होने से वे कमजोर होते हैं। प्रोफाइलिंग से हमें पता चलेगा कि हाथी कितने कमजोर हुए हैं। इसका कॉरीडोर केरला से झारखंड होते हुए नेपाल तक है। इसी में हम जेनेटिकल प्रोफाइल की तैयारी कर रहे हैं।

### आर्थिक अपराधियों पर कार्रवाई...

प्रधानमंत्री ने तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों यानी सूचना साझा करने के जरिये कानून को लागू करने में सहयोग, संपत्ति वसूली तंत्र को मजबूत करने और भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों की ईमानदारी एवं प्रभावशीलता को बढ़ाने के मामले में कार्रवाई उन्मुख उच्चस्तरीय सिद्धांतों का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सुरक्षा एजेंसियों के बीच अनौपचारिक सहयोग पर एक सहमति बनी है जो अपराधियों को सीमा पार करके कानूनी खामियों का फायदा उठाने से रोकेगी। पीएम ने जोर देकर कहा कि जी-20 देशों के सामूहिक प्रयास भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने तथा भ्रष्टाचार के मूल कारणों का समाधान करने वाले मजबूत उपायों के कार्यान्वयन के जरिये एक बड़ा अंतर लाया जा सकता है। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में लेखापरीक्षा से जुड़े संस्थानों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। पीएम ने याद किया कि उन्होंने 2014 में अपने पहले जी-20 शिखर सम्मेलन में सभी जी20 देशों और दक्षिणी दुनिया के देशों के समक्ष भगोड़े आर्थिक अपराधियों की चुनौतियों का उल्लेख किया था। उन्होंने 2018 में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और संपत्ति की वसूली के लिए नौ-सूत्री एजेंडा पेश करने का भी उल्लेख किया और कार्य समूह द्वारा इस दिशा में निर्णायक कदम उठाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

स्पीड न्यूज

### नेपाल में प्रचंड सरकार पर संकट के बादल !

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों की नाराजगी से प्रचंड सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। एक-एक कर घटक दल जिस तरह से सरकार के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी कर रहे हैं वह प्रचंड सरकार के लिए खतरे की घंटी है। सरकार को समर्थन दे रही सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोईराला ने कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं को एक के बाद एक करके जिस तरह से टार्गेट किया जा रहा है उससे यह गठबंधन अधिक दिनों तक नहीं टिक सकता।

### भारत को टमाटर निर्यात करेगा नेपाल

**काठमांडू।** नेपाल दीर्घकालिक आधार पर भारत को बड़ी मात्रा में टमाटर निर्यात करने के लिए तैयार है, लेकिन उसने इसके लिए बाजार तक आसान पहुंच और अन्य जरूरी सुविधाओं की मांग की है। भारत में टमाटर की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए इस तरह के उपायों पर विचार किया जा रहा है।

### पुणे में जल्द चलेंगी स्काईवॉक बसें

**मुंबई।** केंद्रीय परिवहन और सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि पुणे में जल्द स्काईवॉक बसें चलाई जाएंगी। इस योजना पर सरकार काम कर रही है। इससे पुणे शहर को ट्रैफिक जाम से राहत मिल सकेगी। गडकरी ने पुणे में नए चांदनी चौक फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, अजित पवार, संरक्षक मंत्री चंद्रकांत पाटिल और अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

### सुकमा में इनामी महिला नक्सली ने किया सरेंडर

**सुकमा।** नक्सलियों के पी एल जी ए बटालियन की सक्रिय आठ लाख की इनामी महिला नक्सली ने शनिवार को सुकमा पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया। महिला नक्सली , संगठन में 17 वर्ष से सक्रिय थी। जो सुकमा और बीजापुर जिले के कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रही है। माड़वी मल्ले उर्फ गंगी पर शासन द्वारा 08 लाख आठ लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

### असम में नकली नोट व प्रिंटिंग मशीन जब्त

**गुहावाटी।** असम पुलिस ने गुवाहाटी में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोखरा इलाके में शुक्रवार रात एक अभियान के दौरान पुलिस ने नकली नोट छापने वाली मशीन जब्त की। पुलिस को कम से कम 8 लाख रुपये के नकली नोट भी बरामद हुए। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बारपेटा जिले के मूल निवासी मन्नान मल्लिक के रूप में की गई है।

### कर्नाटक में गुंडा एक्ट के तहत गोरक्षक गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में गौवंश को मारने वाले लोगों और मवेशी ट्रांसपोर्टरों से पैसे वसूलने के आरोप में एक गोरक्षक पर कठोर कर्नाटक गुंडा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया तथा बाद में केंद्रीय अपराध शाखा ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि हासन जिले के मूल निवासी पुनीथ केरेहल्ली पर शुक्रवार देर रात मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार किया।

### नूंह में मुठभेड़ के बाद मवेशी तस्कर धराया

**नूंह ।** हरियाणा के नूंह जिले में महू गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद एक संदिग्ध पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए संदिग्ध तस्कर की पहचान तौफीक के तौर पर की गई है और पुलिस ने उसके वाहन से 21 गायें बरामद की हैं।

# अगले पांच साल में तीन लाख बनेंगे नये पैक्स

## अमित शाह ने गुजरात के कंडला में विश्व का पहला नैनो डीएपी प्लांट का किया शिलान्यास

एजेंसी

**गांधीधाम।** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधीधाम-कंडला में इफको के 350 करोड़ रुपए के खर्च से तैयार विश्व के पहले नैनो डीएपी (तरल) प्लांट का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सहकारी क्षेत्र के बड़ी संख्या में मौजूद किसानों के बीच केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश में सहकारिता के जरिए किसानों को समृद्ध करने के निश्चय के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्राकृतिक खेती को प्रमुखता देकर नई हरित क्रांति शुरू हुई है। वहीं, पैक्स के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 5 साल में 3 लाख नए पैक्स (प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसायटी) बनाना तय किया गया है। इफको परिसर में नैनो डीएपी (तरल) प्लांट का शिलान्यास करने के बाद केन्द्रीय मंत्री ने किसानों से कहा कि पीएम मोदी ने सहकारिता मंत्रालय बनाने के बाद देश के किसानों को समृद्ध बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसमें आज इफको भी इस प्लांट के जरिए जुड़ गया है। इफको के नया तरल खाद कई तरह से किसानों और खेती के लिए फायदेमंद साबित होगा। इससे जहां धरती माता सुरक्षित होंगी, जमीन में केमिकल और जहर नहीं मिलेगा, किसानों के समक्ष आज जमीन को उपजाऊ बनाए रखने की चुनौती है, इससे उन्हें मुक्ति मिलेगी। उन्होंने न केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में नैनो उर्वरकों के उत्पादन की इफको की पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्राकृतिक कृषि को प्रमुखता देने के साथ ही देश में नई हरित क्रांति के बीज बोए गए हैं। देशभर के वैज्ञानिकों, कृषि वैज्ञानिकों के प्रयास, किसानों की मेहनत और प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण आज भारत अनाज के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है।

▶▶ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में दूसरी हरित क्रांति का बीजारोपण**



### 350 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा प्लांट

मंत्री ने 350 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इफको प्लांट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अगले एक साल में तीन चरणों में उत्पादन इकाई शुरू की जाएगी। यह इकाई प्रतिदिन 500 एमएल की दो लाख बोतलों का उत्पादन करेगी। प्रति वर्ष छह करोड़ नैनो डीएपी बोतलों के उत्पादन से छह करोड़ डीएपी बैग उर्वरक के आयात पर रोक लगेगी और सरकार द्वारा उर्वरक पर दी जाने वाली 10,000 करोड़ की सब्सिडी का बोझ कम होगा। इस सब्सिडी से प्राप्त रकम का उपयोग किसानों के लिए किया जाएगा।

# पाकिस्तान के कार्यवाहक पीएम बने अनवर उल हक



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव की ओर एक कदम और आगे बढ़ते हुए कार्यवाहक प्रधानमंत्री का नाम तय कर दिया गया है। बलूचिस्तानी नेता अनवर उल हक ककर को पाकिस्तान कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाया गया है। निवर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज की संस्तुति पर राष्ट्रपति डॉ.आरिफ अल्वी ने ककर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान में चल रहे सियासी घमासान के बीच इस वर्ष के अंत तक आम चुनाव होने हैं। आम चुनाव तक देश की कमान कार्यवाहक प्रधानमंत्री के हाथ में रहती है। इसके लिए निवर्तमान प्रधानमंत्री और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता मिल कर नाम का चयन कर राष्ट्रपति के पास भेजते हैं। शनिवार को निवर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज ने राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी को बलूचिस्तान से आने वाले सीनेटर अनवर उल हक को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाने की संस्तुति भेज दी। इसी आधार पर राष्ट्रपति ने अनवर उल हक ककर को पाकिस्तान का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया।

## प्रधानमंत्री ने समाज सुधारक संत रविदास की मंदिर का किया शिलान्यास, कहा

# आदिवासियों-दलितों को अब मिल रहा उचित हक

एजेंसी

**सागर (मप्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आदिवासियों, दलितों और ओबीसी को इस सरकार के शासन काल में उनका उचित हक मिल रहा है जबकि पिछले शासकों ने इन वर्गों की अनदेखी की और उन्हें बस चुनाव के दौरान याद किया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछली सरकारें गरीबों को पानी देने में विफल रही जबकि दलित बस्तियों, पिछड़े इलाकों, आदिवासी क्षेत्रों को उनकी सरकार में जलजीवन मिशन के तहत नल से जल मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश में सागर जिले के धना में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उससे पहले उन्होंने भक्त कवि एवं समाज सुधारक संत रविदास को समर्पित 100 करोड़ रुपये के मंदिर-सह-स्मारक की आधारशिला रखी।

▶▶ **पिछली सरकारों ने इन वर्गों की अनदेखी की और उन्हें केवल चुनाव में किया याद**

मोदी ने राज्य के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार की मौजूदगी में बडतूमा गांव में भूमि पूजन किया और आधारशिला रखी। उन्होंने संत रविदास की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर माथा टेका। प्रधानमंत्री ने इस समारोह में स्मारक-सह-मंदिर के लघु मॉडल का भी निरीक्षण किया

### 100 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा मंदिर

अधिकारियों के मुताबिक समाज सुधारक संत रविदास को समर्पित यह मंदिर-सह-स्मारक 11 एकड़ भूमि में फैला होगा। 100 करोड़ रुपये लागत आयेगी। यह संरचना संत रविदास की शिक्षाओं को प्रदर्शित करेगी और इसमें एक संग्रहालय, कला वीथिका और अन्य सुविधाओं के अलावा भक्तों के लिए आवासीय सुविधाएं भी होंगी।



मप्र के सागर में समाज सुधारक संत रविदास के मंदिर शिलान्यास के दौरान पूजा करते प्रधानमंत्री मोदी।

### प्रसिद्ध तबला वादक भागवत का निधन

**वाराणसी।** प्रख्यात तबला वादक और बनारस घराने की शान पुंडलिक कृष्ण भागवत का शनिवार को हृदयाघात से निधन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही संगीत जगत में शोक की लहर दौड़ गई। लोग बड़ी संख्या में उनके आवास पर शोक जताने पहुंचे। संगीत एवं मंच कला संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वरिष्ठ तबला वादक पुंडलिक कृष्ण भागवत ने शुक्रवार शाम प्रख्यात तबला वादक पुंडलिक रामरंग संगीत समारोह में पूरे तीन घंटे तक अपनी प्रस्तुति भी दी थी। पं पुंडलिक भागवत निजी स्कूल सहित सिडबी एवं स्पिक मैके की पांच दिवसीय कार्यशाला में बच्चों को तबला वादन भी सिखा रहे थे।

# अफगानिस्तान से हो रही आतंकी संगठनों को हथियारों की आपूर्ति

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अफगानिस्तान से कई आतंकी संगठनों को हथियारों की आपूर्ति हो रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि तालिबान और तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान जैसे अल-कायदा से जुड़े समूह आईएसआईएल-के तकनाटो-कैलिबर हथियार पहुंचा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने 2021 में तालिबान के अधिग्रहण के बाद अफगानिस्तान के भीतर और पड़ोसी देशों में सैन्य उपकरणों के प्रसार पर चिंता व्यक्त की है।

अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव की 17वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश अफगानिस्तान, मध्य पूर्व और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार, विशेष रूप से हथियारों की पहुंच को लेकर चिंतित हैं। आईएसआईएल (दाएश) के क्षेत्रीय सहयोगियों ने छोटे हथियारों और हल्के हथियारों के साथ-साथ मानव रहित विमान प्रणालियों और तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों को उस तक पहुंचाने में वृद्धि की है। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन-कैलिबर हथियार जो आमतौर पर पूर्व अफगान राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा बलों से जुड़े होते हैं, उन हथियारों को तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान, ईस्टर्न तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, टीआईपी जैसे तालिबान और अल-कायदा से जुड़े समूहों द्वारा आईएसआईएल-के में स्थानांतरित किया जा रहा है।

**तालिबान और तहरीक-ए तालिबान पाक जैसे अल-कायदा से जुड़े समूह आइएसआइएल-के तक नाटो-कैलिबर हथियार पहुंचा रहे हैं : संयुक्त राष्ट्र**

रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएसआईएल-के को अफगानिस्तान और व्यापक क्षेत्र में सबसे गंभीर आतंकवादी खतरा माना है। आईएसआईएल-के ने अफगानिस्तान के अंदर अपनी परिचालन क्षमताओं में वृद्धि की है, जिसमें लड़ाकों और परिवार के सदस्यों की संख्या 4,000 से 6,000 होने का अनुमान है।

### केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित हुए 140 पुलिसकर्मी

**नयी दिल्ली।** जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक के वास्ते 140 पुलिस अधिकारियों का चयन किया गया है, जिनमें सीबीआई के 15, एनआईए के 12 और उत्तर प्रदेश पुलिस के 10 अधिकारी शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। पदक से सम्मानित होने वालों में 22 महिला अधिकारी हैं। यह पदक 2018 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य अपराध की जांच के उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देना और जांच में उत्कृष्टता को मान्यता देना है।

इसकी घोषणा हर साल 12 अगस्त को की जाती है। जांच में उत्कृष्टता को लेकर 2023 के केंद्रीय गृह मंत्री पदक के लिए 140 पुलिस कर्मियों को चुना गया है, जिनमें सीबीआई के 15, एनआईए के 12, उत्तर प्रदेश के 10, केरल और राजस्थान के नौ-नौ, तमिलनाडु के आठ, मध्य प्रदेश के सात और गुजरात के छह कर्मी शामिल हैं। बाकी अधिकारी अन्य राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संगठनों से हैं।

# इंग्लैंड में आग उगल रहा पुजारा का बल्ला

## काउंटी कप में एक और शतक जड़ा, ससेक्स ने समरसेट को हराया

एजेंसी

**टांटन।** चेतेश्वर पुजारा का इंग्लैंड काउंटी में शानदार प्रदर्शन जारी है जिन्होंने लिस्ट ए के तीन मैचों में दूसरा शतक जड़कर ससेक्स को एकदिवसीय कप मैच में समरसेट पर चार विकेट की आसान जीत दिलाने में मदद की।पुजारा ने 113 गेंद में 11 चौके जड़ित नाबाद 117 रन की पारी खेली जिससे शुक्रवार को ससेक्स ने 11 गेंद रहते 319 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि पुजारा के शतक से ससेक्स के ग्रुप तालिका में स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ जिसमें वह ग्रुप बी में नौ टीमों में निचले स्थान पर बरकरार है। यह ससेक्स की इस साल की प्रतियोगिता में पहली जीत थी। पुजारा भारत के लिए अंतिम बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में खेले थे लेकिन इसके बाद वेस्टइंडीज दौरे के लिए उन्हें टीम में जगह नहीं दी गयी। वह ससेक्स के लिए पिछले दो काउंटी सत्र के ज्यादातर हिस्से में सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे जिसमें उन्होंने प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए मैच दोनों में रन जुटाये थे। बल्कि वह दलीप ट्राफी में पश्चिम क्षेत्र के लिए खेलने के बाद ससेक्स के बचे हुए सत्र में क्लब से जुड़े। पुजारा का लिस्ट ए के 121 मैचों में 58.48 का शानदार औसत है और शुक्रवार को 50 ओवर के प्रारूप में यह उनका 16वां शतक था। समरसेट ने एंड्रयू उम्मीद (119 रन) और कर्टिस कैम्फर (101 रन) ने 163 रन की साझेदारी से 50 ओवर में छह विकेट पर 318 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी ससेक्स के लिए पुजारा ने टॉम अलसोप (60 रन) के साथ 88 रन की भागीदारी निभायी। फिर कुछ और संक्षिप्त साझेदारियों से ससेक्स ने आराम से लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच से पहले पुजारा ने ससेक्स के लिए 23, नाबाद 106 और 56 रन की पारियां खेलीं।



### कोहली ने अपनी कमाई की खबरों का किया खंडन

नयी दिल्ली। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को सोशल मीडिया पर छा रही उन खबरों का खंडन किया जिसमें दावा किया कि उन्हें इंस्टाग्राम के जरिये प्रत्येक प्रायोजित पोस्ट के लिए 11.4 करोड़ रुपये की अकल्पनीय कमाई हुई। इंस्टाग्राम के शेड्यूलिंग टूल होपर एचक्यू में टैग इंस्टाग्राम रिच लिस्ट 2023 की खबर के अनुसार कोहली की मेटा मंच पर प्रत्येक पोस्ट की कमाई 11 करोड़ रुपए से ऊपर की है जिसे पूर्व भारतीय कप्तान ने गलत ठहराया।

### शेकर के गोल से ईस्ट बंगाल ने मोहन बागान को हराया

**कोलकाता।** अनुभवी नंदकुमार शेकर ने अपने फुटबॉल करियर का सबसे अहम गोल किया जिससे ईस्ट बंगाल ने चिर-प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान के खिलाफ को शनिवार को 1658 दिनों के बाद 1-0 से जीत दर्ज की। डूरंड कप में कोलकाता डर्बी के इस मैच का इकलौता गोल 60वें मिनट में हुआ। ईस्ट बंगाल की इस जीत ने ग्रुप ए से नॉकआउट चरण के क्वालीफिकेशन को रोमांचक बना दिया है। मोहन बागान के नाम तीन मैचों में छह अंक है जबकि ईस्ट बंगाल के दो मैचों में चार अंक है। करीब 50,000 दर्शकों की मौजूदगी में ओडिशा एफसी के पूर्व मिडफील्डर शेकर ने दाहिने फ्लैंक से शाऊल क्रेस्पो की मदद का फायदा उठाते हुए मोहन बागान के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अनिरुद्ध थापा को चतुराई से छकाने के बाद गोलकीपर विशाल कैथ को चकमा देकर गोल किया।

27 साल के खिलाड़ी की गोल से ईस्ट बंगाल ने आईएसएल चैंपियन मोहन बागान का चार साल और छह महीने से अधिक समय तक चला दबदबा खत्म किया।

# 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल

**मुंबई।** सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर गदर 2 शुक्रवार को रिलीज हो गई। रिलीज के पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कमाई की है। फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। यह 2001 की फिल्म गदरः एक प्रेम कथा का सीक्वल है। जानकारी के मुताबिक, 'गदर 2' ने प्रदर्शन के पहले दिन 40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

फिल्म की एडवांस बुकिंग को दर्शकों का जोरदार रिस्पॉन्स मिला था। एडवांस बुकिंग में 20 लाख टिकटें बिकीं। उम्मीद है कि यह 'पठान' के बाद साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर होगी। बॉलीवुड के दबंग सलमान खान ने भी गदर 2' की पहले दिन की कमाई को लेकर एक पोस्ट शेयर किया और फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। सलमान ने पोस्ट में लिखा है- 'ढाई किलो का एक हाथ 40 करोड़ की ओपनिंग के बराबर है। सनी पाजी अद्भुत हैं। गदर 2 की पूरी टीम को बधाई। फिल्म गदर 2' में सनी देओल और अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर, लव सिन्हा, गौरव चोपड़ा, मीर सरवर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। जबकि रोहित चौधरी और मनीष वाधवा ने फिल्म में विलेन का किरदार निभाया है।



### पवन सिंह का गाना 'भोला जी के टोला' रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी संगीत जगत में अपनी गायकी से सबों के दिलोदिमाग पर राज करने वाले स्टार पवन सिंह का नया सावन स्पेशल गाना भोला जी के टोला ने रिलीज के साथ धमाल मचा दिया है। गाने में पवन सिंह भगवान शिव के दर पर जाने की अपील करते नजर आए हैं, जो श्रद्धालुओं को बेहद पसंद भी आ रहा है। यह गाना जानी-मानी म्यूजिक कंपनी टी-सीरीज हमारभोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को महज कुछ ही समय में लाखों के व्यूज मिल चुके हैं और अब यह तेजी से वायरल हो रहा है। पवन सिंह जब भी कोई नया गाना और फिल्म लेकर आते हैं, उनके फैंस टूट पड़ते हैं और उनके प्रोजेक्ट को खूब इन्जॉय करते हैं। यही वजह है कि जब उनका गाना भोला जी के टोला रिलीज हुआ, इस गाने को भी लोगों ने खूब पसंद किया। कहा जा रहा है कि यह गाना भी रिकार्ड बनाएगा। पवन सिंह ने कहा कि यह गाना भगवान शिव के भक्तों के लिए निःस्वार्थ भाव से बनाया है। उन्होंने कहा कि सावन एक विशेष महीना होता है। भोले बाबा के लिए गीत गुनगुना मुझे अच्छा लगता है। इसलिए हर साल मैं एक से बढ़ कर एक गाना लेकर आता हूँ और आगे भी आता रहूँगा।



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# स्वतंत्रता आंदोलन में झारखंड की भूमिका



मृत्युंजय प्रसाद



75 साल पहले भारत ने खुद को उपनिवेशवादी देश की जगह, मुक्त और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में कई कदम उठाये। इस परिवर्तन के लिए प्रत्येक नागरिक को किसी न किसी तरह से बड़ा जोखिम उठाना पड़ा। आज, आजादी के 75 साल बाद, हम उस कड़ी मेहनत और बलिदान का लाभ उठा रहे हैं। मेरा और कांग्रेस पार्टी का यह मानना है कि चूंकि प्रत्येक भारतीय ने जोखिम उठाया है इसलिए उसका पुरस्कार भी सभी को मिलना चाहिए। हर भारतीय का यह अधिकार है कि उसे समान पहुंच, अवसर और स्वतंत्रता मिले चाहे, उसका कोई भी पंथ, जाति या जनजाति हो। हमारे लोगों और हमारी संस्कृतियों की अद्भुत विविधता ही भारत को विलक्षण और मजबूत बनाती है। हमें इस विविधता की रक्षा करने और इसकी चमक बरकरार रखने की जरूरत है।

इसे हासिल करने के लिए, हमें प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। हमारे देश के आदिवासियों को चंद गिने-चुने लोगों की सनक और चाहतों को पूरा करने के लिये किसी भी तरह के नुकसान, बेदखली, विस्थापन के डर के बिना स्वतंत्र रूप से रहने का अधिकार है। सरकार की भूमिका इन अधिकारों की रक्षा करने और अपने परिवार एवं समुदाय के लिए और अधिक अधिकार हासिल करने की इनकी राह को आसान बनाने की है।

आदिवासियों को उचित और विशेष प्रतिनिधित्व प्रदान करने की जिम्मेदारी सरकारी तंत्र की है। हमारा मानना है कि अनुसूचित जाति विभाग के अलावा लक्षित जनजातीय मामलों के विभाग की स्थापना की जरूरत है-जिसका एकमात्र उद्देश्य आदिवासी हितों की रक्षा करना होगा। ऐसे विभाग के माध्यम से हमें उनकी जमीन की सुरक्षा के उपायों को लागू करने और यह सुनिश्चित की जरुरत है कि अन्य इच्छुक हितधारकों द्वारा इसका दुरुपयोग नहीं किया जाये। जिन मामलों में खनन के लिए जंगल की जमीन लेना जरूरी है, उसके लिये हमें ऐसा तंत्र बनाना चाहिए जो आदिवासियों को भी विकास में हितधारक बनाए।

मेरा मानना है कि हमें इन समुदायों से काफी कुछ सीखना चाहिए। हमारे देश के आदिवासी हमारे महान प्राकृतिक संसाधनों में से एक -हमारे जंगलों को - किसी अन्य की तुलना में कहीं बेहतर ढंग से समझते हैं। उन्होंने हमारे जंगलों में जीवन बिताया है और उससे सीखा है जबकि, बाकी दुनिया ने अभी-अभी यह महसूस करना शुरू किया है कि प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण तरीके से कैसे रहना है। इन समुदायों को खुद को बनाए रखने और प्रगति करने के लिए संसाधनों की आवश्यकता होती है, इन्हें प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए और न ही कमतर आंकना चाहिए।

हमारा दृढ़ विश्वास है कि वन अधिकार अधिनियम को अक्षरशः लागू किया जाना आवश्यक है। यह कानून पिछले वन कानूनों के कारण हुए अन्याय को सुधारते हुए पारंपरिक रूप से जंगल में रहने वाले समुदायों को कानूनी मान्यता प्रदान करता है। यह इन समुदायों को वन और वन्यजीव संरक्षण के बारे में अपनी बात कहने का अवसर प्रदान करता है और स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करता है कि जंगल में रहने वाली अनुसूचित जनजाति किस तरह बनती है। जमीन और जमीन से जुड़े अधिकार प्रदान करने के लिए यह काफी महत्वपूर्ण है। इस कानून के तहत, यदि जनजाति के पास जमीन का मालिकाना हक साबित करने के लिये जरुरी दस्तावेज नहीं हों, तो भी वे जब तक स्वयं खेती करते रहेंगे, 4 हेक्टेयर जमीन तक उनकी पहुंच रहेगी। विरासत के मामलों को छोड़कर जमीन किसी को भी बेची या स्थानांतरित नहीं की जा सकती। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस कानून में समुदाय को वन भूमि की रक्षा और संरक्षण का अधिकार दिया गया है। वन माफिया, उद्योग और जमीन हड़पने वालों के खतरों से जंगल और वन्यजीवन की रक्षा करने वाले हजारों ग्रामीण समुदायों के लिए यह महत्वपूर्ण है।

देश के संविधान के सम्मान में, हमारा मानना है कि सभी नागरिकों से बराबरी का व्यवहार किया जाना आवश्यक है। हमें आदिवासियों, खास तौर पर आदिवासी युवाओं को विकास योजनाओं, कौशल निर्माण कार्यशालाओं को बढ़ावा देकर तथा ज्ञान साझा करने वाले मंचों तक उनकी पहुंच कायम करते हुए सशक्त बनाना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें भी वैसे ही समान अवसर और पहुंच मिले, जो बहुसंख्य भारतीयों को प्राप्त हैं।

इस देश के प्रत्येक नागरिक को अपने सपने साकार करने के लिये पूरी आजादी से जीने का अधिकार है। हम ऐसे राष्ट्र हैं, जो तब तक पूरी तरह स्वतंत्र होने का दावा नहीं कर सकते, जब तक केवल चंद लोगों को नहीं, लगभग सभी को नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सशक्त नहीं बना देते।

हमारे देश के बेहद वंचित लोगों के लिये यह बात विशेष रूप से सही है। अगर हम अपने सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करने और उनको सशक्त बनाने में असमर्थ हैं, तो क्या हम वास्तव में न्यायसंगत और बराबरी वाला समाज होने का दावा कर सकते हैं, जो सभी को सफल होने का अवसर प्रदान करता है?

# आजाद भारत की सबसे बड़ा सामाजिक आंदोलन



सोनाली भट्टाचार्या

सामाजिक आंदोलनों की कल्पना आम तौर पर सामूहिक व्यवहार की अभिव्यक्ति के रूप में की जाती है। वे अक्सर संगठित समूह प्रयासों के परिणाम होते हैं जिनका उद्देश्य मौजूदा सामाजिक संरचना में कुछ सुधार करना या क्रांतिकारी गतिविधियों के माध्यम से एक नया निर्माण करना होता है। यथास्थिति में ऐसे परिवर्तनों के प्रतिरोध के लिए वे प्रति-समूह गतिविधि का रूप भी धारण कर सकते हैं। इस अर्थ में, रॉबर्ट डी. बेनफोर्ड सामाजिकआंदोलनों को किसी समाज या समूह में परिवर्तन को बढ़ावा देने या विरोध करने के सामूहिक प्रयासों के रूप में परिभाषित करते हैं ।

अपने उद्देश्यों के आधार पर, सामाजिक आंदोलन पैमाने और प्रकृति में भिन्न होते हैं। यदि किसी सामाजिक आंदोलन के उद्देश्य का पूरे समाज पर कुछ प्रभाव पड़ता है तो यह निश्चित रूप से उस आंदोलन की तुलना में बड़ा पैमाने प्राप्त कर लेता है, जिसके कुछ विशिष्ट उद्देश्य समाज के किसी विशिष्ट समूह या खंड से संबंधित होते हैं। किसी भी आन्दोलन का उद्देश्य, आन्दोलन जातीय होता है।

जैसा कि हम सभी जानते हैं, झारखंड क्षेत्र असंख्य आदिवासी समुदायों का घर है। ये आदिवासी अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक विशेषताओं के साथ एक जातीय समूह से हमारे तात्पर्य के बहुत करीब आते हैं। आंदोलन में ये आदिवासी निस्संदेह एक बड़ी ताकत माने जाते हैं। इसके कारण, आंदोलन को अक्सर आदिवासी आंदोलन, इसलिए जातीय कहा जाता है। लेकिन यह तर्क का केवल एक पक्ष है।

सबसे पहले, आदिवासी समुदायों पर जातीय स्थिति का थोपना जनजाति शब्द से आता है जो एक औपनिवेशिक निर्माण है जिसका उद्देश्य उन स्वदेशी समुदायों को हीनता की भावना व्यक्त करना है जिन्होंने शुरूआत से ही भारत में औपनिवेशिक अतिक्रमण का विरोध करने की कोशिश की थी। केएस सिंह के शब्दों में, अलगाव से पैदा हुई संवेदनशीलता और सामाजिक नियंत्रण के अपेक्षाकृत अक्षुण्ण तंत्र के साथ जनजातीय समुदायों ने किसी भी अन्य प्रशासनिक मंजूरी की तुलना में अधिक बार और कहीं अधिक हिंसक रूप से विद्रोह किया।दूसरे, हालांकि इस आंदोलन में आदिवासी बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन गैर-आदिवासी भी



इसमें मौजूद हैं. इसलिए इसे जातीय आंदोलन की संज्ञा देना गलत है।अंततः, आंदोलन के लंबे इतिहास के दौरान इसके उद्देश्य बदल गए। समय बीतने के साथ, आंदोलन ने धीरे-धीरे काफी परिपक्वता हासिल कर ली, जिसे इसके उद्देश्यों से प्रकट किया जा सकता है क्योंकि इसने झारखंड समाज के विभिन्न वर्गों की आकांक्षाओं को कवर किया। हालाँकि, सामाजिक आंदोलनों के विश्लेषण के लिए, इस बहस का कोई गंभीर निहितार्थ नहीं है, क्योंकि सामाजिक आंदोलन नैतिक रूप से समाज में व्यापक स्थान रखते हैं। किसी सामाजिक आंदोलन को केवल उसके कुछ आयामों के आधार पर चित्रित करने का कोई मतलब नहीं है। वस्तुतः, किसी भी समाज की सभी सामाजिक संस्थाएँ उसके लंबे इतिहास में सक्रिय या निष्क्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाती हैं।

जातीयता जो किसी भी समाज की सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा आकार लेती है, इसलिए, किसी सामाजिक आंदोलन के जीवन इतिहास में कुछ चरणों में महत्व रख सकती है। झारखंड आंदोलन का इतिहास भारत में ब्रिटिश शासन की शुरूआत से खोजा जाना चाहिए। यह किसी भी तरह से उपनिवेशवादी नहीं हैं जो झारखंड के मूल आदिवासी समुदायों को अपने अधीन करने वाले पहले व्यक्ति थे। वास्तव में, यह ब्रिटिश-पूर्व काल में हुआ था जब इस क्षेत्र के स्वतंत्र देशी राज्यों को मुगल साम्राज्य की सहायक नदियों में परिवर्तित कर दिया गया था।

इससे क्षेत्र के आर्थिक महत्व में काफी वृद्धि हुई। बदलती अर्थव्यवस्था की माँगों से निपटने के लिए देशी राज्यों को कृषि अधिशेष उत्पादन की आवश्यकता थी और इसके लिए उन्होंने मैदानी इलाकों से लोगों को आमंत्रित किया जो अपनी बेहतर कृषि तकनीक के साथ ऐसा कर सकते थे। उत्पादन के कृषि संबंधों में परिवर्तन के माध्यम से आर्थिक क्षेत्र और क्षेत्र के बाहर के लोगों के आगमन के माध्यम से सांस्कृतिक क्षेत्र को प्रभावित करके मुगल शासन ने अपनी सभी पूर्व स्थितियों के साथ ग्रामीण वर्ग संघर्ष के लिए जमीन तैयार की। ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने इस स्थिति का बहुत उत्कृष्ट उपयोग किया और कुछ और आयाम जोड़े। 1793 में स्थायी निपटान विनियमन अधिनियम के अधिनियमन के माध्यम से, इसने भूमि में निजी संपत्ति की अवधारणा पेश की, जो भारतीय इतिहास में अज्ञात थी। इसके परिणामस्वरूप अधिकांश पूर्ववर्ती आदिवासी राजा सरदार जमींदारों या जमींदारों में परिवर्तित हो गए और आम किसान भूदास या रैयत में परिवर्तित हो गए। मुगल बादशाहों को नाममात्र चंदा देने के बजाय, ब्रिटिश शासन ने भू-राजस्व का भुगतान एक बाध्यता बना दिया। राजस्व संग्रहण का उत्तरदायित्व जमींदारों को सौंपा गया।

इसका बोझ किसानों के लिए बहुत बड़ा साबित हुआ और उनमें से बड़ी संख्या में भूमिहीन मजदूर बनने के लिए अपनी जमीन बेचने के लिए मजबूर हुए। साहूकारों, शराब विक्रेताओं और क्षेत्र के बाहर के अन्य लोगों ने इस स्थिति का फायदा उठाया। अतः अनुपस्थित जमींदारों का एक नया वर्ग भी निर्मित हो गया। स्थानीय राजाओं या सरदारों को कमजोर करके ब्रिटिश शासन ने भारतीय इतिहास में पहली बार इस क्षेत्र को अपने समान प्रशासनिक नेटवर्क के तहत लाने की कोशिश की। इस क्षेत्र के लोगों को एकछत्र शासन का ऐसा कोई अनुभव नहीं था।

इससे उनके राजनीतिक संगठन को गहरा झटका लगा, जो अनुबंध के बजाय प्रथा द्वारा अधिक शासित होता था। यहां भूमि प्रश्न पर कुछ अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र के आदिवासियों ने खुद को उस भूमि का स्वाभाविक मालिक माना, जिसे उन्होंने व्यापक श्रम से पुनः प्राप्त किया है। उनके रीति-रिवाज में श्रमिक, भूमि और जंगल को केवल उत्पादन के साधन के रूप में नहीं देखा जाता था; बल्कि, वे सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से, भूमि और जंगल से जुड़े हुए थे। वास्तव में, भूमि वह प्राथमिक माध्यम थी जिसके माध्यम से, उनके विचार में, वे अपने पूर्वजों से जुड़े हुए थे। इसलिए, वे ब्रिटिश कृषि नीतियों द्वारा बनाए गए भूमि और जंगल से अपने अलगाव को बर्दाशत नहीं कर सके। इसलिए, ये उन्हें भारतीय इतिहास में पहली बार प्रतिरोध आंदोलन के क्षेत्र में ले आए।

# दूसरे चरण की आजादी की लड़ाई में तख्त ही हिला दी

**के मिंज**

झारखंड में भी, भारत के कई अन्य आदिवासी-बसे हुए क्षेत्रों की तरह, उन्होंने इसे अपने अधीन कर लिया और इसे समेकित करने का प्रयास किया। के.एस.सिंह के शब्दों में, उन्होंने आदिवासी किसानों को आत्म-सम्मान की एक नई भावना दी और उनके लिए एक अलग पहचान बनाने की कोशिश की। हालाँकि 1832-33 का गंगा नारायण विद्रोह पहले चरण का अंतिम बड़ा विद्रोह था, लेकिन संयुक्त विद्रोह का नतीजा अगले दशक के मध्य तक जारी रहा। इस अवधि में ब्रिटिश सत्ता को अपने सुचारू प्रशासनिक कामकाज के लिए छोटानागपुर को कलकत्ता प्रेसीडेंसी से अलग करने की आवश्यकता महसूस हुई। इसके लिए साउथ वेस्ट फ्रंटियर एजेंसी (एसडब्ल्यूएफए) की स्थापना की गई और कैप्टन विल्किंसन इसके पहले प्रशासनिक एजेंट बने। इस अलगाव ने छोटानागपुर क्षेत्र के निवासियों की जातीय पहचान के विकास में भी योगदान दिया। प्रथम चरण के सभी विद्रोहों की यह प्रमुख उपलब्धि थी। इसलिए यह 1845 था, वह वर्ष जब इस क्षेत्र में ईसाई धर्म की शुरूआत हुई, जिसे दूसरे चरण का प्रारंभिक बिंदु माना जाना चाहिए।

**प्रमुख विद्रोह इस प्रकार हैं:**

**संथाल विद्रोह** (1855)

**सिपाही विद्रोह** (1857)

**सरदारो आंदोलन या मुलकुई लाराई** (1858-1895)

**खेरवार आंदोलन** (1874)

**बिरसा मुंडा आंदोलन** (1895-1900)

**टाना भगत आंदोलन** (1914-19)।

. आंदोलन के दूसरे चरण में ईसाई धर्म ने भी झारखंड के स्वदेशी समुदायों की पहचान बनाने की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई। उन्नीसवीं सदी के मध्य में इस क्षेत्र में ईसाई धर्म का प्रवेश हुआ। दुनिया के कुछ अन्य हिस्सों के विपरीत, भारत में ईसाई धर्म कभी भी कृषि संस्था नहीं बन पाया।बल्कि, भारत में ईसाई धर्म का मुख्य मिशन स्वदेशी समुदायों के बीच ब्रिटिश शासन के लिए एक समर्थन आधार तैयार करना था। इसे प्राप्त करने के लिए उन्होंने प्रचलित अंदरूनी-बाहरी विरोधाभास का सफलतापूर्वक उपयोग किया, जो भारतीय समाज के सामाजिक-सांस्कृतिक ढांचे में मौजूद था।

इन सभी विद्रोहों में जातीयताओं ने प्रमुख भूमिका निभाई, हालाँकि हम झारखंड आंदोलन की ऐतिहासिकता में शोषणकारी ब्रिटिश कृषि नीति से उत्पन्न जनता के सामान्य असंतोष की उपेक्षा नहीं कर सकते। लेकिन हम बहुत हद तक निश्चितता के साथ कह सकते हैं कि ये सभी जातीय सामाजिक-राजनीतिक संरचना के उत्पाद थे जहां आर्थिक असमानता के सवाल को जातीयता के चश्मे से देखा जाता था। ये सभी विद्रोह आदिवासी-गैर आदिवासी विभाजन पर केंद्रित थे। आदिवासियों ने अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए, जो उनके विचार में गैर-आदिवासियों द्वारा खतरे में डाल दी गई थी, अक्सर स्वयं के माध्यम से आत्मनिर्णय के रूप में इसका राजनीतिक समाधान मांगा। -नियम। यह संथाल विद्रोह, खेरवार आंदोलन और बिरसा मुंडा आंदोलन में सबसे प्रमुख है।

पहले दो में, संथालों ने भारी भाग लिया और संथाल राज स्थापित करने की कोशिश की, जबकि बिरसा मुंडा आंदोलन बिरसा मुंडा के नेतृत्व में मुंडा राज के लिए चला गया। प्रतिस्पर्धी समूहों की जातीय पहचान को आकार देने में धर्म भी बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ। संथाल विद्रोह के अलावा अन्य सभी विद्रोहों में धर्म एक प्रमुख मुद्दा बन गया;यदि कुछ अन्य आयाम हों तो यह संघर्ष अक्सर अधिक हिंसक हो जाता है। इसमें नस्ल, वर्ग, क्षेत्र, जातीयता आदि को जोड़ा जाता है। झारखंड आंदोलन के मामले में, यह इसके दूसरे चरण में हुआ जहां संघर्ष, जो पहले चरण में पहले से ही मौजूद थे, ने कुछ अन्य आयाम ग्रहण कर लिए, सबसे प्रमुख रूप से, जातीयता।

# आजादी की लड़ाई में भूमिका



**रितू लकड़ा**

झारखंड आंदोलन, जैसा कि हम आज जानते हैं, निश्चित रूप से इस क्षेत्र के स्वदेशी समुदायों के इन पहले विद्रोहों में इसकी विरासत है। इसलिए, झारखंड आंदोलन औपनिवेशिक कृषि नीति के खिलाफ कृषि आंदोलनों के सामने आने के माध्यम से शुरू हुआ।

इसके बाद इसे अपनी वर्तमान स्थिति तक पहुंचने में लंबा समय लगा। विश्लेषणात्मक उद्देश्य के लिए हम इसे चार स्पष्ट चरणों में विभाजित कर सकते हैं जो सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिदृश्य के संबंध में आंदोलन के अंतर्निहित रुझानों का भी संकेत देते हैं, जिसके माध्यम से यह गुजरा और आज भी गुजर रहा हैः

कृषि संघर्ष का चरण (1765-184)समेकन का चरण (1845-1920)भ्रम का चरण (1920-1970)सामाजिक आंदोलन के उन्नयन का चरण (1970 से आगे)

कृषि आंदोलन का चरण (1765-1845)एल्विन जॉनसन के शब्दों में, सच्चे कृषि आंदोलन तब घटित होते हैं जब शहरी हितों ने, वास्तव में, या प्रतीत होता है, महत्वपूर्ण ग्रामीण हितों पर अतिक्रमण कर लिया है। इसलिए जब भी ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी प्रवेश होता है तो कृषि आंदोलन होते हैं। यह शहरी मूल्यों के प्रभाव के माध्यम से हो सकता है, (उदाहरण के लिए, परस्पर निर्भरता, व्यक्तिवाद, आदि) या ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर भूमि के अधिग्रहण, भूमि राजस्व, भूमि के अधिरोपण के माध्यम से।

झारखण्ड आन्दोलन की ऐतिहासिकता कर इत्यादि। इसलिए, किसी भी कृषि आंदोलन में संस्कृति और अर्थव्यवस्था दोनों ही केंद्र में होते हैं। झारखंड आंदोलन के इस चरण में, सभी विद्रोह, विशेषकर बाद के विद्रोह, कृषि आंदोलन के साक्ष्य थे।

इस चरण के प्रमुख किसान विद्रोहों का विवरण नीचे दिया गया हैः प्रथम चुआर विद्रोह (1767)

धालभूम विद्रोह (1769-1774)तिलका माझी युद्ध (178(ल्र-1785)पहाड़िया विद्रोह (1788-1791)

प्रथम ताम्र विद्रोह (1795)

दूसरा चुआर विद्रोह (1798-99)नायेक हंगामा(180-1826)

दूसरा तामार विद्रोह (18201)कोल विद्रोह (1831-32)गंगा नारायण आंदोलन (1832-33)

इन विद्रोहों का वर्णन इस स्तर पर अनावश्यक लगता है। यहां जो महत्वपूर्ण है वह इन विद्रोहों की अंतर्निहित प्रवृत्ति में एक विश्लेषणात्मक अंतर्दृष्टि होना है। बंगाल, बिहार और उड़ीसा की दीवानी

मिलने के बाद वर्ष 1765 में झारखंड क्षेत्र में अंग्रेजों का अतिक्रमण शुरू हुआ।

अपने प्रारंभिक चरण में, औपनिवेशिक प्रशासक मूल रूप से इस क्षेत्र से भू-राजस्व एकत्र करने में रुचि रखते थे, जो अपने भारी पहाड़ी और वन क्षेत्र के कारण काफी दुर्गम था। इसके अलावा, ब्रिटिश प्रशासकों को एक और कठिनाई का सामना करना पड़ा और वह स्वदेशी समुदायों के रवैये से संबंधित थी जिन्होंने भूमि राजस्व का भुगतान करने से इनकार कर दिया था। इसलिए भू-राजस्व का भुगतान और वह भी अनिवार्य तरीके से, इस चरण के विद्रोहों के पीछे मूल कारण था, विशेषकर 1793 से पहले के विद्रोहों के पीछे, जिस वर्ष स्थायी बंदोबस्त विनियमन अधिनियम लागू किया गया था।

चूँकि इन सभी में केवल भूमि का प्रश्न ही प्रमुखता से आया इसलिए हम यह नहीं कह सकते कि कृषि आन्दोलन की सभी पूर्व परिस्थितियाँ वहाँ मौजूद थीं। यहां हमारे पास ग्रामीण वर्ग संघर्ष और कृषि आंदोलनों के सार का मिश्रण है। स्थायी बंदोबस्त विनियमन अधिनियम बनाया गया। चूँकि इन सभी में केवल भूमि का प्रश्न ही प्रमुखता से आया इसलिए हम यह नहीं कह सकते कि कृषि आन्दोलन की सभी पूर्व परिस्थितियाँ वहाँ मौजूद थीं।

# आंदोलन के डर से अंग्रेजों ने कई प्रशासनिक बदलाव किये

**प्रशांत झा**

**1793** के स्थायी बंदोबस्त अधिनियम ने कुछ प्रशासनिक परिवर्तन लाए जिन्होंने इस क्षेत्र के आदिवासी समुदायों के पारंपरिक रीति-रिवाजों को सीधे तौर पर कमजोर कर दिया।

सबसे पहले, कृषकों द्वारा अपने मुखियाओं को भू-राजस्व का भुगतान परंपरागत रूप से निर्देशित किया जाता था, लेकिन स्थायी निपटान अधिनियम ने अचानक प्रथा के स्थान पर अनुबंध को प्रतिस्थापित करने का प्रयास किया, जैसा कि डब्ल्यूडब्ल्यू हंटर ने तर्क दिया था।

दूसरे, इस क्षेत्र की कानून और व्यवस्था स्थानीय मुखियाओं की कमान के तहत घाटवालों या उनके जैसे लोगों द्वारा बनाए रखी जाती थी, जिन्हें लोगों के रीति-रिवाजों और स्थानीय संस्कृतियों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी होती थी। इन पाइकों को उनके प्रमुखों द्वारा प्रदान की गई सेवा के लिए भूमि के उपहार प्राप्त होते थे। लेकिन स्थायी बंदोबस्त अधिनियम ने इन जमीनों को भी इसके दायरे में ला दिया। स्वाभाविक रूप से, पाइक्स को इस परिवर्तन का खामियाजा भुगतना पड़ा और वे विद्रोही हो गए। ब्रिटिश प्रशासन ने पाइक्स को उनके कर्तव्यों से बेदखल कर दिया और सरकार ने कानून व्यवस्था अपने हाथ में ले ली। स्थानीय लोगों ने इसे अपनी पारंपरिक प्रशासन प्रणाली के लिए खतरा माना।

तीसरा, सख्त राजस्व निर्धारण के कारण, अधिकांश स्थानीय मुखियाओं पर भारी बकाया पाया गया और राजस्व शेष को पूरा करने के लिए उनकी संपत्ति की नीलामी की गई। स्वदेशी समुदायों का अपने प्रमुखों के साथ पारंपरिक जैविक संबंध था और वे उस व्यवस्था को सहन नहीं कर सके जो अंततः उनके विलुप्त होने का कारण बनी।

अंत में, और सबसे महत्वपूर्ण बात, स्थानीय मुखियाओं की बकाया संपत्तियों की नीलामी की गई और ज्यादातर मामलों में, उन्हें बाहरी लोगों द्वारा खरीदा गया, ज्यादातर गैर-आदिवासी जमींदारों द्वारा। यह आदिवासियों द्वारा सहन किया जाने वाला अंतिम हमला था। उन्होंने इस क्षेत्र में गैर-आदिवासियों के प्रवेश को उनकी सांस्कृतिक विशिष्टता को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाला माना।

इसलिए, 1793 के स्थायी बंदोबस्त अधिनियम ने किसानों को आर्थिक रूप से हाशिए पर धकेल दिया और उन्हें सांस्कृतिक अलगाव की स्थिति की ओर भी धकेल दिया। स्वायत्त ग्राम समुदाय पर केंद्रित स्वदेशी लोगों के पारंपरिक आर्थिक और राजनीतिक संगठनों को कमजोर कर दिया गया। इस क्षेत्र में बाहरी लोगों का प्रवेश काफी हद तक शहरी अतिक्रमण से जुड़ा हुआ था जिसका प्रभाव वहां के स्वदेशी समुदायों के जीवन पर पड़ा। इसके परिणामस्वरूप मूल्य संघर्ष हुआ और इन समुदायों की सामूहिक पहचान का अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा विघटन के संकट का सामना कर रहा था। इस प्रकार, 793 के बाद के विद्रोह, अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक विशिष्टता की रक्षा के लिए स्वदेशी आदिवासी समुदायों के विरोध की आवाजें थीं।

1798-99 का दूसरा चुआर विद्रोह, बाद में 1831-32 का कोल विद्रोह और 1832-33 का गंगा नारायण विद्रोह ने इस प्रवृत्ति को सबसे प्रमुखता से दर्शार्या।

इन सभी में आदिवासी समुदायों विशेषकर जंगल महल और छोटानागपुर के निकटवर्ती इलाकों के भूमिज, झारखंड आंदोलन की ऐतिहासिकता 119 पठारी क्षेत्र ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भूमि और भू-राजस्व के प्रश्न आर्थिक रूप से निश्चित रूप से थे, लेकिन विद्रोह अधिक से अधिक ऑटोचथॉन की संस्कृति और रीति-रिवाजों की रक्षा के लिए निर्देशित थे, जो एक विदेशी शासन के हमले के कारण डूबने के कगार पर थे।इन विद्रोहों की भयावहता इस हद तक पहुँच गई कि ईटी डाल्टन को बड़ी निराशा के साथ लिखना पड़ाः मुझे नहीं लगता कि भूमिज जंगल महल में से किसी का भी समझौता बिना लड़ाई के हुआ था।

इसलिए, इन सभी विद्रोहों, विशेषकर 1793 के बाद के विद्रोहों को कृषि संघर्ष के रूप में नामित किया जा सकता है।

(लेखक ब्रदर्स एकेडमी रांची से जुड़ें हैं।)